e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 84
गुरुवार
27.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

समझदार व्यक्ति अपनी समझदारी की वजह से चुप हो जाता है, और मुर्ख को लगता है की मेरे डर की वजह से चुप हो गया है!

**रोजा का समय**

इफ्तार (27.03.25) : शाम 6.04 बजे

सेहरी (28.03.25) : सुबह 4.23 बजे




## क्विक न्यूज

### महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने सहकर्मी प्रोफेसर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**नई दिल्ली :** जामिया मिल्लिया इस्लामिया की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने सहकर्मी प्रोफेसर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित प्रोफेसर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित प्रोफेसर मोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ एक महिला सहयोगी ने दुष्कर्म की शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों मई 2024 से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपित मोहित ने अलग अलग जगह दुष्कर्म किया।

### राजस्थान हाई कोर्ट को मिले चार नए जज

**जोधपुर :** राजस्थान हाईकोर्ट को नए साल में दूसरी बार नए जज मिले हैं, इनमें जोधपुर से तीन और जयपुर से एक अधिवक्ता के नाम का नोटिफिकेशन बुधवार को जारी हुआ। केंद्र सरकार के जाइंट सेक्रेटरी जगन्नाथ श्रीनिवासन के हस्ताक्षर से जारी गजट नोटिफिकेशन में जयपुर से आनंद शर्मा और जोधपुर से सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित तथा संदीप शाह के नाम शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि सात मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने सात नाम की सिफारिश की थी। इससे पहले इसी वर्ष तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की गई थी।

### मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित, 51 ने किया रक्तदान

**धर्मशाला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन चरान स्थित कांग्रेस कार्यालय में किया गया। इस मौके पर धर्मशाला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद सदस्य चौधरी हरभजन सिंह ने कहा कि रक्तदान को यूं ही महादान नहीं कहा गया है। यह रक्त पीड़ित मानवता के काम आएगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को जन्मदिवस पर इससे बड़ा तोहफा और कोई नहीं हो सकता है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व मेयर और धर्मशाला से प्रत्याशी रहे देवेंद्र जग्गी की उपस्थिति में धर्मशाला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद सदस्य चौधरी हरभजन सिंह ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में युवाओं ने खूब जोश दिखाया। कुछ ही समय में युवाओं ने 51 यूनिट जुटा दिया।

### भाजपा ने पंजाब बजट को बताया विफलताओं का खाली डिब्बा

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने पंजाब विधानसभा में बुधवार को पेश भगवंत मान सरकार के बजट को विफल वादों का खाली डिब्बा बताया।चुघ ने नई दिल्ली में पंजाब बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता से खारिज होकर भी आम आदमी पार्टी ने कोई सबक नहीं सीखा। उन्होंने पूछा कि 37 महीने से ज्यादा हो चुके हैं, पंजाब की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह देने के वादे का क्या हुआ? किसानों को एमएसपी टॉप-अप का आश्वासन दिया था, वह वादा कहां गया? तीन साल पहले किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था, वो भी पूरी तरह से गायब है। क्या आम आदमी पार्टी पंजाब के किसानों के साथ जानबूझकर विश्वासघात कर रही है?

### छत्तीसगढ़ बनेगा टेक्सटाइल हब

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख उद्योगपति मनोज अग्रवाल, जो पुनीत क्रिएशंस के प्रमुख हैं, ने राज्य में निवेश का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बुधवार को मुलाकात कर छत्तीसगढ़ को टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की।मनोज अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में श्रमशक्ति (लेबर) और अनुकूल औद्योगिक माहौल की वजह से टेक्सटाइल उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच किया स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

# स्मार्टफोन एक सहयोगी की तरह : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने सेविकाओं से कहा**

- आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों में डिजिटाइजेशन से कार्यों में सहूलियत के साथ आएगी गति
- राज्य सरकार द्वारा प्रदत स्मार्टफोन का इस्तेमाल सरकार द्वारा बताए गए एप्प के जरिए ही कार्यों में करें
- स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से सदुपयोग करें। लोक लुभावन एवं प्रलोभन वाले संदेशों से बचें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज तकनीक का जमाना है। तकनीकें भी हर दिन तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि महिलाओं एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में सहूलियत के साथ तेजी आ सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड मंत्रालय में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क कर्मियों के बीच स्मार्टफोन वितरण हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### विवरणी एवं रिपोर्ट तैयार करने में आसानी के साथ हो सकेगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर हाथ में स्मार्ट फोन है। स्मार्ट फोन आपके साथ चौबीसों घंटे रहने वाले एक सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। यह आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों को आसान बना रहा है। ऐसे में स्मार्ट फोन के बिना एक कदम भी आगे बढ़ना आसान नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं,पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्थ डेस्क कर्मियों को स्मार्टफोन दिया जा रहा है। ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से निभा सके। इससे आप आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित गतिविधियों तथा कार्यों से संबंधित हर दिन की विवरणी और रिपोर्ट को आसानी से तैयार करने के साथ सुरक्षित भी रख सकेंगे। इसके जरिए आपके द्वारा किए गए कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक, सामाजिक सुरक्षा श्रीमती किरण कुमार पासी समेत कई अधिकारी तथा आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं पर्यवेक्षिकाएं मौजूद थीं।

### स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से सदुपयोग करें

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं से कहा कि आपको जो स्मार्टफोन दिया जा रहा है, उसका इस्तेमाल सरकार द्वारा बताए गए एप्प के जरिए सरकारी कार्यों में करें। अपने मोबाइल फोन में एप्प डाउनलोड करने में सावधानी बरतें। लोक- लुभावन तथा प्रलोभन वाले संदेशों के झांसे में ना आएं। इसमें थोड़ी सी भी चूक और लापरवाही बरती तो आपको आर्थिक नुकसान के साथ कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है , ऐसे में अपने स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से सदुपयोग करें।

### स्मार्टफोन के भी सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्मार्टफोन की वजह से पूरी दुनिया मुट्ठी में कैद सी हो गयी है। आपके स्मार्टफोन में हर वह जानकारी उपलब्ध है, जिसको जानने की आपको इच्छा होती है। आज स्मार्ट फोन की वजह से हमारी जिंदगी का हर पल प्रभावित हो रहा है। आप घर में पर्स भूल सकते हैं, लेकिन स्मार्ट फोन छोड़ना नहीं भूलते। ऐसे में यह कहना लाजमी है कि हर चीज की तरह स्मार्ट फोन के भी सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं। विशेषकर जिस तरह स्मार्टफोन के जरिए अपराध के विभिन्न स्वरूप सामने आ रहे हैं, वह काफी चिंता वाली बात है। ऐसे में यह आप पर निर्भर करता है कि आप किस रूप में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। अगर स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से उपयोग करेंगे, तो इससे आपकी जिंदगी काफी आसान बन जाएगी। परन्तु इसके उपयोग में सावधानी बरतना नितांत आवश्यक है।

# पूर्व जिला पस अनिल टाइगर का दिनदहाड़े मर्डर

**राज्य का कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं : मरांडी**

**हत्या के विरोध में आजसू का रांची बंद आज**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांके थाना क्षेत्र में पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर महतो को अपराधियों ने बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना कांके थाना क्षेत्र स्थित कांके चौक के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार अनिल टाइगर कांके चौक के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। गोली लगने के बाद अनिल को आस-पास के लोगों ने रिम्स पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनिल टाइगर पूर्व में आजसू और भाजपा से भी जुड़े हुए थे। साथ ही अनिल कांके महावीर मंडल के अध्यक्ष भी थे। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कांके चौक को जाम कर दिया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अपराधियों की तलाश के लिए आस-पास के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले जा रहे है। पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी कर रही है। इधर भाजपा रांची ग्रामीण जिला महामंत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या की खबर सुनकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व विधायक समरी लाल रिम्स पहुंचे। श्री मरांडी ने कहा कि मैं लगातार विधानसभा में यह कह रहा हूं कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है। कोई भी आदमी सुरक्षित नहीं है। इतना ही नहीं यहां पर दंगे भी हो रहे हैं। किसी भी पर्व त्यौहार में पत्थरबाजी करना और पेट्रोल बम फेंकना उपाद्ररियों का आदत बन गई है। यहाँ हेमंत सोरेन की सरकार चुपचाप हैं। हेमंत सोरेन का कंट्रोल पुलिस प्रशासन पर नहीं है। इसे तो अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। कई अन्य लोगों ने कहा कि स्थानीय थाना प्रभारी, डीएसपी, ग्रामीण एसपी व एसएसपी की लापरवाही से अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। इन सभी को निलंबित किया जाए। इधर अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आजसू ने गुरुवार को रांची बंद का एलान किया है. जानकारी के अनुसार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की घटना में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार किया है. उसे पिठौरिया से पकड़ा गया है, साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को भी पुलिस ने बरामद किया है. जमीन विवाद को लेकर अनिल टाइगर की हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है.

## छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल के घर पहुंची सीबीआई, कई ठिकानों पर मारी रेड



**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर बुधवार की सुबह सीबीआई की टीम पहुंची. माना जा रहा है कि महादेव सट्टा ऐप को लेकर सीबीआई की ये कार्रवाई हुई है. इस मामले में कई लोगों के ठिकानों पर रेड हुई है.छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और 4 आईपीएस अभिषेक पल्लव, एएसपी संजय ध्रुव, एएसपी आरिफ शेख, आनंद छाबड़ा सहित दो सिपाही नकुल-सहदेव के घर सीबीआई ने छापा मारा है. महादेव सट्टा ऐप मामले में टीम ने दबिश दी है. जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की 10 से अधिक टीमें 26 मार्च की तड़के रायपुर से निकली थीं. एक टीम रायपुर स्थित भूपेश बघेल के घर पहुंची.इससे पहले भी इसी तरह से, इसी समय पर ईडी की टीम ने दबिश दी थी. सीडी कांड मामले में सीबीआई ने रिवीजन पिटीशन दायर की थी.इस मामले में कोर्ट ने भूपेश बघेल को डिस्चार्ज किया था और 4 अप्रैल को रिवीजन पिटीशन की सुनवाई होनी है. पिछली सुनवाई के दौरान सीबीआई ने याचिका दाखिल करते हुए दावा किया था कि मामले में साक्ष्य और गवाहों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं.

## बोकारो में आरोपी को पकड़ने आई सीबीआई टीम पर हमला

**बोकारो :** आरोपी को पकड़ने पहुंची सीबीआई की टीम पर बोकारो में हमला हुआ. साथ ही सीबीआई के अफसरों के साथ मारपीट भी की गई. खबर के मुताबिक, बुधवार को यह घटना हरला थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी के पास हुई. जहां सीबीआई टीम के साथ मारपीट की घटना हुई. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सीबीआई धनबाद की एंटी करप्शन की टीम धनराज चौधरी नाम के रिकवरी एजेंट को पकड़ने आई थी. धनराज ट्रैक्टर मालिक से ट्रैक्टर देने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा था, जबकि पीड़ित ने ग्रामीण बैंक से ट्रैक्टर खरीदा था और पैसे जमा करने के बाद ट्रैक्टर रिलीज किया था. सीबीआई टीम धनराज को पकड़कर गाड़ी में बैठाकर पूछताछ कर रही थी, इसी दौरान कुछ लोगों ने आकर सीबीआई टीम के साथ मारपीट की. इसके बाद धनराज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया. इस मामले की शिकायत हरला थाना में दर्ज की जा रही है.

# अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस ने पेश किया विशेषाधिकार हनन का नोटिस



**एजेंसी**


**नई दिल्ली :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया.

जयराम रमेश ने अपने पत्र में लिखा कि गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जवाब देने के दौरान जो भी कहा वह सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से कहा. सांसद जयराम रमेश ने सभापति जगदीप धनखड़ को लिखे पत्र में कहा,मैं राज्य सभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 188 के अनुसार गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार के प्रश्न का नोटिस देता हूं. उन्होंने राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाया है.कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पत्र में कहा,भले ही गृह मंत्री ने सोनिया गांधी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से उनका उल्लेख किया.

गृह मंत्री ने सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के पूर्व नियोजित इरादे से उनके खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं. गृह मंत्री का बयान पूरी तरह से झूठा और अपमानजनक है.राज्यसभा में आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर बहस का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की स्थापना कांग्रेस के शासन के दौरान की गई थी और पीएम केयर्स फंड की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए के शासन के दौरान की गई थी. कांग्रेस के शासन के दौरान केवल एक परिवार देश को नियंत्रित करता था.

किसी का नाम लिए बगैर गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि उस समय एक कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री राहत कोष का हिस्सा थे.

## कल्पना सोरेन ने सदन में उठाया मनरेगा बकाया का मामला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को विधानसभा में अपने अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से मनरेगा मजदूरों के बकाया मजदूरी का मामला उठाया। उन्होंने मनरेगा के सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास बकाया राशि के भुगतान का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लगभग 1200 करोड़ रुपए बकाया है।सोरेन ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार होली में महिलाओं एवं बहनों को सम्मान राशि का भुगतान कर चुकी है, लेकिन मनरेगा के मजदूरों को त्योहारों के अवसर पर भी भुगतान नहीं हो रहा है।सोरेन ने महाराष्ट्र, हरियाणा और अन्य प्रदेशों की तुलना में झारखंड में मनरेगा मजदूरी के कम दर का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जहां मनरेगा मजदूरों को 376 रुपए मिलते हैं, झारखंड में केवल 235 रुपए मिलते हैं। एक करोड़ तीन लाख से भी ज्यादा मजदूर मनरेगा से जुड़े हैं। उनके पास उतनी संपत्ति भी नहीं है कि तीन-चार-पांच महीने बिना मजदूरी के रहें।इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि केंद्र से राशि नहीं मिलने के लिए राज्य सरकार का कोई भी पदाधिकारी दोषी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ही पैसा देने में आनाकानी कर रहा है। केंद्र के पास मजदूरी मद में 484 करोड़ एवं सामग्री मद में 647 करोड़ बकाया है।अबुआ आवास योजना खुद के संसाधन से चल रही है। हम आंतरिक संसाधन से मजदूरी भुगतान करने का प्रयास करेंगे।

## बैंकिंग कानून विधेयक 2024 संसद से पारित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राज्यसभा ने बुधवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित कर दिया, जिससे बैंकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। लोकसभा ने इस विधेयक को 3 दिसंबर, 2024 को पहले ही पारित कर दिया था। यह ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और आसान बनाएगा। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा राज्यसभा में पेश बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित हो गया, जिससे बैंकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। इसको पिछले साल दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा ने पारित कर दिया था। इस विधेयक का उद्देश्य शासन मानकों में सुधार करना और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को बैंकों की रिपोर्टिंग में निरंतरता सुनिश्चित करना है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब आप अपने बैंक खाते या एफडी के लिए चार लोगों को नॉमिनी बना सकते हैं।वित्त मंत्री ने राज्यसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बैंकों में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट में भारी कमी आई है।



# श्रीरामनवमी पर भव्य तरीके से निकला मंगलवारी जुलूस, जय श्रीराम से गूंजा वातावरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** जय श्री राम जय जय श्री राम हर हर महादेव के जयकारे के साथ मंगलवार कि रात महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर के तत्वाधान में मंगलवारी जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों व महावीरी झंडा के साथ बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर पनेरीबांध रोड विवेकानंद नगर होते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, गढ़वा रोड, हरिजन मोहल्ला से नगर भ्रमण करते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर जूलुस पहुंचा और लाठी डंडे से लोगों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं साथ ही शिवसेना संघ, वीर बजरंग दल, नवयुवक एकता संघ के द्वारा भी काफी संख्या में लोग लाइट साउंड के साथ महावीर नवयुवक दल जेनरल के साथ मिलान कर पूरे शाहपुर नगर निगम में भ्रमण किया। वहीं शिवसेना संघ के सागर चंद्रवंशी, वीर बजरंग दल के अनिकेत वर्मा एवं नव युवक एकता संघ के छोटेलाल चौधरी के द्वारा जेनरल के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल को पगड़ी बांधकर माला पहनकर स्वागत किया। उसके बाद महावीर मंदिर में पूजा पाठ के बाद प्रसाद वितरण करते हुए जुलूस को समापन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में राम भक्तो ने तलवार बाजी, लाठी डंडा आदि का खेल प्रदर्शन किया। इसे लेकर लोगों में काफ़ी उत्साह भी देखा गया। जेनरल के अध्यक्ष ने बताया कि अगले मंगलवार को भी भव्य मंगलवारी जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाहपुर महावीर में नवयुवक दल के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डू, अनिल जायसवाल, भोला पांडे, डब्ल्यू जायसवाल, सुनील गुप्ता, दिपक जायसवाल, मिंशु जायसवाल, लवलेश प्रजापति, सोनू जायसवाल, गणेश जायसवाल, उमेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, शशांक सुमन, मुकेश अग्रवाल, पंकज जयसवाल, पिंटू जायसवाल, सुनील गुप्ता, मोनू जायसवाल, आशेन्द्र सिंह, सुशील सिन्हा सहित कई लोग शामिल थें।

# जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक कर दिये कई निर्देश : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू ने बताया कि बुधवार को प्रखण्ड छतरपुर में प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बैठक किया गया जिसमे सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओ को विशेष रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का (पीला कार्ड एवं गुलाबी कार्ड) का ई केवाईसी 31 मार्च 2025 तक शत प्रतिशत करने के लिए निर्देशित दिया गया. वही सोना, सेबरन धोती, साड़ी-लुंगी वितरण एवं खाद्यान वितरण ससमय करने के लिये भी निर्देश दिया गया।

# टीबी रोग से ग्रसित एक व्यक्ति की मौत



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 12 के झगरूआ गांव निवासी शारदा राम (75) की मौत बुधवार के अहले सुबह हो गयी. मृतक टीबी रोग से ग्रसित था. आर्थिक तंगी के कारण उसका बेहतर इलाज नहीं हो पाया और अंततः उसने दम तोड़ दिया. घटना के बाद से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है. सूचना मिलने पर जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा मृतक के घर गये और परिजनों को ढांढस बंधाया. उन्होंने दाह संस्कार के लिये अपने निजी खर्च से लकड़ी उपलब्ध कराया. श्री बैठा ने परिजनों को आगे भी हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया. मौके पर नीरज राम, रंजित राम, संजय याद, अजय यादव, अकलू विश्वकर्मा, अशर्फी राम, गुप्तेश्वर राम, अर्जुन राम, सूर्यदेव राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# हरिहरगंज थाना के सुल्तानी गांव निवासी फरार वारंटी रंजन कुमार के घर पर चिपकाए इश्तिहार



**पीपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के एसआई मनोज राणा ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव पहुंच कर डुगडुगी बजाकर पीपरा थाना कांड संख्या 9 /25 के फरार आरोपी रंजन कुमार उर्फ रंजन सिंह पिता जटाई सिंह उर्फ राजेश्वर सिंह के घर पर 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को इश्तिहार चिपका दिया। इस संबंध पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में आरोपी रंजन कुमार उर्फ रंजन सिंह गिरफ्तारी के डर से काफी दिनों से फरार चल रहा हैं। कई बार नोटिस भेजने के बाद भी आरोपी फरार चल रहा हैं। रंजन कुमार उर्फ रंजन सिंह एक महीने के अंदर यदि माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण नहीं करता है तो, उसके घर का कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी ने रमना प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** डीसी शेखर जमुआर ने बुधवार को रमना प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में प्रयुक्त द्वारा रोकड़ पंजी, कार्यालय स्थापना, पदाधिकारी कर्मचारी का पद स्थापना, अग्रिम पंजी, सेवा पुस्तिका, उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी आदि का अवलोकन किया। उपायुक्त ने संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना,सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री स्वराज योजना सहित अन्य सभी योजनाओ के अभिलेख आदि का निरीक्षण किया। इसी प्रकार अंचल कार्यालय रमना में लंबित म्यूटेशन, जाति, आवास प्रमाण पत्र आदि का भी विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर स समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में संधारित पंजी और अभिलेख संतोषजनक पाया गया। उपायुक्त ने निरीक्षण के उपरांत कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण निर्देश दिया। वहीं जन कल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद डीसी श्री जमुआर ने कहा कि प्रखंड और अंचल कर्मी अपने-अपने कार्यों में लापरवाही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किया जायेगा। क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो इसको लेकर उन्होंने दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय परिसर में पानी, बिजली, शौचालय एवं साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।इस दौरान उनके साथ अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक डीआरडीए रवीश राज सिंह, अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रमना उपस्थित थे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता परशुराम ओझा ने वार्ड नंबर 6 की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के वरिष्ठ भाजपा नेता और पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त को व्हाट्सएप के माध्यम से पत्र लिखकर वार्ड नंबर 6 में व्याप्त समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। नगर आयुक्त को लिखे पत्र में परशुराम ओझा ने कहा है कि मेदिनीनगर के वार्ड नंबर 6 में जो परशुराम नगर में पड़ता है वहां पाइप बिछाने के लिए रोड को तोड़ा गया था। होली के पहले पाइप ले जाकर गिरा दिया गया है। लेकिन पाइप नहीं लगाने के कारण लोगों को गली में आने-जाने में काफी दिक्कत हो रहा है। यह एक उदाहरण आपको दे रहे हैं, जो तस्वीर में देख सकते हैं। इसी तरह से कई मोहल्ले में पाइप बिठाया गया है। लेकिन रोड को ठीक नहीं किया गया है। जिससे लोगों को काफी दिक्कत सहना पड़ रहा है। मुझे उम्मीद है कि आप तस्वीर देखने के बाद जो कंपनी पाइप बिछा रहा है और जो नगर निगम के व्यक्ति काम को देख रहा है, उसको आदेश करें। ताकि लोगों को राहत भी मिल सके। जहां भी पाइप गिराया जा रहा है और रोड कोड़ा जा रहा है। उसको अविलंब पाइप बिछाना चाहिए।उसी गली में बिजली विभाग का आप तस्वीर में देख सकते हैं कि केवल का तार जमीन से 3, 4 फीट ऊपर लटका हुआ है। उसे गली में बहुत बच्चे भी रहते हैं। संजोग से किसी तरह का केवल में करंट आ गया और किसी तरह का घटना ना घटे। अभिलंब बिजली विभाग के तार को ठीक करने के लिए आदेश अपने स्तर से करें। ताकि तार ठीक हो सके और खतरा भी टाल सके। सुदना में कांदाखांड से जो पानी सप्लाई होता है उसके बारे में आपसे मिलकर जानकारी दिया था। कुआं में भालू भर गया है। जिसके कारण एक दिन गैप करके पानी दिया जा रहा है। वहां पर बालू निकालने का काम दिखाने के लिए एक-दो दिन लगाया जाता है। जबकि आपके द्वारा नगर निगम में हर तरह का व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन जिनको काम करना है। वे लोग जानबूझकर काम सही तरीका से नहीं कर रहे हैं। दो-तीन घंटा लेबर रहता है।

# पाटन प्रखंड परिसर में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड परिसर में मंगलवार शाम को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। बीडीओ अमित कुमार झा के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम में प्रमुख शोभा देवी, बीपीओ स्वीटी सिंहा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, जीपीएस अहमद हुसैन, मुखिया जैनुल सिद्दीकी, उपस्थित हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिकता सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में सभी प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधियों के साथ इफ्तार किया। रोजादारों ने इफ्तार से पहले देश में अमन चैन शांति और सद्भावना की दुआ मांगी। इस दौरान आपस मे भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया।

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले अनुमंडल कमेटी के तत्वाधान में कचरी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय धरना बुधवार को संपन्न हो गया। धरना समाप्त होने के बाद माले नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम लिखें 10 सूत्री मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा। नेताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी से उक्त मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया। धरना को सम्बोधित करते हुये भाकपा माले के जिला सचिव कालीचरण मेहता ने कहा कि भाकपा माले लगातार गरीब, मजदूर, किसान की समस्याओं को लेकर आंदोलन करते रही है।उन्होंने कहा कि पूरे जिले में भूमि की समस्या व्याप्त है। आदिवासियों की भूमि दबंगो द्वारा हड़पा जा रहा है।भूमि समस्याओं के निदान के प्रति प्रशासन गम्भीर नही है।उन्होंने कहा कि भूमि समस्याओं के निदान के लिये पार्टी संघर्षरत रहेगी।उन्होंने लोगो को एकजुट होकर जनसमस्याओं के निदान के लिये संघर्ष करने की अपील किया। जिला कमेटी सदस्य अख्तर अंसारी, कामेश्वर सिंह, सुनीता देवी, लखपतिया देवी, शांति देवी ,सरिता देवी, गिरधारी सिंह ने संबोधित किया। अनुमंडल पदाधिकारी को दिये गये मांग पत्र में कहा गया है कि केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी लगातार माले नेताओं व कार्यकर्ताओं को परेशान कर जमीन लुटेरों से साथ सांठ गांठ साजिश के तहत झूठे केस में जेल भेज रहे हैं। आदिवासियों के हक में आवाज उठाने वाले कामरेड दिलीप गुप्ता पर फर्जी मुकदमा कर जेल भेज दिया गया।

# गूरी सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ भंडारे के साथ हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित गूरी ग्राम मे चल रहा सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ भंडारे के साथ संपन्न हुई। शिव पुराण कथा वाचक स्वामी अनंताचार्य महाराज एवं श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य गौरव कृष्ण पाठक को सातवें दिन कथा की समाप्ति पर यज्ञ कमेटी के द्वारा फूल माला पहनाते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कथा की समाप्ति के अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से माताएं बहने कथा श्रवण के लिए उपस्थित थी, वही बुधवार को भंडारे के साथ ज्ञान महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई, यज्ञ अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया इस यज्ञ कार्यक्रम का गूरी ग्राम में दूसरा अधिवेशन था, जिले से लेकर अपने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का काफी सहयोग प्राप्त हुआ यज्ञ कार्यक्रम सफल करने के लिए मैं सभी का आभारी हूं। कार्यक्रम में, मुख्य यजमान संजीव कुमार मिश्रा, शिक्षाविद अशोक पांडे, सेवानिवृत्त शिक्षक राम लखन पांडे, लक्ष्मण पांडे, सुशील पांडेय, अरविंद पांडे, विनोद पाठक, रविंद्र नाथ पांडे, विनोद पाठक, शिवराज मिश्रा, आकाश मिश्रा, विजय मिश्रा समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौके पर उपस्थित थे।

# ईद को देखते हुए चला सफाई अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** इस्लाम धर्म के पाक माह रमजान व ईद को देखते हुए हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो ने शहर के जामा मस्जिद, लम्बी गली व अन्य कई स्थानों पर विशेष सफ़ाई अभियान चलाया। इस दौरान एसडीएम ने खुद से फावड़ा लेकर सफाई कर्मियों के साथ नाली का सफाई करते हुए नजर आए। एसडीएम के सफाई करते देख सफ़ाई कर्मियों की हौसला बढ़ा इसके बाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश हंस, सिटी मैनेजर राकेश सिंह आदि भी मौके पर पंहुचे और शहर में सभी स्थानों पर जहाँ ईद की नमाज व भीड़ भाड़ लगता हैं वैसे जगहों को चिन्हित कर सघन सफाई करने का निर्देश दिया ।इस दौरान एसडीएम ने कहा कि कोई भी त्यौहार लोगो को केवल सरकारी संसाधन पर आश्रित नही रहना चाहिए, अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ व स्वच्छ रखना नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का दिनचर्या होना चाहिए, उन्होंने शहर में जगह जगह पर लगे कचरे का अम्बार को देखर भड़क गए वंही कई जगहों पर जनता के द्वारा रखा गया मलवा को हटाने का निर्देश दिया। इधर शहर में एसडीएम के द्वारा स्वयं सफाई अभियान चलाने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है और क्षेत्र के लोग काफी प्रशंसा कर रह रहे हैं। वहीं एसडीएम व नपं अधिकारियों ने घूम घूम कर शहर का जायजा लेकर लोगो से अनावश्यक कचरा को सड़क या नाली में नही डालने का निर्देश दिया। मौके पर सफाई जमादार अवधेश राम, रवि यादव, संजीत पासवान, एवं जेईई नगर पंचायत के अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# केतार में आग से 8 कट्ठा गेहूं की फसल जलकर राख



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बलीगढ़ के चनवा पर टोला निवासी सुदर्शन पाल एवं जगन्नाथ पाल के खेत में लगी आग से करीब 8 कट्ठा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे लगभग 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों किसान मूंग की खेती के लिए खेत में घास-पतवार एवं अलक्चर जला रहे थे, तभी आग ने पास के गेहूं के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते 8 कट्ठा खेत जल गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण एवं उप मुखिया संजय पाल ने मिलकर पास के घिनहु पाल के कुएं से मोटर द्वारा पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, अन्यथा आसपास के सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है ताकि उनकी क्षति की भरपाई हो सके।

# जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश : बीडीओ

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू ने बताया कि बुधवार को प्रखण्ड छतरपुर में प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बैठक किया गया।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड ने झारखंड में किया विस्तार, डालटनगंज में खोली पहली शाखा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मंगलवार भारत के सबसे भरोसेमंद फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने झारखंड में अपनी तीसरी शाखा डालटनगंज (मेदिनीनगर) का शुभारंभ किया। रेडमा चौक ओवर ब्रिज के निकट, चतुर्भुज सिंह भवन स्थित इस शाखा का शुभारंभ एलआईसी एमएफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि झा, जोनल हेड ईस्ट देबोजित कर, रीजनल हेड (बिहार एवं झारखंड) रितेश कुमार सिंह, एरिया मैनेजर राजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रवि झा ने इस विस्तार पर कहा कि हम टियर-3 और टियर-4 शहरों के उस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहे हैं, जहां पहले से उपस्थिति नहीं है और जहां लोग बाजार से जुड़े निवेश उत्पादों को अपनाने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य इन क्षेत्रों से अधिक लोगों को मुख्यधारा के निवेश परिदृश्य में लाना है, क्योंकि वृद्धि की अगली लहर यहीं से आने की उम्मीद है। अर्ध-शहरी क्षेत्र म्यूचुअल फंड व्यवसाय के लिए बहुत संभावनाएं रखते हैं, लेकिन इस अवसर का लाभ उठाने के लिए भौतिक रूप से मौजूदगी जरूरी है। राज्य में हमारे संचालन से हमें बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। यही कारण है कि हमने डालटनगंज को अपनी अगली मंजिल के रूप में चुना है। हम नए म्यूचुअल फंड निवेशकों को आवश्यक मार्गदर्शन, सलाह और सहायता प्रणालियों के साथ समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, झारखंड में म्यूचुअल फंड उद्योग की औसत प्रबंधित परिसंपत्ति (एएयूएम) फरवरी 2025 तक 70,700 करोड़ रुपये थी। इनमें एलआईसी एमएफ राज्य में 410 करोड़ रुपये और डालटनगंज में 174 करोड़ रुपये का प्रबंधन करती है।

# केतार मां चतुर्भुजी मंदिर विकास समिति का हुआ पुनर्गठन, अध्यक्ष पुनः बने मुखिया प्रमोद कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ मंदिर विकास समिति का पुनर्गठन कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से मुखिया प्रमोद कुमार को समिति का अध्यक्ष, हेमंत कुमार पाठक को सचिव और विनोद प्रसाद को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी महोत्सव भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। पूजा-अर्चना के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिससे श्रद्धालु भक्तों को धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव मिल सके। इस दौरान समिति के सदस्यों ने रामनवमी महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू करने का निर्णय लिया। भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सहयोग और भागीदारी की अपील की। समिति ने विश्वास जताया कि इस बार का आयोजन पहले से भी अधिक भव्य और यादगार होगा। समिति को विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, रामविचार साहू और प्रमोद शुक्ला को जिम्मेवारी सौंपी गई। जबकि उपाध्यक्ष के रूप में राजीव रंजन तिवारी और बिंदु राम को जिम्मेदारी दी गई। उपसचिव का दायित्व अनुज कुमार सिंह को सौंपा गया, जबकि मीडिया प्रभारी के रूप में मनोरंजन प्रसाद गुप्त और सूचना मंत्री के रूप में अजय कुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया।इसके अलावा सदस्य पद पर त्रिपुरारी सिंह, कन्हाई प्रसाद, श्याम बिहारी राम, अवध बिहारी ठाकुर, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, बालमुकुंद वैद्य, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, आदित्य मेहता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला संगठन का विस्तार ममता वर्मा बनी प्रदेश अध्यक्ष

**रांची:** राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन का झारखंड में विस्तार किया गया वहीं समाजसेवी ममता वर्मा को राष्ट्रीय मानव अधिकार की राष्ट्रीय अध्यक्ष सबीना ओ जाने प्रदेश अध्यक्ष का और कहा कि स्वयंसेवक के आधार पर हमारे संगठन के तहत काम करें आपको शांतिपूर्ण राष्ट्र के पक्ष और साथ ही हमारे सम्मानित संगठन के लिए सामाजिक गतिविधियों के लिए भारत सरकार के साथ सहयोग करना होगा और आपकी जिम्मेदारी भारतीय संविधान के लिखो के अनुसार मानव अधिकारों और नागरिक अधिकारों की रक्षा करना होगा इसलिए आपको यह जिम्मेदारी दी गयी है वहीं ममता वर्मा ने भी कहा कि मैं अपनी पद की गरिमा रखूंगी और राज्य और देश के हित में काम करूंगी जिसमें मुख्य रूप से बधाई देने वाली में आराधना सिंह स्वीटी सोम चटर्जी गीता गुप्ता मनी वर्मा आदि लोगों ने बधाई दी

## ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शामिल होने सुनील किस्पोट्टा हैदराबाद रवाना

**रांची।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में 26 से 29 मार्च तक तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सीनियर ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप में देश भर से हजारों खिलाड़ी और पदाधिकारी भाग ले रहें है। इस चैंपियनशिप में शामिल होने और झारखंड के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा रांची एयरपोर्ट से हैदराबाद के लिए रवाना हुए द्य शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा की अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर इस ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद में किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया खूंटी सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र जारी है इस बीच विपक्ष के साथ साथ सता पक्ष के मंत्री और विधायक भी राज्य के लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए नजर आ रहे है। इन तमाम आरोपों के बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एक्टिव मोड़ में आ चुके है, पिछले दिनों देर रात नक्सल प्रभावित खूंटी सदर अस्पताल पहुंच कर उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ यह सोचकर स्तब्ध रह गए कि आखिर कौन अधिकारी इतनी रात को निरीक्षण के लिए आ पहुंचा है। लेकिन जब उन्होंने सामने मंत्री अंसारी को देखा, तो सबकी आंखें हैरान रह गईं। मंत्री जी ने आते ही बिना किसी औपचारिकता के सीधे अस्पताल का निरीक्षण शुरू



कर दिया।निरीक्षण के दौरान मंत्री अंसारी ने मरीजों से हालचाल पूछा, दवाइयों की उपलब्धता देखी और वार्ड में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उनके जमीनी मिजाज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे स्वयं अस्पताल का पानी पीकर उसकी गुणवत्ता जांचने से भी पीछे नहीं हटे। मौके पर सिविल सर्जन अस्पताल पहुंचे,डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की तत्परता को देखकर मंत्री अंसारी बेहद संतुष्ट दिखे। उन्होंने पूरे स्टाफ की पीठ थपथपाई और कहा की मैं जितना सोचकर आया था, उससे कहीं बेहतर स्थिति देख रहा हूं। यह देखकर गर्व हो रहा है कि आप सब अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान हैं।मंत्री अंसारी ने अस्पताल में मौजूद स्टाफ को भरोसा दिलाया कि उनके रहते स्वास्थ्य सेवा में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभा रहा हूं। मैं कभी भी, कहीं भी, किसी भी अस्पताल का दौरा कर सकता हूं। यह संदेश मैं राज्य के हर सिविल सर्जन, डॉक्टर और स्टाफ को देना चाहता हूं की स्वास्थ्य में लापरवाही का कोई स्थान नहीं होगा।

# रमजानः इबादत, संयम और रहमत का महीना

**मो. खालिद अंसारी**

रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना है, जिसे मुसलमान बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाते हैं। इस्लामिक मान्यता के अनुसार, इसी महीने में अल्लाह ने पैगंबर हज़रत मोहम्मद पर पवित्र कुरआन नाज़िल किया था। रमजान आत्मसंयम, इबादत, समाज सेवा और आत्मशुद्धि का महीना है। इस दौरान दुनियाभर के मुसलमान रोज़ा रखते हैं, अधिक से अधिक इबादत करते हैं और गरीबों की मदद करने का प्रयास करते हैं।रोज़ा केवल भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि यह आत्मनियंत्रण और ईमान की परीक्षा होती है। इसका मुख्य उद्देश्य इंसान के भीतर संयम, दया और परोपकार की भावना को जाग्रत करना है। रोज़े की शुरुआत सेहरी से होती है, जो सूरज निकलने से पहले किया जाने वाला भोजन होता है। सूर्यास्त के बाद इफ्तार के साथ रोज़ा खोला जाता है, जो आमतौर पर खजूर और पानी से शुरू किया जाता है। इस्लाम के अनुसार, रोज़ा केवल शरीर का



उपवास नहीं, बल्कि मन और आत्मा की पवित्रता का भी प्रतीक है।रमजान के दौरान मुसलमान ज्यादा से ज्यादा इबादत करते हैं। पांच वक्त की नमाज़ के अलावा तरावीह की नमाज़ भी पढ़ी जाती है। कुरआन की तिलावत की जाती है और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी जाती है। रमजान की आखिरी दस रातों में से एक लैलतुल क़द्र (शब-ए-क़द्र) होती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर माना जाता है।इस महीने में मुसलमान समाज सेवा पर भी विशेष ध्यान देते हैं। जकात और सदका के रूप में गरीबों की मदद की जाती है। रमजान के अंत में दिया जाने वाला फितरा यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी गरीब व्यक्ति ईद के दिन भूखा न रहे और खुशी से इस त्योहार को मना सके।रोज़े के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। यह शरीर को डिटॉक्स करता है, पाचन तंत्र को आराम देता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह आत्म-अनुशासन सिखाता है और लोगों में धैर्य तथा सहानुभूति की भावना को बढ़ाता है।रमजान के 29 या 30 रोज़ों के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन विशेष नमाज़ अदा की जाती है और लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। घरों में विशेष रूप से सेवई और अन्य मीठे पकवान बनाए जाते हैं। ईद का संदेश आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता को बढ़ावा देना है।रमजान सिर्फ उपवास रखने का महीना नहीं, बल्कि यह आत्मशुद्धि, संयम, दान, भाईचारे और इबादत का महीना है। यह हमें सिखाता है कि खुद पर नियंत्रण रखना और दूसरों की मदद करना ही असली इंसानियत है। रमजान की बरकतें सब पर बनी रहे।

# अनिल टाइगर को गोली मारने वाला एक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती दे रखी है। स्थानीय थाना की लापरवाही के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। और यही कारण है कि कांके थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर अपराधियों ने ठाकुर होटल के पास दिनदहाड़े पूर्व जिला परिषद सदस्य व भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी। बताई जा रही है, अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली लगते ही अनिल टाइगर मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के बताई जा रही है। भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस वारदात से लोगों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना



दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और अपराधियों की तलाश जारी है, एक अभियुक्त को हिरासत में लिए जाने की सूचना है।

**बड़े अधिकारी कर रहे थे बैठक :** टाइगर की हत्या ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के दौरान पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था को लेकर हाई लेवल मीटिंग चार बजे बुलाई गई थी। वहीं रांची जिला प्रशासन भी तीन बजे शांति समिति की बैठक समाहरणालय में कर रहे थे। वहीं जेएससीए स्टेडियम में मंत्रियों और विधायकों का क्रिकेट खेल चल रहा था, ऐसे में शहर के पास कांके में जनप्रतिनिधि की हत्या ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**पुलिस ने कहाः** इस घटना पर पुलिस को संपर्क किया गया लेकिन किसी ने व्यस्तता के कारण फोन नहीं उठाया। हलांकि घटना के पीछे आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी की बात बताई जा रही है।

**अपराधियों की गिरफ्तारी होगीः** घटना होने के बाद पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर ही लेती है, लेकिन सवाल ये है कि अपराधियों पर पुलिस का खौफ क्यों नहीं है। थाना का स्पाई, स्पेशल ब्रांच सब असफल साबित हो रहें हैं। यदि थाना को सूचना दे भी तो पुलिस उसी के साथ सांठगांठ कर लेती है।

## सरहुल पर्व को लेकर जिला प्रशासन सख्त



**रांची।** आगामी सरहुल पर्व के भव्य आयोजन एवं तमाम व्यवस्था को लेकर जिला उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री, डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा सिरम टोली सरना स्थल का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन द्वारा सरहुल पर्व के दौरान बेहतर सुरक्षा-व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारी को लेकर सिरम टोली सरना स्थल के आस-पास का निरीक्षण किया गया। सरहुल पर्व के मार्ग पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट आदि की बेहतर व्यवस्था के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## सीपी सिंह ने शिल्पी नेहा तिर्की के बयान पर किया पलटवार कहा कि मूर्ख मंत्री है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हजारीबाग में रामनवमी के मंगलवारी जुलूस के दौरान हुए पथराव को लेकर कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इस घटना को भाजपा की साजिश बताने और झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश करार देने पर भाजपा नेता व पूर्व मंत्री सीपी सिंह भड़क गए। सीपी सिंह ने कहा, पथराव जिहादियों ने किया, फिर भी सरकार उन्हें बचाने में लगी है। आखिर रमजान के पाक महीने में इनके हाथ में पत्थर कहां से आ जाते हैं? ये जिहादी सुधरने वाले नहीं हैं। यह सरकार जिहादियों के समर्थन में खड़ी है, इसलिए इससे किसी कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा नहीं की जा सकती।राष्ट्रपति शासन की साजिश के आरोप पर सीपी सिंह ने तीखा हमला बोलते हुए कहा, जो मंत्री यह बयान दे रहा है, वह मंत्री नहीं, बल्कि मूर्ख मंत्री है। जब से नरेंद्र मोदी ने केंद्र में सत्ता संभाली है, तब से भाजपा ने एक बार भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया।

## दिनदहाड़े नेता की हत्या हो जाती है, पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहाः सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा रांची ग्रामीण जिला के महामंत्री, रामनवमी समिति, कांके के अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर की हत्या पर रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सेठ ने कहा है कि यह घटना हतप्रभ करने वाली बात है। कांके चौक पर दिनदहाड़े वरिष्ठ और सक्रिय नेता की हत्या हो जाती है। बीच चौराहे पर अपराधी गोली मार के चल देते हैं और पुलिस प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठा रह जाता है। रांची में पुलिसिंग पूरी तरह फेल हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का खौफ समाप्त हो चुका है। इस घटना ने एक बार फिर से प्रमाणित कर दिया कि शहर में कोई



सुरक्षित नहीं है। अनिल महतो टाइगर की हत्या निरंकुश हो चुके अपराधियों ने अंजाम दिया है। एक तरफ झारखंड का विधानसभा सत्र चल रहा है, दूसरी तरफ इतनी बड़ी घटना को अपराधी अंजाम देकर निकल जा रहे हैं। यह राज्य सरकार पर बड़ा सवाल है। झारखंड की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल है और रांची जिला प्रशासन पर भी सवाल है। आक्रोश भरे लहजे में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री खुद इस मामल में हस्तक्षेप करें। रांची में पुलिसिंग व्यवस्था की समीक्षा हो और पुलिस पदाधिकारी पर भी कार्रवाई हो। अपराधियों पर भी कार्रवाई हो और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यदि यह सरकार ऐसा नहीं कर सकती है तो सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है।

## जेएससीए के आजीवन सदस्य यू के सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए के आजीवन सदस्य यू के सिंह के अकास्मिक निधन पर जेएससीए स्टेडियम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सिंह का निधन 22 मार्च 2025 को दुर्गापुर के पास एक सड़क दुघर्टना में हो गया। सिंह बीआईटी मेसरा से 1986-87 में सिविल इन्जिनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् जी टी के रूप में टिस्को, जमशेदपुर में अपना सेवा प्रारंभ किए। वर्तमान में वो अपना खुद का कारोबार कोलकाता में चला



रहे थे। सिंह का निधन जेएससीए परिवार के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।शोक सभा में जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव पी एन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मिहिर टोप्पो, पूर्व उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव आजीवन सदस्य संजय पांडेय, राज कुमार शर्मा, विभूति भूषण, शम्भू सिन्हा, रमेश कुमार, नितिन सराफ, पंकज सिंह, एस बी सिंह, सुरेन्द्र कुमार, चंचल दत्त गुप्ता, पंकज सहाय, रंजीत सिंह तथा जेएससीए के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों ने सिंह के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन धारण कर उनके आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए।

# पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर 28 मार्च को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पारस हॉस्पिटल एचइसी में निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर 28 मार्च 2025 शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस परामर्श शिविर में हड्डी से संबंधित बीमारियों पर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओर से निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। इसके अलावा बीएमडी (हड्डी घनत्व) टेस्ट और एक्सरे जांच भी निःशुल्क होगा। विशेष जानकारी के लिए आप



7282010101 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही पारस हॉस्पिटल एचइसी में घुटना प्रत्यारोपण् भी कम कीमत पर किया जा रहा है। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में हड्डी से संबंधित विभिन्न रोगों का इलाज अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा किया जा रहा है। मरीजों के घुटनों का प्रत्यारोपण भी बहुत ही कम कीमत हो रहा है। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि हड्डी से जुड़ी बीमारियों से जुझ रहे मरीजों के लिए एक बेहतर अवसर है। मरीज इस निशुल्क परामर्श शिविर का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय पर हॉस्पिटल अवश्य आये। इसके लिए हॉस्पिटल की ओर से जारी किये गये मोबाइल नंबर पर अपॉइमेंट ले सकते हैं।

# पुलिस महानिदेशक ने ईद,सरहुल एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था का किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय के सभागार में अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा आगामी त्योहार (ईद, सरहुल एवं रामनवमी) के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अमोल विनुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एस0आई0बी0 एवं अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान भौतिक रूप से तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकों के द्वारा आगामी त्योहार (ईद. सरहुल एवं रामनवमी) के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बनाए गए रोड




मैप की क्षेत्रवार प्रस्तुति दी गई। जिले के सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षकों द्वारा धार्मिक स्थलों की मॉनिटरिंग और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर ध्यान देने हेतु की जा रही कार्रवाई, सामाजिक समितियों की बैठक कर उनकी छोटी-मोटी कठिनाइयों का निराकरण, अखाड़ा समितियों के साथ बैठक कर जुलूस के मार्गो का सत्यापन, संवेदनशील इलाकों में जुलूस निकालने सबधी कठिनाइयों का निराकरण, डीजे पर भड़काऊ गाना बजाने वालों पर कार्रवाई, सोशल मीडिया एवं वाट्सऐप पर विशेष निगरानी रखने, त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्ती से की जाने वाली कार्रवाई संबंधी जानकारी दी गई।

# हज़ारीबाग अब प्रयोगधर्मी भूमि बन चुका है : सोनू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हज़ारीबाग में हाल ही में हुई सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं पर झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां बीजेपी सत्ता से बाहर होती है, वहां इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है। सोनू ने हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि होली, महाशिवरात्रि और अब रामनवमी से पहले हज़ारीबाग और गिरिडीह में तनाव की स्थिति पैदा हुई। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि खुफिया तंत्र ऐसी घटनाओं को रोकने में क्यों विफल हो रहा है। सोनू ने कहा कि हज़ारीबाग अब प्रयोगधर्मी भूमि बन चुका है, जहां असहिष्णुता की घटनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि झारखंड की जनता ने कभी भी इस तरह के उग्रवादी या असामाजिक तत्वों का समर्थन नहीं किया है। अगर राजनीतिक दल जनता की भावनाओं को नहीं समझेंगे, तो इसका असर आगामी चुनावों में देखने को



मिलेगा।बीजेपी द्वारा लगाए गए इस आरोप पर कि वर्तमान सरकार में सनातनी पर खतरा बढ़ गया है, सोनू ने कहा कि जिस देश में सर्वोच्च पदों पर सनातनी प्रतिष्ठित हैं, वहां यह कहना कि सनातन धर्म खतरे में है, पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है।

उन्होंने कहा कि भारत हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र रहा है और सनातन धर्म हजारों वर्षों से सुरक्षित रहा है।सोनू ने सीजीएल पेपर लीक मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई का बचाव किया और कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी हुई है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी ठोस प्रमाण के बिना भ्रम फैलाया जा रहा है, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के तहत सारी सच्चाई सामने आएगी। सोनू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बयान पर तंज कसते हुए कहा कि जब मोदी खुद इफ्तार की बात कर रहे हैं, तो बीजेपी नेताओं को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह बयान हज़ारीबाग में बिगड़ती स्थिति और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच सामने आया है, जिससे आगामी चुनावों के मद्देनजर माहौल और गरमा सकता है।

# पेयजल की समस्या को देखते हुये जिला प्रशासन ने किया सार्थक पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए इसके निराकरण हेतु सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिए गए थे।जिसमें जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मति लगातार कराई जा रही है।जिस कड़ी में आज अनगड़ा में कुल-04, ओरमांझी में कुल-02, सिल्ली में कुल- 04, बुंडू में कुल-04, सोनाहातु में कुल-02, राहे में कुल-



02, तमाड़ में कुल-04 इन 07 प्रखंडो में कुल-22 चापानल की मरम्मती की गई।जानकारी हो की सभी पंचायतों के मुखिया से खराब पड़े चापानल की सूची मांगी गई, ताकि खराब पड़े चापानल की मरम्मति ससमय कराया जा सके। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गर्मी में पेयजल की समस्या न हो।

## कराटे चैंपियनशिप में रांची के टाटीसिलवे क्लब को 11 गोल्ड मेडल




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में आयोजित इमा कप झारखंड इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप में रांची टीम में शामिल टाटीसिलवे क्लब के खिलाड़ियों ने 11 गोल्ड, 3 सिल्वर और 9 कांस्य पदक लाकर अपना उम्दा प्रदर्शन किया।बालक वर्ग में साहिल कुमार महतो ने काता और कुमीते दोनों में गोल्ड मेडल,मयंक कुमार दास काता में गोल्ड और बालिका में परी कुमारी काता और कुमीते में गोल्ड अपने नाम किया।खिलाड़ियों के प्रदर्शन से उनके कोच संदाई उमाशंकर महतो काफी खुश हैं। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकैडमी के तकनीकी निदेशक शिहान? सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अब हमारी तैयारी 2 और 3 मई को खेलगांव रांची में नेशनल कराटे चैंपियनशिप की ओर है और उसमें हमारे झारखंड राज्य के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी- साहिल कुमार महतो,परी कुमारी, मयंक कुमार दास, अनमोल कुमार। सिल्वर मेडल - लक्ष्मी कुमारी। कांस्य पदक - आयुषी कुमारी, लावण्या तिवारी, प्रथम कुमार,और विकास श्रीवास्तव।

## हरिमोहन महतो बने ओरमांझी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को खिजरी विधान सभा क्षेत्र के विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने ओरमांझी प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो को मनोनित किया। वहीं हरिमोहन महतो ने विधायक राजेश कच्छप का तहे दिल से आभार प्रकट व धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें जो ज़िम्मेदारी दी गई है उसे पूरे निष्ठा के साथ निर्वाहन करने का कोशिश करूंगा। इस अवसर पर बधाई देने वालों में जिला परिषद् सद्स्य कमिश्नर मुंडा,कांके विधायक प्रतिनिधि बबुआ मुंडा,रांची ज़िला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डॉ.राकेश किरण महतो,उप प्रमुख रिजवान अंसारी,ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष तुलसी खरवार,पूर्व प्रमुख बुधराम बेदिया,पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा,बेदिया,सुरेश प्रसाद साहू,पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा,शिवप्रसाद साहू,रमेश उरांव,सफीउल्लाह अंसारी, हैदर अंसारी,रमेश चंद्र उरांव,बाबूलाल महली,रवि मुंडा,मुबारक अंसारी,नईम अंसारी,प्रदीप मुंडा,जितेंद्र करमाली,संजय महतो,रवि साहु,पंसस रीना देवी, जुलिता देवी,जानकी कुमारी,रोजलिन लकड़ा, सीमा तिर्की,महेश महतो महेश पाहन,संजय महतो, संदीप कुमार,अशोक गुप्ता,सोनिया देवी, रिंकी कुमारी, रेशमी तिर्की आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पवित्र रमजान में दूसरे महीने से कहीं ज्यादा दिखाई पड़ता है आपसी प्रेम : मुजीब अली

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह-ए-रमजान मुबारकअल्लाह का महीना है यह महीना सब्र तथा गमख्वारी का भी है। इस महीने में हर मुसलमान के लिए रोजे फर्ज है चाहे वह गरीब हो या अमीर रमजान औरों की तकलीफ समझने का जज्बा देता है उक्त बातें इंडियन पब्लिक स्कूल चन्दवे रांची के संस्थापक सह चेयरमैंन मुजीब अली ने कहीं। उन्होंने कहा कि कुरान ए पाक भी यही कहता है कि सच्चा मुसलमान वह है जो हर बुराई से दूर रहे केवल पूरे दिन भूखा रहना ही रोजा नहीं है बल्कि रोजेदारों के लिए कुछ नियम भी होते हैं जो हमें हाथ,पैर,कान, नाक तथा जबान से भी होने वाले गुनाहों से बचाता है। उन्होंने कहा कि यह महीना माफी का महीना है इस माह में अल्लाह इंसानों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है। उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुराइयों से दूर रहकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए तथा मुल्क की तरक्की की दुआ भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजेदारों के माने तो रमजान पवित्र रहमत एवं बरकतों का महीना है सुबह में शहरी एवं शाम में इफ्तार का आयोजन इसकी अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान में आपसी प्रेम दूसरे महीने से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस मुबारक महीने में किसी तरह के झगडे,या गुस्से से ना सिर्फ मना फरमाया गया है बल्कि किसी से गिला शिकवा है तो उससे माफी मांग कर समाज में एकता कायम करने की सलाह दी गई है। इसके साथ एक तय रकम या सामान गरीबों में बांटने की हिदायत है जो समाज के गरीब लोगों के लिए बहुत ही मददगार है।

### त्योहारों के जुलूस के रूट में नहीं होगा कोई परिवर्तन

# खलारी के शांति समिति की बैठक में दिए गए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरहुल, ईद व रामनवमी त्योहार को लेकर खलारी थाना पुलिस द्वारा खलारी प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित लोगों ने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। त्योहार को लेकर सरकार के दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी व थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने बताया कि त्योहारों के दौरान निकलने वाले जुलूसों के रूट में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। पूर्व के वर्षों में जिस रूट से जुलूस गुजरती रही है उसी रूट पर इस वर्ष भी जाएगी। त्योहार के दौरान असामाजिक



तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। इंटरनेट मीडिया पर किसी तरह का भड़काउ बात न ही लिखना है न उसे शेयर करना है। किसी को भी ऐसी किसी बात की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। जुलूस में शामिल ध्वनि विस्तारक वाले वाहनों के चालक के पास आवश्यक रूप से अनुज्ञप्ति होना चाहिए। इसके अलावा सांउड सिस्टम मालिक का नाम, आधार नंबर व मोबाइल नंबर थाना में लिखकर देना है। जुलूस के रास्ते में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। यदि कहीं न हो तो पुलिस को इसकी जानकारी दें। जुलूस या पर्व के दौरान नशा पान करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह के विवाद में कानून अपने हाथ में नहीं लें, पुलिस को जानकारी दें। त्योहार के दौरान नो इंट्री पर पुलिस की निगरानी रहेगी। आश्वास्त किया कि अलविदा जुम्मा व ईद की नमाज के दौरान मस्जिदों व ईदगाह के बाहर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। बैठक में अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद, जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पुतुल देवी, शीला कुमारी, पारसनाथ उरांव, मलका मुंडा, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, अनिल पासवान, राजेशसिंह मिंटू, विकास दुबे, तनवीर आलम, साबीर अंसारी, रामसूरत यादव, शत्रुंजय सिंह, पंकज मुंडा, सुभाष उरांव, किशुन मुंडा, आनंद सिंह, कार्तिक पांडेय, विक्की सिंह, गोपाल सिंह, जावेद अंसारी, इस्माइल अंसारी, नारद राम, सुदेश्वर ठाकुर, गौरीशंकर केशरी, पवन उरांव, जहीर अंसारी, रमेश तूरी, दिलीप पासवान, मुन्ना देवी, नीरज उरांव, प्रीति देवी, तुलसी देवी, रूत खलखो, गायत्री देवी, अनिल साहू, आदि उपस्थित थे।

## सखुआ जंगल में जुए के अड्डे पर छापेमारी, दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र की पुलिस ने सखुआ जंगल स्थित जुए के अड्डे पर छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई ग्राम पुरानापानी में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने रात करीब 7~30 बजे अड्डे पर धावा बोला, जहां 7-8 लोग जुआ खेलते पाए गए। हालांकि, अधिकांश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नयुम मिरदाहा (45) और फारुख राय (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से 1,000 रुपये नकद, ताश की गड्डियां और छह दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। छापेमारी दल में स0अ0नि0 अक्षय कुमार सिंह, हवलदार 193 अरविंद कुमार तिवारी, आरक्षक 411 अजय टोप्पो तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

### प्रखण्ड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी मेला का आयोजन

# नई तकनीकी से महिला किसानों को खेती करने की जरूरत : समुद्र पाहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन कूल्ही गांव में किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा,जेएलकेएम नेता सह खिजरी विधायक प्रत्याशी समुन्द्र पहान,विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर किया।किसान मेला में प्रखण्ड के किसान मित्र, प्रगतिशील कृषक सहित लगभग 100 किसान शामिल हुए। जिसमें अनगड़ा, नामकोम ओरमांझी प्रखंड से पहुंचे किसानों ने किसान मेले में सब्जी,फल, दवा, क्राफ्ट द्वारा बनाया गया टोकरी की प्रदर्शनी



लगाई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अलफजान अंसारी ने कहा कि कृषि विभाग अच्छा कार्य कर रही है। किसान मेला में आए हुए किसानों को यहां से काफी कुछ सीखने व जानने को मिलेगा। यहां से जाकर किसान योजनाओं की जानकारी अपने गांव में किसानों को दें।और इसका प्रचार प्रसार करें। उन्होंने किसानों से झारखंड राज्य फसल राहत योजना में निबंधन कराने की बात कही।किसानों के लिए राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नई तकनीकी से महिला किसानों को खेती करने की सलाह दी। वहीं जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही।वहीं उन्होंने केसीसी कार्ड बनाने की सलाह दी।प्रदर्शनी में अलग-अलग सब्जियों में बेहतर प्रदर्शनी लगाने वाले प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले लगभग 75 किसानों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रेम नाथ मुंडा, मोबीन अंसारी, बालक महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महावीर मंडल के अध्यक्ष अजीत केसरी व महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता चुने गए

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**महावीर मंडल ग्रामीण क्षेत्र के बनाए गए रांची के महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव के द्वारा महावीर मंडल ग्रामीण का अध्यक्ष एवं महामंत्री मनोनीत किया गया। श्री यादव ने आशा व्यक्त की है कि ग्रामीण क्षेत्र में श्री रामनवमी महोत्सव का प्रारूप बढ़ाएंगे तथा शांतिपूर्वक वातावरण में श्री रामनवमी की शोभायात्रा को संपन्न कराने में सहयोग करेंगे। इसके लिए संरक्षक के रूप में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव , दीपक सिंह प्रेम सागर केसरी , कामेश वर्मन विश्व नाथ गोप को बनाए गए उपाध्यक्ष अरुण यादव रतन प्रकाश सिंह एवं महामंत्री के रूप में अशोक कुमार गुप्ता, नवदीप महतो सुदामा नायक लाल बहादुर साहू सुनील कुमार गौतम महतो गंगा सिंह अनिल तिवारी बबलू गुप्ता नवदीप महतो चंदन तिवारी सदन साहू दिनेश यादव मनीष केसरी बनाए गए। मंत्री के रूप में गौरव सिंह अजय गोसाई संजय साहू विवेक केसरी देवानंद महतो कोषाध्यक्ष अनिल तिवारी बनाए गए इन सभी की सूची उपायुक्त महोदय सूचनार्थ प्रेषित की गई है एवं सभी पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्वक पर्व त्यौहार को आपस में भाईचारा बना कर संपन्न कराने में अपनी आम भूमिका निभाने को कहा गया साथ ही साथ जुलूस को प्रशासन की मदद से ताई रूट पर शांतिपूर्वक संपन्न कराने में हम भूमिका निभाने को कहा गया है। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी अहम जिम्मेदारी के प्रति सजकता दिखाते हुए अपनी भूमिका पर निष्ठा पूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

## ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को बीडीओ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में ईद बाजार के मौके पर भीड़ के मद्देनजर गाड़ियों के बाजार में प्रवेश पर प्रतिबंध और साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की मांग की गई। वहीं 2 अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी। वही इधर 30 मार्च से जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में सुबह रामचरितमानस नवाह प्रयाण पाठ और रात्रि में विद्वान पंडितों द्वारा प्रवचन। 6 अप्रैल को रामनवमी शोभायात्रा व 7 को श्री राम दरबार प्रतिमाओं का विसर्जन। बैठक में सामुदायिक शौचालय का जीर्णोद्धार और पावर हाउस से इटकी बाजार मार्ग पर हो रहे जाम को लेकर वन वे ट्रैफिक करने की सदस्यों द्वारा प्रशासन से मांग की गई। कार्यक्रम का संचालन अजीत केशरी ने किया। मौके पर सीओ मो अनीस, उप प्रमुख परवेज राजा, थाना प्रभारी मनीष कुमार, इंस्पेक्टर उत्तम उपाध्याय, मुस्ताक अहमद, बिनोद सिन्हा, कृष्ण राम तिवारी, मुर्तजा आलम, बीरा उरांव, भोला उरांव, प्रकाश महतो, अनुपम कुमार, राजकुमार तिर्की, अंजुम जमाल, मुद्दिन मंसूरी सहित दर्जनों शांति समिति सदस्य मौजूद थे।

## अनगड़ा क्रिकेट लीग चैंपियन ट्रॉफी महेशपुर ने जीता




**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):**अनगड़ा क्रिकेट लीग चैंपियन ट्रॉफी 2025 लुपंग स्टेडियम में समापन हुआ, जिसके विजेता टीम महेशपुर ने उपविजेता महुवाटुंगरी को 5 विकेट से हराया मैच में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने प्रथम पुरस्कार 50,000/- नगद राशि एवं ट्रॉफी और 2ठुस्र पुरस्कार 30,000/नगद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा खेल हमारा जीवन का हिस्सा है इसे अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य के साथ साथ अपना कैरियर भी बना सकते हैं इसलिए युवा पीढ़ी अपने जीवन में खेल को अपना जीवन का हिस्सा बनाकर चलें यह आयोजन लुपंग विकाश समिति द्वारा किया गया जिसका संचालन जीतबहांन महतो ने किया इस मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य बीरेंद्र भोगता, अतीश महतो, मार्शल महतो, सुर्यनारायण महतो,साहेबराम महतो, आशाराम महतो, मुखिया शान्ति देवी, कुन्ती कुमारी, अनुज कुमार, अमन चौधरी, पवन कुमार, प्रवीण महतो, सागर केशरी, अभिषेक कुमार,नवीन कुमार, विकी कुमार, रोहित कुमार, राहुल महतो, राजेश महतो, विजय महतो, सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

## सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने दिवंगत पत्रकार मुक्ति नाथ गिरि को दी श्रद्धांजलि



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह बुधवार को खलारी पहुंचे, जहां उन्होंने हिंदुस्तान के दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय मुक्ति नाथ गिरि के निवास स्थान केडी पत्रकार कॉलोनी जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान कमांडर नीलेंदु कुमार सिंह और जीएम दिनेश कुमार गुप्ता ने उनके तस्वीर पर फूल चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने स्वर्गीय मुक्ति नाथ गिरि के पुत्र अभिनाश कुमार गिरि और अकाश कुमार गिरि से मिलकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गिरि जी का पत्रकारिता जीवन अनोखा था। वे सबकी सुनते थे, लेकिन अपनी लेखनी में सत्य के प्रति दृढ़ रहते थे। जब मैं 1990 से 2003 तक सीसीएल में था, तब उनसे एक गहरी दोस्ती बन गई थी। जिस समय उन्होंने पत्रकारिता प्रारंभ की, वह इलाका अत्यंत संवेदनशील था। ऐसे कठिन दौर में भी उन्होंने निडर होकर पत्रकारिता की। उनकी मृत्यु की खबर सुनकर अत्यंत दुःखी हूं। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी परेशानी हो मुझे अवश्य जानकारी दें। पूरा सीसीएल आप लोगों के साथ है। इस मौके पर एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर नीतीश झा भी उपस्थित थे।

## अनिल महतो टाइगर के हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी हो : विनय महतो धीरज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के नेता वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर को अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने पर भाजपा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है।राज्य में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में अपराधी पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं। रांची समेत राज्य भर में अपराधियों का तांडव बढ़ता ही जा रहा है। एक के बाद एक हत्याएं हो रही है और सरकार ?उपलब्धि गिनाने से नहीं थक रही है ।जनता भय के साये में जी रही हैं। अपराधियों का मनोबल दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस-प्रशासन अपराधी एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में पूरी तरह अक्षम दिख रही है। प्रदेश की जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार अनिल टाईगर के हत्यारे को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं करती है तो रांची बंद का ऐलान किया जाएगा।

# जेएलकेएम नेता के घर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, एकता और सौहार्द्र का दिया संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ईरबा में जेएलकेएम नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी शाकिर अंसारी के द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें जेएमएम नेता जहुर अंसारी,समाजवादी पार्टी के वरिष्ठसह प्रमुख महा सचिव नेता मुस्तफा अंसारी, मुमताज आलम, रहीम अंसारी, अब्दुल कयूम अंसारी, सलीम अंसारी, मुस्लिम फैजी व सैकड़ों रोजेदारों उपस्थित हुए और रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तारी से पहले मौलाना अयूब फलाही ने सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। वहीं नमाज



मौलाना गुलजार नदवी ने अदा कराई।इफ्तार पार्टी में सभी समाज के बड़े-बुजूर्ग, और नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। मार्च की तपती गर्मी में भी मुस्लिम समाज के लोग अपने रब की इबादत के लिए 15 घंटे भूखे प्यासे रहकर रोजा रखा। वहीं शाकिर अंसारी ने बताया कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि रमजान-उल-मुबारक को तीन अशरा (हिस्से) में बांटा गया है। पवित्र माह रमजान का पहला अशरा बरकतों का, दूसरा अशरा ग्यारहवीं रमजान से बीस रमजान तक मगफिरत का तथा 21 वीं रमजान से तीस रमजान तक जहन्नुम से आजादी का है। वहीं आज से पवित्र माह रमजान-उल-मुबारक का आखिरी अशरा जहन्नुम से आजादी शूरू हो गया है। वहीं रमजान के आखिरी अशरा एक रात लैलतूल कदर का आता है। जिस रात में रात भर जागकर इबादत करने से एक हजार महीने का सवाब मिलेगा। वहीं इस मौके पर रफीक अंसारी,मौलाना सनाउल्लाह, शाकिब अंसारी, मुस्तफा अंसारी, एजाज अंसारी ग्रामीण आदि सैकड़ों रोजेदार मौजूद थे।

## एलआईसी शाखा-2 का हुआ उद्घाटन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा-2 का पुनराधुनिकीकरण के बाद उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्र के क्षेत्रिय प्रबंधक श्रवण कुमार उपस्थित हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रवण कुमार के द्वारा उद्घाटन मुख्य अभियंता पी के जे डुंगडुंग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जमशेदपुर मंडल के वरिष्ट मंडल प्रबंधक ए बी रथ, मंडल के विपणन प्रबंधक अभिजीत भट्टाचार्य भी उपस्थित रहे। शाखा 2 के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राकेश रंजन सिन्हा ने कार्यक्रम को बहुत ही उत्साह पूर्वक सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## विधायक मगंल कालिंदी के प्रयास से राखडीह गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा की बिड़रा पंचायत अंतर्गत राखडीह गांव में बुधवार को जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के प्रयास से 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर विभाग द्वारा लगाया गया। गांव में बिजली की आपूर्ति चालू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस संबंध में प्रगतिशिल किसान सह राखडीह निवासी श्रीमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने की जानकारी विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू को दिए जाने के बाद उन्होंने विधायक मगंल कालिंदी की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को राहत दिलाई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलडीह पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ने तुरंत ही विभागीय अधिकारी से दूरभाष पर बात करते हुए शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की। उन्हें आश्वासन दिया गया कि यथाशीघ्र तत्काल एक शिक्षक विद्यालय में योगदान देंगे। मौके पर शिक्षक राज नारायण दत्त एवं अन्य अभिभावकगण मौजूद थे।

## विज्ञान व गणित को रूचिकर बनाने पर हुई शिक्षकों की कार्यशाला



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान व गणित को रूचिकर बनाने का कार्यशाला सिनी टाटा ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रखंड के कक्षा छह से दसवीं तक संचालित विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नाथो महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया । उन्होंने कहा कि विज्ञान व गणित शिक्षण को रूचिकर बनाने प्रोजेक्ट,प्रयोग एवं स्टेम शिक्षा के माध्यम से शिक्षण कार्य को विद्यालयों में बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम का अगुवाई समंदर सिंह सेंगर,रमाशंकर प्रसाद एवं अशोक कुमार ने किया । प्रशिक्षण में जिला शिक्षा कार्यक्रम समन्वयक फिल्ड कोर्डीनेटर जूलियस ब्रजमोहन,शीतल एवं 43 शिक्षक उपस्थित थे।

## चांडिल के चारो प्रखंड व कपाली के छूटे हुए गांव का जमीन का ब्यौरा ऑनलाइन चढ़ाने का मांग : सविता



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें झारखंड विधानसभा के शून्यकाल की सूचना में चांडिल अनुमंडल के चारो प्रखंड व कपाली नप के छूटे हुए गांव के जमीन का ब्यौरा ऑनलाइन चढ़ाने का मांग किया। इस दौरान उन्होंने सदन में कहा चांडिल अनुमंडल के कपाली नगर परिषद सहित चारो प्रखंड नीमडीह, चांडिल, ईचागढ़ और कुकड़ू के बहुत सारे राजस्व गांव है जिसके जमीन का ब्यौरा अंचल कार्यालय में आज तक ऑनलाइन नहीं चढ़ाया गया है। जिस कारण उन सभी गांव के बच्चों का आवासीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र व बहुत से आवश्यक कागजातों को बनाने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से लोकहित में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के वैसे सभी गांव जिनके जमीन का रिकार्ड ऑनलाइन नहीं हो सका है उसे ऑनलाइन करने का मांग किया। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो नें दिया।

## खरसावां-रड़गांव सड़क में किये गये भूमि अधिग्रहण के छुटे हुए रैयतों को मिले मुआवजा : दशरथ गागराई

**खरसावां :** खरसावां-रड़गांव पथ निर्माण योजना में किये गये भूमि अधिग्रहण के छुटे हुए रैयतों को मुआवजा का भुगतान करने की मांग जोर पकड़ने लगी है. खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने भी सरकार के समक्ष इस मांग को रखा है. विधायक दशरथ गागराई ने बुधवार को विधान सभा में शून्य काल के दौरान इस मामले को उठाया. उन्होंने कहा कि खरसावां-रड़गांव पथ निर्माण योजना के लिये खरसावां व तमाड़ अंचल के रैयतों से भूमि अधिग्रहण किया गया था. भूमि अदिग्रहण किये दस वर्ष बीत जाने के बाद भी बड़ी संख्या में संबंधित रैयतों को भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं दिया गया.विधायक दशरथ गागराई ने सदन के जरिये सरकार से खरसावां-रड़गांव पथ निर्माण योजना में किये गये गये भूमि अधिग्रहण के छुटे हुए रैयतों को मुआवजा का भुगतान करने की मांग की.

## बीआईटी मेसरा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 27-29 मार्च तक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपने नवाचार और अनुसंधान के लिए जाना जाता है, एक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। ष्सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकीष् विषय पर आधारित यह सम्मेलन 27 मार्च से 29 मार्च 2025 तक आयोजित होगा। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों को एक मंच प्रदान करना है, जहाँ वे पौधों और सूक्ष्मजीव जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने शोध और विचार साझा कर सकें। मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग अग्रवाल, अशोका विश्वविद्यालय, सोनीपत, मुख्य वक्ता डॉ. आलोक कृष्ण सिन्हा, एनआईपीजीआर, नई दिल्ली, इसके अलावा, बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना और बायोइंजीनियरिंग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुणाल मुखोपाध्याय अतिथियों का स्वागत करेंगे। यह सम्मेलन जैव प्रौद्योगिकी और सतत विकास के क्षेत्र में शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा।

## बेटी की शादी कार्ड बांटकर घर लौट रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बीते मंगलवार की रात अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बीरबांस पंचायत के चौरा गांव निवासी टोमा मुर्मू( 50) की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। तीन दिनों बाद रविवार को ही उसकी बेटी की शादी होने वाली थी। उसके शादी का कार्ड बांटने वे कांड्रा अपने रिश्तेदार के घर गए थे। वहां से देर रात कार्ड बांटकर बाइक से घर लौटने के क्रम में कांड्रा थाना अंतर्गत धातकीडीह गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा एम्बुलेंस को बुलाकर इलाज के लिए उन्हें एमजीएम अस्पताल भेज दिया जहां रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। एमजीएम में जांचोपरांत चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उनकी मौत के बाद परिवार पर पहाड़ टूट पड़ा है।

# दिल्ली में आयोजित आदि रंग महोत्सव में खरसावां छऊ नृत्य की भव्य प्रस्तुति

**- देहरीडीह के कलाकारों ने शबर नृत्य के जरिये झारखंड की जीवन शैली को रेखांकित किया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** नयी दिल्ली में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की ओर से आयोजित %आदि रंग महोत्सव 2025 खरसावां के देहरीडीह गांव के भवेश छऊ नृत्य कला केंद्र के कलाकारों ने नृत्य प्रदर्शित किया. छऊ गुरु परमानंद नंदा के नेतृत्व में छऊ कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में छऊ नृत्य पेश कर समां बांधा. झारखंड के शबर नृत्य पेश कर सामं बांधा. इस नृत्य के जरिये कलाकारों ने झारखंड की जीवन शैली को प्रस्तुत करने के साथ साथ वन्य जीव संरक्षण का भी संदेश दिया. छऊ नृत्य दल में मुख्य रुप से छऊ गुरु परमानंद नंदा, सोनु लौहार, जंगल हेंब्रम, रामनाथ सामंत, सुकराम सामंत, सुखदेव सामंत, सोमा सामंत, सुकरा मछुवा, सुकुरमनी पाडेया, सरिता जामुदा,सुमी हेंब्रम, जयमुनी सोय आदि कलाकार शामिल थे. रंग महोत्सव 2025 के सातवें संस्करण में देश भर के अलग अलग राज्यों के कलाकारों ने नृत्य कला का प्रदर्शन किया. इस फेस्टिवल में आदिवासी कला,संस्कृति और धरोहर का उत्सव मनाया गया. इस महोत्सव में राष्ट्रीय जनजातीय कला,शिल्प, नृत्य,संगीत और नाट्य की अद्भुत प्रस्तुतियां देखने को मिली.

## बालू का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेशानुसार खनिजों के अवैध भण्डारण, उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु जिला खनन कार्यालय द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में श्यामसुंदरपुर थाना अंतर्गत पुखरिया एनएच मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया। खनन निरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर चालकों को जांच हेतु रोका गया एवं वैध कागजात की मांग की गई जिसे सम्बंधित ट्रैक्टर चालक प्रस्तुत नहीं कर पाए। सभी ट्रैक्टर को जब्त कर श्यामसुन्दरपुर थाना को सुपुर्द करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## तिरूलडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना परिसर में बुधवार को ईद उल फितर, सरहुल एवं रामनवमी को लेकर बीडीओ राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ सभी पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने कहा कि शराब एवं शराबियों पर विशेष नजर रखते हुए त्योहार मनाई जाय, चुंकि नशे के हालत में आपसी विवाद उत्पन्न होने की संभावना अधिक होती है। डीजे बजाने और अश्लील गाने बजाने वाले पर कारवाई किया जाएगा। संवेदनशील जगहों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था किया जाएगा। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से प्रशासन को सहयोग करने का अपील किया। वहीं एसआई कार्तिक सिंह ने कहा कि गलत अपवाह फैलाने व हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखा जाएगा एवं अनियंत्रित व साइलेंसर खोलकर बाइक चलाने वाले पर कारवाई किया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, लाल मोहम्मद, लाल सिंह मुण्डा, गोरा चांद सिंह मुण्डा, एएसआई रंजीत प्रसाद, कृष्ण कुमार, विष्णु कुमार, अवनी, दीजपद कुमार, संजय सिंह मुण्डा, यदुनाथ कोइरी, दुलाल कुमार अजय सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील फॉउंडेशन के रक्तदान शिविर में करीम सिटी कॉलेज के छात्रों ने किया रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फॉउंडेशन द्वारा आज जमशेदपुर ब्लड बैंक धतकीडीह में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ ,जिसमें करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शामिल हुए। इसमें करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज़ के निर्देशन पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़ उपस्थित थे। इस शिविर में ईशान कुमार बिसोयी ,सुरज शाह ,निलेश सोरेन ,प्रकाश केसरी,वरुण सुरीन आदि ने रक्तदान किया। शिविर में भाग लेने वाले डॉक्टरों ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन के अंतराल में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इस शिविर में वर्षा चौधरी, बेबी महतो, जय कृष्णा धारा, रेहान रज़ा, नीलेश सोरेन, स्वर्णा मोहंती, सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाया।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया 1000 केएलडी सीवेज पम्पिंग स्टेशन का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने एक अत्याधुनिक 1000 केएलडी (किलोलीटर प्रति दिन) सीवेज पम्पिंग स्टेशन का उद्घाटन किया और एक सेप्टिक टैंक सफाई वाहन को हरी झंडी दिखाई। नई सुविधा का उद्घाटन टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सेवाओं के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने किया, जिन्होंने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा की उपस्थिति में सफाई वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर जल एवं अपशिष्ट जल सेवाओं के महाप्रबंधक संजीव कुमार झा और टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम एवं वरिष्ठ यूनियन प्रतिनिधियों भी मौजूद थी। साथ ही, 1 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाली सेप्टिक टैंक सफाई सेवा पहल को भी हरी झंडी दी गयी जिसका उद्देश्य जमशेदपुर के उन घरों में पेशेवर सेप्टिक टैंक की सफाई प्रदान करना है जो टाटा स्टील कमांड क्षेत्र के तहत टाटा स्टील यूआईएसएल के सीधे सीवर लाइन नेटवर्क से जुड़े नहीं हैं। टाटा स्टील कमांड क्षेत्र के निवासी 0657-66-46000 पर जुस्को सहयोग केंद्र से संपर्क करके सेप्टिक टैंक सफाई सेवा का उपयोग कर सकते हैं, जो 24/7 उपलब्ध है।

## राजद नेता ने किया सेवानिवृत्त रेंजर दिग्विजय सिंह का सेवा विस्तार निरस्त करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने वन विभाग के सेवानिवृत रेंजर दिग्विजय सिंह के सेवा विस्तार को निरस्त करने का मांग करते हुए उसपर पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने उनके सेवा काल में अब-तक का किए गए सभी कार्य को सीबीआई से जांच कराने की मांग भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया है। राजद नेता अर्जुन प्रसाद बताया है कि पूर्व में 17 सेवानिवृत्त रेंजरो ने वन संपदा को सुरक्षित करने के लिए राज्य सरकार से सेवा विस्तार करने हेतु गुहार लगाया था जिसे यह कहकर सेवा विस्तार नहीं किया गया कि राज्य में इस प्रावधान पर रोक लगा दी गई है। इसके बावजूद सेवानिवृत रेंजर दिग्विजय सिंह का सेवा विस्तार ही नहीं किया बल्कि उन्हें कई वन क्षेत्रों का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्य भार संभालते ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बंद पुनः आरा मशीन को चालू करवा दिया गया और अवैध रूप से वनों के अंधाधुंध कटाई एवं वन भूमि को अतिक्रमण करने वाले जमीन दलालों और लकड़ी तस्करों को संरक्षण प्रदान कर दी गई है। राजद नेता अर्जुन प्रसाद यादव ने कहा है कि यह झारखंड राज्य के लिए अतिशील गंभीर मामला है।

## बन्ना गुप्ता ने किया कदमा गणेश पूजा मैदान में डिजनीलैंड फेयर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा गणेश पूजा मैदान स्थित क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो सह डिजनीलैंड द्वारा आयोजित डिजनीलैंड फेयर का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर श्री बन्ना गुप्ता ने कहा की यह मेला न केवल कदमा वाशियों बल्कि जमशेदपुर के सभी क्षेत्रों से लोग यहाँ खरीददारी करने के लिए निश्चित ही आएंगे। यहाँ मेले मे स्थित कई तरह के झूले बच्चों को पसंद आएंगे । कुल मिलाकर इस मेले मे परिवार सभी सदस्यों के लिए कुछ न कुछ है। मेले के आयोजक संदीप कुमार श्रीवास्तव एवं उमेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा की कदमा गणेश पूजा मैदान मे पहली बार इतना भव्य तरीके से फेयर का आयोजन किया जा रहा है । यहाँ उपलब्ध सारे उत्पाद बेहतर गुणवत्ता वाले एक उचित मूल्य पर एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। मेला दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक गणेश पूजा मैदान कदमा मे सुचारु रूप से जारी रहेगा ।

## सैमसंग का फेस्टिव ऑफर्स 31 मार्च तक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के अवसर पर अपने उपभोक्ताओं के लिए शानदार ऑफर्स लेकर आई है। कंपनी ने एआई-पावर्ड रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव पर आकर्षक छूट और विशेष डील्स की घोषणा की है। ये ऑफर्स 31 मार्च 2025 तक सीमित समय के लिए उपलब्ध होंगे। चुनिंदा डिजिटल उपकरणों पर 48 प्रतिशत तक की छूट, 20,000 तक का कैशबैक और ज़ीरो डाउन पेमेंट विकल्प। वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और अन्य उत्पादों पर 499 से शुरू होने वाली विशेष वारंटी योजनाएं। डिजिटल इन्वर्टर कंप्रेसर और मोटर पर 20 साल, माइक्रोवेव के सिरेमिक इनेमल कैविटी पर 10 साल, और एयर कंडीशनर पर 5 साल की वारंटी। बीस्पोक एआई विंड फ्री एसी का मुफ्त इंस्टॉलेशन। सैमसंग के ये ऑफर्स सैमसंग डांट कांम और देशभर के चुनिंदा सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे, जिससे उपभोक्ता अपने घरों को स्मार्ट और कनेक्टेड डिवाइसेज़ से अपग्रेड कर सकें।

# त्वरित बांग्ला खबरें बराभूम दर्पण से ही मिलती हैं : पूरबी घोष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जमशेदपुर की बांग्ला खबरें एकमात्र बराभूम दर्पण न्यूज पोर्टल पर ही मिलती हैं और रात की खबरें भी त्वरित और सहज रूप से उपलब्ध होती हैं। इसके लिए बराभूम दर्पण की पूरी टीम बधाई के पात्र हैं। यह बातें बुधवार को पटमदा के लावा पंचायत मंडप में आयोजित देश का पहला राढ़ बांग्ला न्यूज पोर्टल बराभूम दर्पण के चतुर्थ स्थापना दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी रह चुकीं समाजसेवी पूरबी घोष ने कहीं। उन्होंने कहा कि पटमदा, बोड़ाम समेत जमशेदपुर की खबरें बांग्ला में पढ़ने को मिलती हैं जिसका स्वाद अलग ही होता है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा से सभी को प्रेम होता है इसलिए बांग्ला में नियमित खबरें मिलती रहे यही आग्रह होगा। विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि वे बराभूम दर्पण के नियमित पाठक हैं और इसके आने से क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में आसानी से पता चलता है और इसके माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को भी उजागर करने का मौका मिलता है। सांसद प्रतिनिधि शिवचरण सिंह सरदार ने कहा कि यह समाचार माध्यम कई मायनों में हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत भले ही बांग्ला भाषा के उत्थान को लक्ष्य करके की गई थी लेकिन बाद में हिन्दी में खबरों की जरूरत महसूस हुई तो वर्तमान में हिन्दी खबरों की संख्या में वृद्धि हुई है। पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता ने कहा कि बराभूम दर्पण क्षेत्र के लोगों की आवाज है और इसमें निष्पक्ष खबरें प्रकाशित होती हैं। कार्यक्रम को समाजसेवी आस्तिक महतो, पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत, कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज सिंह, अरुण कुमार, पंचानन दास, जगदीश प्रसाद मंडल, तरुण कुमार, प्रबोध कुमार महतो, स्वपन कुमार महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन निताई चंद्र गोराई व प्रबोध महतो ने संयुक्त रूप से किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बराभूम दर्पण के संपादक व प्रकाशक कल्याण कुमार गोराई ने किया। मौके पर क्षेत्र के दर्जनों रक्तदाताओं को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


विचार प्रवाह

संपादकीय

# आधी-अधूरी खुशी

हाल में जारी 'हैप्पीनैस इंडेक्स' में भारत की स्थिति में कुछ सुधार की बात तो जरूर सामने आयी है, लेकिन हमारी खुशी के सूचकांक को यूक्रेन, फिलीस्तीन, नेपाल व पाक से पीछे बताना गले नहीं उतरता। खुशी के मानक निर्धारण के जो पैमाने पश्चिमी देशों द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं, उनकी विश्वसनीयता व तार्किकता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। हमारी प्रगति की राह पर सदियों की गुलामी के दंश अभी पूरी तरह मिटे नहीं हैं। निस्संदेह, देश में गरीबी है, बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई है, सामाजिक सुरक्षा में पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। लेकिन तबाह हो चुका फिलीस्तीन, युद्ध में बर्बाद यूक्रेन व दुनिया में मदद मांगता फिरता पाकिस्तान खुशी के मामले में हम से आगे नहीं हो सकते। भले ही देश में आर्थिक विषमता हो, पूंजी का केंद्रीयकरण चंद हाथों में हो, लेकिन इसके बावजूद हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती आर्थिकी हैं। लेकिन इसके बावजूद दर्शाए खुशी के सूचकांक सरकारों को आईना दिखाते हैं कि हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, सामाजिक सुरक्षा मिले, काम के अवसर मिलें। मंथन हो कि हमारी रीति-नीतियों में कहां खोट रह गयी कि हम कथित खुशी के सूचकांक में गरीब मुल्कों के पीछे दर्शाए जा रहे हैं। हर राष्ट्रवादी व्यक्ति को ये बात चुभती है कि उसका देश खुशी के मानकों में पिछड़े देशों से भी क्यों पिछड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुश देश बताया जा रहा है। इसी कड़ी में डेनमार्क व स्वीडन भी हैं। ये विकसित देश भारत के एक शहर जितनी आबादी वाले देश हैं। इनके यहां साक्षरता दर ऊंची है व समृद्ध संसाधन उपलब्ध हैं। कहते भी हैं छोटा परिवार सुखी परिवार होता है। हमारे देश में प्रांतीय, जातीय व धार्मिक अस्मिता के नाम पर जनसंख्या बढ़ाने की दलीलें दी जा रही हैं। दुहाई दी जाती है कि हमारा धर्म इजाजत नहीं देता कि परिवार नियोजन अपनाया जाए। संसाधन सीमित हैं और खाने वाले मुंह लगातार बढ़ते जा रहे हैं। फिर भी शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार एक हकीकत है, जिसको लेकर तमाम राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय आंकड़े समय-समय पर आते रहते हैं। भ्रष्टाचार का मतलब है कि किसी के वाजिब हक का मारा जाना। शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हम यदि पिछड़े हैं तो कहीं न कहीं ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता भी है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विडंबना है कि मतदान का अधिकार रखने वाले चुनाव के दौरान योग्य प्रतिनिधियों के चयन से चूकते हैं। यही वजह कि जनप्रतिनिधि संस्थाओं में दागदार नुमाइंदों की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। जब ऐसे तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनेंगे तो खुशी कहां से आएगी? स्पष्ट है कि यदि हम खुशी के मानकों में खरे नहीं उतरे हैं तो नीतियां बनाने वालों को आत्ममंथन करना होगा। जागरूक नागरिक व जिम्मेदार राजनीतिक नेतृत्व तसवीर बदल सकता है।

खुशी के मानक निर्धारण के जो पैमाने पश्चिमी देशों द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं, उनकी विश्वसनीयता व तार्किकता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। हमारी प्रगति की राह पर सदियों की गुलामी के दंश अभी पूरी तरह मिटे नहीं हैं। निस्संदेह, देश में गरीबी है, बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई है, सामाजिक सुरक्षा में पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। लेकिन तबाह हो चुका फिलीस्तीन, युद्ध में बर्बाद यूक्रेन व दुनिया में मदद मांगता फिरता पाकिस्तान खुशी के मामले में हम से आगे नहीं हो सकते। भले ही देश में आर्थिक विषमता हो, पूंजी का केंद्रीयकरण चंद हाथों में हो, लेकिन इसके बावजूद हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती आर्थिकी हैं। लेकिन इसके बावजूद दर्शाए खुशी के सूचकांक सरकारों को आईना दिखाते हैं कि हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, सामाजिक सुरक्षा मिले, काम के अवसर मिलें। मंथन हो कि हमारी रीति-नीतियों में कहां खोट रह गयी कि हम कथित खुशी के सूचकांक में गरीब मुल्कों के पीछे दर्शाए जा रहे हैं। हर राष्ट्रवादी व्यक्ति को ये बात चुभती है कि उसका देश खुशी के मानकों में पिछड़े देशों से भी क्यों पिछड़ रहा है।

## आज का कार्टून




आप का नजरीया

# गर्मी के तल्ख तेवर

कभी जिस मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य श्रृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

**महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं**

# क्या महिला किसानों तक पहुँच रही है तकनीक?

**प्रियंका सौरभ**

डिजिटल तकनीक और छोटे-मोटे हस्तक्षेपों ने भारतीय कृषि में महिलाओं के लिए परिदृश्य को काफ़ी हद तक बदल दिया है। इन नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाज़ार तक पहुँच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से सम्बंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है। डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफ़ॉर्म, जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) और एग्रीबाज़ार जैसे प्लेटफ़ॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की ज़रूरत नहीं पड़ती। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुँच से लाभ होता है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी इन महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के माध्यम से बाजरा की खेती का समर्थन करती है। महिलाओं पर बोझ कम करने में मदद करने के लिए बीज बोने वाले, हाथ से चलने वाले ट्रैक्टर और सोलर ड्रायर जैसे सरल कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। सरकारी पहल मशीनीकृत उपकरणों के लिए



सब्सिडी प्रदान करती है, जो महिलाओं के लिए फायदेमंद है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना जैसे एनजीओ और सरकारी कार्यक्रम आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। डिजिटल साक्षरता पहल महिला किसानों को नए तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। महिलाएँ जैविक खेती, पर्माकल्चर और जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों में तेज़ी से शामिल हो रही हैं। वर्मीकम्पोस्टिंग पिट, छत पर बगीचे और कृषि वानिकी जैसे छोटे पैमाने के हस्तक्षेप स्थायी आय में योगदान करते हैं। टाटा ट्रस्ट्स द्वारा लखपति किसान पहल ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं को कृषि प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स में प्रशिक्षित किया है। डिजिटल ग्रीन पहल ग्रामीण महिलाओं को बेहतर खेती के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए वीडियो का उपयोग करती है। वाग्धारा जैसे किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) महिलाओं को सामूहिक रूप से बेहतर कीमतों पर बातचीत करने में सहायता करते हैं। आज की दुनिया में, डिजिटल तकनीक और छोटे-छोटे हस्तक्षेप कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरागत रूप से, महिलाओं को निराई, थ्रेसिंग और डी-हल्किंग जैसे श्रम-गहन और समय लेने वाले काम सौंपे जाते रहे हैं। हालाँकि, मशीनीकरण उनके कार्यभार को हल्का करने में मदद करता है, जिससे उन्हें अधिक मूल्यवान कृषि गतिविधियों में संलग्न होने की अनुमति मिलती है। मोबाइल ऐप, हेल्पलाइन और सलाहकार सेवाओं सहित डिजिटल उपकरण महिलाओं को अप-टू-डेट बाज़ार और मौसम की जानकारी प्रदान करते हैं, जो बेहतर फ़सल योजना और संसाधन प्रबंधन में सहायता करता है। कई महिलाओं को ऋण और वित्तीय संसाधनों तक पहुँचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो आधुनिक कृषि तकनीकों में निवेश करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। सौभाग्य से, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म मछली विक्रेताओं और किसानों जैसी महिलाओं को स्वतंत्र रूप से लेन-देन करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम होती है। महिलाओं को कृषि मशीनरी चलाने के कौशल से लैस करके, ये छोटे-छोटे हस्तक्षेप जड़ जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हैं और महिलाओं को खेती में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाते हैं। सूचना और प्रौद्योगिकी तक पहुँच महिलाओं की पारंपरिक बाधाओं को दूर करने और अपनी स्वतंत्रता का दावा करने की क्षमता को बढ़ाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिलाएँ डिजिटल साक्षरता से जूझती हैं, जो मोबाइल एप्लिकेशन और ऑनलाइन सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है। स्मार्टफ़ोन तक सीमित पहुँच और अविश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन से स्थिति और भी खराब हो गई है। सामाजिक मानदंड निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी को प्रतिबंधित करना जारी रखते हैं। घरेलू स्तर पर निवेश अक्सर उन तकनीकों पर केंद्रित होता है जो मुख्य रूप से पुरुषों को लाभ पहुँचाती हैं, महिलाओं की अनूठी ज़रूरतों की उपेक्षा करती हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी नीतियाँ और कृषि विस्तार सेवाएँ अक्सर लिंग-विशिष्ट मुद्दों को अनदेखा करती हैं। केवल 13% ग्रामीण महिलाओं के पास ज़मीन है, इसलिए ऋण और कृषि कार्यक्रमों तक उनकी पहुँच बहुत सीमित है। कृषि और मत्स्य पालन में मशीनीकरण के बढ़ने से महिलाओं की नौकरियाँ चली गई हैं, जिससे उन्हें अधिक अस्थिर और अनौपचारिक रोज़गार में जाना पड़ रहा है। मछली बाज़ारों में बड़े खरीदारों और निर्यात व्यापारियों के बढ़ते प्रभुत्व ने छोटे पैमाने की महिला विक्रेताओं को हाशिये पर धकेल दिया है, जिससे मछली की आपूर्ति और उचित मूल्य तक उनकी पहुँच सीमित हो गई है। हालाँकि मोबाइल एप्लिकेशन, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और डिजिटल भुगतान प्रणाली नए अवसर प्रदान करती हैं, फिर भी कई ग्रामीण महिलाओं को स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट एक्सेस और डिजिटल कौशल की कमी के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में सिर्फ़ 31% ग्रामीण महिलाओं के पास स्मार्टफ़ोन हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह आँकड़ा 51% है।

नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाज़ार तक पहुँच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से सम्बंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है। डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है।

दृष्टि कोण

# हिंदी विरोध के पीछे सांप्रदायिक पूर्वाग्रह भी हैं

देश के धुर दक्षिणी प्रान्त तमिलनाडु में भारत की राष्ट्रभाषा- हिन्दी के विरोध में एक बार फिर से राजनीति गरमा रही है। अपनी राजनीति को बचाने के लिए प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री स्टालिन हिंदी विरोध को नए ढंग से हवा देते हुए दिखाई दे रहे हैं। हमारे देश के राजनीतिज्ञों की यह प्रवृत्ति बन चुकी है कि वे निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए राजनीति को मनचाहे ढंग से हांकते हैं। हिंदी का विरोध करने वाले राजनीतिक लोगों का यह आरोप अनर्गल है कि इस समय केंद्र अपनी नई शिक्षा नीति के माध्यम से प्रदेश पर हिंदी को थोपने का काम कर रहा है। जब अमेरिका जैसा विशाल देश भी अमेरिकन इंग्लिश को अपनी राष्ट्रभाषा घोषित कर सकता है तो भारत को यह अधिकार क्यों नहीं है कि वह भी हिंदी को अपनी राष्ट्रभाषा घोषित करे ? परन्तु भाषा के नाम पर होने वाले इस प्रकार के विरोध प्रदर्शन ही केंद्र सरकार को हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने से रोक देते हैं। तोड़फोड़ और विखंडन के माध्यम से राष्ट्रवाद को कमजोर करने वाले असदुद्दीन ओवैसी और एमके स्टालिन जैसे राजनीतिज्ञों को जब कोई अन्य मुद्दा नहीं मिलता है तो वह अपनी परंपरागत राजनीति के माध्यम से लोगों के बीच विभेद उत्पन्न करने की नीति पर आ जाते हैं। वास्तव में इस समय देश की केंद्र सरकार को भाषा नीति के संबंध में स्पष्ट नियम बनाने चाहिए। इस बात पर आम सहमति बननी चाहिए कि हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने के साथ-साथ स्थानीय भाषाओं को भी सम्मान के भाव से देखा जाता रहेगा , परंतु राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और लोगों के बीच हिंदी को संपर्क की भाषा बनाने के दृष्टिगत हिंदी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिलना समय की आवश्यकता है। यह बहुत ही दुःखद है कि असदुद्दीन ओवैसी जैसे राजनीतिक व्यक्ति भारत में अंग्रेजी की वकालत करते हुए दिखाई दें तो इसके पीछे कारण केवल एक है कि असदुद्दीन ओवैसी यह भली प्रकार जानते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में यदि वह उर्दू का पक्ष लेते हुए दिखाई देंगे तो लोग उन्हें किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे । तब उनके लिए



यह सरल है कि हिंदी के विरोध में दक्षिण के राज्यों के लोगों को उकसाया जाए और इसे एक मुद्दा बनाए रखकर राजनीति को भी गरमाए रखा जाए। तमिलनाडु में जिस प्रकार भाजपा अपना जनाधार बढाती जा रही है, उसे रोकने के लिए एमके स्टालिन के लिए यह सरल है कि वह हिंदी के विरोध में लोगों को भड़का दें। इस प्रकार की परिस्थितियों में स्पष्ट हो जाता है कि तमिलनाडु में हिंदी के विरोध में जो कुछ भी किया जा रहा है, उसके पीछे केवल और केवल राजनीति खड़ी है। लोग वहां पर रेलवे स्टेशनों पर हिंदी में लिखे नामों को मिटा रहे हैं , यदि ऐसा करने वाले लोगों कोई यह पता चल जाए कि ऐसा करने से उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही हो सकती है तो वह कभी भी ऐसा गैर कानूनी और राष्ट्र विरोधी कार्य नहीं करेंगे। वह ऐसा कार्य तभी कर पा रहे हैं जब उन्हें राजनीति छूट दे रही है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि एक समय वह था जब दक्षिण के लोग हिंदी का इसलिए विरोध करते थे कि हिंदी उर्दू ,अरबी, फारसी के शब्दों से भरी हुई ' खिचड़ी भाषा ' के रूप में उन्हें दिखाई देती थी। वह संस्कृतनिष्ठ हिंदी के समर्थक रहे हैं । अतः उन्हें उर्दू मिश्रित हिंदी का विरोध करना ही चाहिए था ? इस प्रकार दक्षिण के हिंदू समाज के लोग शुद्ध राष्ट्रवादी दृष्टिकोण अपना कर हिंदी का विरोध कर रहे थे । जबकि ओवैसी जैसे लोग उर्दू की स्थिति को मजबूत करने के लिए हिंदी के स्वरूप को बिगाड़ने का खेल खेल रहे हैं। कहने का अभिप्राय है कि ओवैसी की मानसिकता सांप्रदायिक है और वह सांप्रदायिक आधार पर ही हिंदी का विरोध कर रहे हैं । अपने इसी दृष्टिकोण से आत्मप्रेरित होकर वह लोगों को हिंदी विरोध में उकसा रहे हैं। इसी समय दक्षिण भारत में ईसाई मिशनरियों की ओर भी हमें देखना चाहिए। ईसाई मिशनरियों की मानसिकता प्रारंभ से ही भारत में ईसा मसीह की शिक्षाओं को लागू करना रहा है। इसके लिए वह अंग्रेजी साहित्य को प्रोत्साहित कर बाइबिल की शिक्षाओं को भारत के लोगों पर लादना चाहते हैं। यह खेल सदियों पुराना है। आज जब देश के भीतर ईसाई मत को मानने वाले लोगों की संख्या अच्छी खासी हो गई है, तब ईसाई मिशनरियों या ईसाई लोगों के द्वारा दक्षिण में हिंदू और हिंदी का विरोध करना भी उनकी मजहबी सोच को ही प्रकट करता है। दक्षिण के और विशेष रूप से तमिलनाडु के लोगों को वह अंग्रेजी के प्रति पूर्वाग्रह रखने के लिए प्रेरित करते हैं। यह दुखद है कि आज दक्षिण के इस प्रांत में हिंदी को उपेक्षित कर अंग्रेजी के समर्थन में नारे लगाए जाते हैं । कितना अच्छा होता कि हिंदी का विरोध करने वाले लोग तमिलनाडु के रेलवे स्टेशनों पर अंग्रेजी में लिखे नाम को भी मिटाते ? हिंदी के मूल्य पर अंग्रेजी की वकालत करने वाले लोगों को पश्चिमी जगत भी प्रोत्साहित कर रहा है। जबकि ओवैसी जैसे राजनीतिक लोगों को भी ऐसी कई देश विरोधी शक्तियों का समर्थन प्राप्त है जो भारत के लोगों को परस्पर के तुच्छ विवादों में उलझाए रखना चाहती हैं। इस प्रकार दक्षिण के भाषा संबंधी विवाद को इस्लाम और ईसाइयत की इस मजहबी संकीर्ण सोच के माध्यम से भी देखने की आवश्यकता है। दुर्भाग्यवश भारत की राजनीति और राजनीतिज्ञों को सब कुछ पता होते हुए भी विवाद की सबसे संवेदनशील नब्ज पर कोई भी हाथ नहीं रखेगा। यहां तक कि भाजपा भी ऐसा नहीं करेगी। इसका अंतिम परिणाम यह आता है कि मजहब के आधार पर राजनीति करने वाले कथित सेकुलर दलों की दाल गलती रहती है और राष्ट्र का अहित होता रहता है।

पाठ पत्र

# मनोबल गिराने वाली कार्रवाई...

किसी भी देश की सेना उस देश की आन, बान और शान होती है। अपने जीवन को देश की खातिर अर्पित कर, यह सैन्य बल देश की आजादी, अमन-चैन को कायम कर हमें खुली हवा में चैन की सांस लेने और नागरिक समाज को परिवारों सहित देश के भीतर खुशहाल बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। अभी हाल ही में पंजाब राज्य के पटियाला में ऑन ड्यूटी सेवा में रहते हुए एक कर्नल साहब पुष्पेंद्र सिंह बाथ एवं उनके बेटे को पटियाला पुलिस के एक नहीं, बारह पुलिस के जवानों ने मिलकर डंडों से निर्ममता के साथ पिटाई कर अधमरा कर दिया। ऐसा अत्याचार तो कोई दुश्मन देश भी हमारे जवानों को पकडने के बाद उन पर नहीं करता। यह कार्रवाई सैन्य बलों का मनोबल गिराने वाली है। दोषियों को दंड मिलना चाहिए।

**-ठाकुर तारा, सुंदरनगर, मंडी**

## वैश्विक होती दुनिया में पेड़

फलक पर सबसे अहम् गणना, जनगणना मानी जाती है। हालांकि पालतू-पशु, वन्य जीव और वृक्षों की गिनती भी होती रही है, लेकिन इन्हें जनगणना के मुकाबले अहमियत नहीं दी जाती। यही वजह रही कि विश्व स्तर पर वृक्षों की, की गई गिनती के निष्कर्षों को समाचार माध्यमों ने उतना महत्व नहीं दिया, जितना दिया जाना चाहिए था, जबकि पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं है। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं।

**-प्रमोद भार्गव**

प्रेरक प्रसंग

# अपनी बुराई सुनकर परेशान नहीं होना चाहिए

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत



नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

कुछ अलग

# महावीर स्वामी की शिक्षाओं से क्या सीखें

डेढ़ बाजार की भीड़ में, ट्रैफिक के शोर में, भागते समय के पहियों के नीचे, क्या कभी रुक कर हमने अपने भीतर झांकने की कोशिश की है? जिस आत्मा के साथ हम इस दुनिया में आए, क्या वह आत्मा अब भी वैसी ही शांत, निर्मल और उज्ज्वल है? शायद नहीं। और यही वह क्षण है जब महावीर स्वामी की वाणी की गूंज हमें भीतर तक झकझोर देती है। उन्होंने ही कहा था- "परिग्रह (मोह, लोभ) ही दुखों की जड़ है।" महावीर स्वामी, जिनका जन्म राजमहलों में हुआ, उन्होंने वह सबकुछ त्याग दिया, जिसे हम जीवन की उपलब्धि मानते हैं। क्यों? क्योंकि उन्होंने जान लिया था कि बाहरी दुनिया की दौलत हमें भीतर की शांति नहीं दे सकती। आज हम भी उन्हीं महलों के नए रूप – बड़ी गाड़ियां, मोबाइल, चमकदार कपड़े, सोशल मीडिया की वाहवाही आदि में उलझे हैं। लेकिन क्या इन सबसे हमें सच्चा सुकून मिलता है? शायद नहीं। महावीर की पहली और सबसे बड़ी शिक्षा है – "अहिंसा परमो धर्मः" हम सोचते हैं, "मैंने किसी को मारा नहीं, तो मैं अहिंसक हूं।" लेकिन क्या यह पूरा सच है? हमारी वाणी की हिंसा – किसी को कटु बोल देना, किसी का अपमान कर देना, किसी की निंदा करना – ये सब हिंसा नहीं है क्या? आज के इस असहिष्णु समय में, जहाँ छोटी-छोटी बातों पर रिश्ते टूट रहे हैं, वहां अगर हम केवल महावीर की अहिंसा को जी लें, तो दुनिया कितनी सुंदर हो सकती है। अहिंसा केवल तलवार न उठाना नहीं है, विचारों, वाणी और व्यवहार से किसी को आहत न करना भी अहिंसा है। दूसरी महत्वपूर्ण सीख है – "सत्य"। महावीर कहते हैं, "जीवन में जो भी कहो, सोच-समझ कर कहो, और वही कहो जो सच हो।" लेकिन क्या हम ऐसा करते हैं? हम अपने बच्चों से, मित्रों से, जीवन साथी से, ऑफिस में – हर जगह झूठ का सहारा लेते हैं। कभी डर के कारण, कभी अपने स्वार्थ के कारण। पर क्या यह झूठ हमें सुख देता है? नहीं। हर झूठ के पीछे छिपा डर, हमारी आत्मा को कचोटता रहता है।

देश दुनीया से

# राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस में मंथन शुरू

डेढ़ सौ साल पुरानी देश की इकलौती पार्टी कांग्रेस में इन दिनों संगठन की मजबूती के लिहाज से "सर्जरी" का दौर चल रहा है। पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी के गुजरात में दिए बयान के बाद निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर करने की कवायद शुरू हो गई है। अपने ही कार्यकर्ताओं की निष्ठा एवं समर्पण पर सवाल तथा भाजपा से कथित सांठ-गाँठ के आरोप के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राजनीतिक विचारधारा के "डीएनए" की जांच पर पार्टी में अंदरखाने घमासान है। इसके साथ ही देश के लगभग सभी सूबों में कांग्रेस संगठन में बदलाव कर निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को बाहर कर नए कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देने का काम शुरू हो गया है। उधर, भाजपा ने राहुल गांधी के बयान तो लेकर कटाक्ष करते हुए उनकी अगुवाई में कांग्रेस के सबसे खराब प्रदर्शन की बात कहकर एक नया राजनीतिक विमर्श भी सेट कर दिया है। दरअसल, बीते दिनों गुजरात दौरे पर गए राहुल गांधी ने अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि पार्टी में दो तरह के नेता है। एक वो, जो जनता के साथ खड़े होते हैं, उनके लिए लड़ते हैं और उनका सम्मान करते हैं क्योंकि उनके दिल में कांग्रेस है। दूसरे, जो अलग-थलग बैठते हैं, लोगों का सम्मान नहीं करते और भाजपा के साथ सांठ-गांठ करते हैं। कांग्रेस में शेर तो हैं लेकिन वे चेन से बंधे हैं। अगर जरूरत हुआ, तो तीस चालीस प्रतिशत लोगों को कांग्रेस से बाहर निकाला जा सकता है। पार्टी फोरम पर अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के विरुद्ध दिए गए इस बयान के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन का दौर शुरू हो गया है। पार्टी पदाधिकारी इस बयान को राहुल गांधी द्वारा पार्टी को मजबूती प्रदान करने की एक "सच्ची" कोशिश मान रहे हैं। वहीं, कुछ लोग गुप-चुप रूप से ही सही यह भी कहने से नहीं चूक रहे कि कार्यकर्ताओं के विरुद्ध इस कथित टिप्पणी से उनका मनोबल काम होगा और भाजपा के साथ लड़ाई में कांग्रेस एक बार फिर से कमजोर होगी। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद एक बार फिर से यह सवाल खड़े हुए कि आखिरकार कांग्रेस की हार के कारण क्या हैं? हार के मंथन के दौरान इंडिया गठबंधन के साथ पार्टी के तालमेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रियता और पार्टी के प्रति उनके समर्पण पर भी सवाल उठे।

# आरटीई मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कमजोर व अभिवंचित वर्ग के बच्चों के नामांकन हेतु प्राचार्यों के साथ हुई बैठक

**व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अप्रैल माह में पात्र छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता मे निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 से संबंधित जिले के मान्यता प्राप्त 05 निजी विद्यालयों मे 25 प्रतिशत कोटे के तहत अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक सत्र 2025-2026 मे नामांकन के लिए डी.ए.भी.पब्लिक स्कूल, चतरा, डी.ए.भी.पब्लिक स्कूल, बचरा, डी.ए.भी.पब्लिक स्कूल एन.टी.पी.सी.टण्डवा, इन्दुमति टिबडेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा, कृष्णा किड्स प्ले स्कूल, चतरा विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की उपस्थिति मे समाहरणालय सभा कक्ष मे बैठक की गई। जिसमे उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नामांकन हेतु विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अप्रैल माह मे पात्र छात्र-छात्राओं



का नामांकन सुनिश्चित किया जाय। इस बैठक मे जिला शिक्षा अधीक्षक-रामजी कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी -मोनीदीपा बनर्जी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी -राकेश कुमार पाण्डेय, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, चतरा एवं टण्डवा तथा उक्त पाँचो विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा काम, मरम्मती के नाम पर हो रही खानापूर्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के बारियातु पंचायत भवन की मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। मरम्मती कार्य ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा कराया जा रहा है। प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत भवन की मरम्मती का निविदा निकाला गया है।यह कार्य डिएमएफटी मद से किया जा रहा है। परन्तु संवेदक के द्वारा मरम्मती का कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं कर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति करते हुए सरकारी पैसे की द्रुपयोग किया जा रहा है। और पुराने व जर्जर प्लास्टर पर ही जैसे तैसे पेंट व पुट्टी किया जा रहा है। मरम्मती कार्य में खानापूर्ति देख ग्रामीणों ने विरोध जताया और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में कार्य करवाने की मांग उपायुक्त से किया है। बताया गया कि बारियातु पंचायत भवन 2008-9 में लगभग 15 लाख रुपए की लागत से बना था।और आज उसी पंचायत भवन की मरम्मती का कार्य लगभग 25 लाख रुपए से किया जा रहा है। इतने पैसा खर्च होने के बावजूद मरम्मती कार्य में सिर्फ निपा पोती किया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने प्राक्कलन के अनुसार कार्य करवाने की मांग किया है। इस संबंध में विभाग के जेई ने बताया कि मरम्मत कार्य में जितने भी छतिग्रस्त हिस्सा है उसे हटा कर ही कार्य करना है।

## महुआ चुनने को लेकर जंगलों में लगाई आग, कीमती पेड़ पौधे हो रहे हैं जल कर खाक



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कान्हुखाप जंगल में भीषण आग के चपेट में कीमती पेड़ पौधे जलते जलते बच गया है। यह आग ग्रामीण द्वारा महुआ चुनने को लेकर लगा दी जाती है। जिसका नतीजा है कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों का कीमती पेड़ पौधे जल कर नष्ट हो जाता है। साथ हीं जंगली पशु पक्षी भी जल कर उसकी मौत हो जाती है। आपको बता दें कि इस तरह का प्रत्येक वर्ष महुआ चुनने को लेकर जंगलों में भीषण आग लग जाती है। परंतु हैरत की बात है कि वन विभाग के कर्मियों की इसकी कोई प्रवाह नहीं रहती है। वन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष करोड़ों खर्च तो पौधे लगाने से लेकर बचाने तक किया जाता है परंतु वन रक्षा नहीं होने के कारण जंगलों को इन दिनों नष्ट किया जा रहा है ग्रामीणों जंगलों में घर बना कर जंगलों को तहस नहस कर दिया गया है। आपको बता दे कि पत्रकार मोकिम अंसारी और पत्रकार अशोक कुमार ने क्षेत्र भ्रमण या खबर संकलन करने के दौरान जंगल में आग लगा देख जंगल में घुस गए और आग पर काबू पाया। जिससे करोड़ों का वन संपति जलने से बच गया। वैसे में बड़ी सवाल यह है कि क्या जंगलों में आग लगने की कोई सूचना नहीं होती है। या जान बुझ कर जंगलों को बचाया नहीं जाता है ।जिसका नतीजा है कि जंगल का क्षेत्र धीरे धीरे सिकुड़ता जा रहा है और जंगलों से कीमती पेड़ पौधे काट कर व्यवसाई लोग मालो माल हो जा रहा है। महज जंगलों को बचाने के नाम पर वर्षो से केवल तनख्वाह कर्मियों द्वारा लिया जा रहा है। हाल हीं में हजारों पौधे लगाए गए हैं किंतु पानी पटावन नहीं होने कारण पौधों की मौत हो गई है। जिसे लगाने के लिए करों रुपए खर्च किया गया है।

# एसडीओ के आदेश और निर्देश को भी बसरिया मेला मालिक दिखा रहे हैं ठेंगा

- बसरिया मेला संचालक को 23 मार्च तक है आदेश प्राप्त, किंतु अब भी है संचालित
- भीड़भाड़ होने के कारण स्कूली बच्चों का दुर्घटना से इंकार नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र में वार्षिक पशु मेला लगने वाला बसरिया मेला में मेला संचालक द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को ठेंगा दिखाया जा रहा है। आपको बता दें कि यह मेला होली बीत जाने के बाद सुबह से बसरिया मेला लगना शुरू हो जाता है। जहां बसरिया मेला लगाने के लिए कानूनी तौर पर अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी द्वारा घटना दुर्घटना एवं किसी प्रकार का मेला में हुड़दुंगी को लेकर नो ऑब्जेक्शन का प्रमाण पत्र दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र एक सीमित समय के लिए दिया जाता है। परंतु हैरत की बात है कि बसरिया मेला संचालन या लगाने के लिए मेला मालिक को महज 23 मार्च तक हीं दिया गया था। किंतु आज बुधवार 26 मार्च गया है और मेला जारी है वहीं मेला मालिक द्वारा गैरमौजूरुआ भूमि में लगा मेला से अवैध उगाही भी की जा रही है। ऐसे में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी को ठेंगा दिखाया जा रहा है। और तो और मेला में हीं एक विद्यालय है जो बच्चों का पठन पाठन जारी है। जहां भीड़भाड़ होने के कारण स्कूली बच्चों का दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। वैसे में उक्त विद्यालय काफी प्रभावित मेला से हो रहा है।

## शांति समिति की बैठक हुई संपन्न, भाईचारगी के साथ मनाये त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत ईद व रामनवमी तथा सरहुल पर्व को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह व संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान तीनों पर्व को शांतिपूर्ण, भाईचारागी के साथ मनाने का निर्णय लिया। पंचायत वार लाइसेंसी व गैरा लाइसेंसी जुलूस की समीक्षा की गई।पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह ने कहा कि पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाए। अफवाह पर ध्यान नहीं दे। कही किसी तरह की सूचना मिलने पर पुलिस को देने की बात कही। वही सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। माहौल खराब करने वालों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। वहीं प्रमुख ने अनीता यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर



विशेष नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि जुलूस में डीजे साउंड लदे वाहन का रजिस्ट्रेशन व अनापत्ति प्रमाण पत्र थाना में जल्द जमा करें। वाहन से बाहर साउंड बांधने वाले जप्त किया जाएगा। जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। साथी विवादित गाना नहीं बजाने की अपील किया। बैठक में बीडीओ राहुल देव, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, महादेव दांगी, दांगी कुशवाहा समाज जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, कविंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव, राजू लाल वर्मा, शकूर मियां, तौफीक अंसारी, चमारी दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी को लेकर कुंदा थाना परिसर में बुधवार को सीओ दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, वही बैठक का संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने किया। बैठक मे उपस्थित कई बुद्धिजीविओ ने रामनवमी पर्व को लेकर अपनी अपनी सुझाव को रखा। वही थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा की हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाएगी किसी भी परस्थिति मे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।रामनवमी पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हुडदगियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस बैठक में स्थानीय लोग,रामनवमी पूजा कमिटी व जनप्रतिनिधिओ ने रामनवमी पूजा के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही। वही थाना प्रभारी ने कहा की पर्व के दौरान किसी को भी अप्रिय सूचना मिले तो इसकी सूचना तुरंत कुंदा पुलिस को दे। बैठक मे कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, समाजसेवी अनिल यादव, सतेंद्र सिंह, लवकुश गुप्ता, रंजीत भोक्ता,सतेंद्र यादव,समेत कई अन्य शामिल थे।

## प्रखंड स्तरीय कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का गारू में सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के गारू प्रखंड परिसर में बुधवार को कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी, पलामू के सह निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार उपस्थित थे। साथ ही, जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू, उप परियोजना निदेशक आत्मा लातेहार सविता उराँव, बीएओ, वीएलडब्ल्यू, एटीएम, किसान मित्र और क्षेत्र के अनेक किसान भाई-बहन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।कृषि मेले में भाग लेने वाले किसानों द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट प्रदर्शनों में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में लगभग 50 किसानों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना और उनकी उत्पादकता में वृद्धि करना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और किसानों का सहयोग सराहनीय रहा।

## लाल मोती नाथ शाहदेव लगातार पांचवीं बार झामुमो लातेहार जिलाध्यक्ष नियुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के शीर्ष नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता लाल मोती नाथ शाहदेव को लगातार पांचवीं बार लातेहार जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है, जो उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। श्री शाहदेव ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा कि वे पार्टी के सभी दायित्वों को पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे तथा पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को सशक्त रूप से लागू करने का प्रयास करेंगे। उनका उद्देश्य लातेहार जिले में पार्टी को और मजबूत करना और झारखंड की जनता के बीच झामुमो के विचारों का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि वे एकजुट होकर पार्टी के लक्ष्यों को पूरा करेंगे।

# निलांबर पीताम्बर की शहादत दिवस मनाने को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड के स्थित कांडरका नदी के समीप बारीखाप मे निलांबर पीताम्बर स्थल मे 28 मार्च को निलांबर पीताम्बर की शहादत दिवस मनाने को लेकर प्रखण्ड अध्यक्ष बहादुर गंझु के अध्यक्षता मे समीक्षात्मक बैठक बैठक की गई। बैठक में नीलाम्बर पीताम्बर शहादत दिवस हर्षोउल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए समिति की ओर से विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे बहादुर गंझु ने बातया की प्रखंड के सभी नौ पंचायत के 56 गावं से ढोल नगाड़े के साथ कार्यक्रम समारोह में शामिल होंगे. जिसमें सभा समारोह का मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम शामिल होंगे। समिति की ओर से समारोह मे अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की गई है। मौके पर मोहन कुमार गंझु, जुगेशवर गंझु, बहादुर गंझु, अशोक गंझु, जगदीश गंझु, रामलाल गंझु, तेजू गंझु, गुड़न गंझु, चरकु गंझु, विनोद गंझु, निरेंजन गंझु, दीपक गंझु, ब्रजेश गंझु, रामा गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

## नेतरहाट के नैना गांव में पेयजल संकट, ग्रामीणों ने जलमीनार मरम्मत की उठाई मांग



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नेतरहाट पंचायत स्थित नैना गाँव में पेयजल संकट गहरा गया है। गाँव में जल जीवन मिशन के तहत स्थापित जलमीनार पिछले छह महीनों से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को नदी के चुंआड़ी (छोटे जलस्रोत) से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के कारण जलस्रोत भी सूखने के कगार पर हैं, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। गाँव के अरविंद यादव, पूरन सिंह, सस्तु किसान, कुलदीप सिंह, प्रदीप यादव और उमेश यादव ने बताया कि जलमीनार खराब होने के कारण उन्हें कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। अगर जल्द ही जलमीनार की मरम्मत नहीं हुई, तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

**जल्द होगा समाधान : मुखिया** इस संबंध में पंचायत के मुखिया रामबिशुन नगेशिया ने बताया कि समस्या की जानकारी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग को सूचित कर जल्द से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि आने वाले दिनों में पेयजल संकट और विकराल न हो।

## प्रखंड क्षेत्र के 87 प्रधानाध्यापक के बीच टैबलेट का हुआ वितरण




**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर मे में बुधवार को शिक्षा विभाग की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र के 87 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच टेबलेट वितरित किया गया. इस अवसर पर एमआईएस समन्वयक नितीश कुमार ने बताया कि इस टेबलेट का उपयोग शिक्षकों को अपनी व छात्रों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन तथा विद्यालय संबंधित अन्य कार्यों के ऑनलाइन माध्यम से करने में सहूलियत होगी. वहीं, टेबलेट वितरण के साथ शिक्षकों को इसके संचालन के बारे में भी पूर्ण रूप से जानकारी दी गई है, साथ ही उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से 87 टेबलेट दिया गया है. शेष बचे हुए टेबलेट का वितरण भी जल्द कर दिया जाएगा।मौके पर विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद थे।

## मॉडल विद्यालय बरवाडीह में नामांकन प्रवेश परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन शुरू

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप मॉडल विद्यालय में वर्ष 2025 के लिए नामांकन प्रवेश परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया 25 मार्च से ही शुरू हो चुका है जो 15 अप्रैल अंतिम तिथि है। वैसे छात्र व छात्राएं जिनकी उम्र एक अप्रैल 2025 को न्यूनतम दस वर्ष एवं अधिकतम बारह वर्ष हो ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं या जिले के किसी भी विद्यालय से वर्ग 5 वीं पास हो और वर्ग छः में पढ़ाई कर रहा हो या फिर ड्रॉप आउट वर्ग 5 वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राएं आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। बता दें कि नामांकन की प्रवेश परीक्षा सौ अंकों का होगा जिसमें अंग्रेजी के 30 अंक, गणित के 30 अंक,सामाजिक विज्ञान के 40 अंक शामिल हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में परीक्षाफल प्रकाशन, ग्रेजुएट हैट पहन छात्रों ने मनाई खुशी

**बच्चे मोबाइल व सोशल मीडिया से दूर रहें : शैलेंद्र प्रताप सिंह**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में 26 मार्च को परीक्षाफल प्रकाशन सह शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। छात्र-छात्राएं ग्रेजुएट हैट पहनकर स्कूल पहुंचे और परीक्षाफल प्रकाशन के बाद हैट उछालकर अपनी उपलब्धियों की खुशी मनाई। अभिभावकों ने प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। कई छात्रों ने बताया कि जब उन्हें स्कूल से ग्रेजुएट हैट बनाने का निर्देश मिला, तो उन्होंने मोबाइल के माध्यम से इसकी जानकारी ली और पाया कि ग्रेजुएट हैट कड़ी मेहनत के बाद सफलता का प्रतीक है। प्राचार्य श्री सिंह ने बताया कि 26 मार्च को प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। उन्होंने छात्रों को मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी, क्योंकि इनका अत्यधिक उपयोग मानसिक तनाव और चिड़चिड़ापन का कारण बन सकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के गृहकार्य और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की और कहा कि विद्यालय में बच्चों पर पूरी नजर रखी जाती है, लेकिन घर पर भी अभिभावकों का दायित्व है कि वे बच्चों पर ध्यान दें। उन्होंने बच्चों पर किसी भी बात के लिए अनावश्यक दबाव नहीं डालने की भी सलाह दी।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आशीष टैगोर, शिक्षक अगस्त राज, नेत्रपाल सिंह, अविश कुशवाहा समेत कई अभिभावक, शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# जिला स्थापना दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक हुई सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 4 अप्रैल को जिला स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी, जिसके बाद कारगिल पार्क स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया जाएगा।इस अवसर पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन भी प्रस्तावित है। साथ ही, रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक नृत्य, नाटक और संगीत प्रस्तुतियां शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त, विकास मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर




सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लाभार्थियों को संपत्ति का वितरण किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# मंगला जुलूस के दौरान पथराव, भगदड़, पुलिस ने की हवाई फायरिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** रामनवमी को लेकर निकाले गए दूसरा मंगला जुलूस के दौरान पथराव हुआ। जिसके बाद भगदड़ की स्तिथि बन गयी। पथराव की घटना जामा मस्जिद चौक की है। बढ़ते हंगामे को देखते हुए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग भी की गई। शहर में देर रात तक तनाव की स्थिति बनी रही हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। किसी भी अनहोनी की आशंका को देखते हुए देर रात ही बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गई।जानकारी के मुताबिक देर रात मंगला जुलूस निकला था। जुलूस जब जामा मस्जिद चौक के पास अग्रवाल हैंडलूम के समीप पहुंचा, तब वहां जुलूस में शामिल लोग लाठी खेला कर रहे थे। इसी दौरान पत्थर आ कर गिरा। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। वहीं हंगामे के दौरान दोनों पक्षों की ओर से तोड़फोड़ की घटनाएं भी सामने आई। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ अमित आनंद, डीएसपी अमित कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी भीड़ को संभालने में लगे रहे। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को चार बार हवाई फायरिंग करनी पड़ी।घटना को लेकर एसपी अरविंद कुमार सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला। उन्होंने बताया



कि स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। पुलिस दोनों समुदायों के लोगों को शांत करने में जुटी हुई थी। हजारीबाग में रामनवमी से पहले और होली के बाद मंगलवार को मंगला जुलूस निकालने की परंपरा है। दूसरे मंगला जुलूस के दौरान यह घटना हुई। पुलिस सीसीटीवी और ड्रोन फुटेज की जांच कर रही है। इस संबंध मे सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती ने कहा की इस घटना को अंजाम देने मे जो भी लोग शामिल रहे हैं प्रशासन उन्हे चिन्हित कर कार्यवाई करेगी साथ ही आगे ऐसा ना हो इसके लिए भी दोनों समुदायों के लोगो के बीच समन्वय बनाकर त्यौहार मनाने का प्रयास किया जायेगा।

## विष्णुगढ़ की 188 आँगनबाड़ी सेविकाओं को बीडीओ ने किया मोबाइल का वितरित

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महिला बाल विकास राँची एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा विष्णुगढ़ परियोजना अन्तर्गत बुधवार को 188 आँगनबाड़ी केंद्रों को मोबाइल उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह बा.वि.परि. पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने 05 आँगनबाड़ी की सेविकाओं को मोबाइल वितरण कर इसका शुभारंभ किया गया। जिसमे डूबका की सेविका रूबी देवी,नावाडीह की हेमलता सिंह,सात मील मोड़ की दुर्गा देवी,चेडरा की रंजना वर्मा,विष्णुगढ़ हरिजन मुहल्ला की चिंता देवी को मोबाइल प्रदान किया गया इसके अलावे टाटीझरिया की 03 और केंद्रों की सेविकाओं को मोबाइल दिया गया जिसमें चंद्रकला कुमारी,यशोदा कुमारी,सुमिता देवी ।

## झील अम्पिथियटर में नाटक कठपुतली की प्रस्तुति आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज वर्ल्ड थिएटर डे के उपलक्ष्य पर हो इंटरटेनमेंट के बैनर तले नाटक कठपुतली (The Puppet) की प्रस्तुति झील परिसर में नवनिर्मित ओपन एम्फीथिएटर में संध्या 6 बजे से की जायेगी. नाटक की प्रस्तुति के बारे में संस्था के निदेशक रोहित वर्मा ने बताया कि यह एक बहुत ही मार्मिक समाजिक नाटक है, जो समाज में फैले लिंगीय भेदभाव की दर्द को दिखाता है. उन्होंने कहा कि नाटक अपने शीर्षक के अनुसार कहें तो बच्चियां तो कठपुतली ही होती हैं - बचपन में माँ बाप की, जवानी में शादी के बाद पति की और बुढ़ापा में बच्चों के हाथों की. इसलिए समाज को अपने रूढ़िवादी सोच को बदलने की जरूरत है. नाटक का निर्देशन दीपक झा ने किया है. सह निर्देशक रोहित वर्मा ने हजारीबाग वासियों से इस नाटक की प्रस्तुति देखने का अनुरोध किया है ताकि समाज की आँखें खुले और कलाकारों की हौसलाफजाई हो सके. साथ ही रोहित ने कहा कि अब उनकी संस्था के द्वारा प्रत्येक महीने एक नये नाटक का मंचन किया जायेगा. इस मौके पर संस्था के कई सदस्य मौजूद थे.

## अंचलाधिकारी ने उदालबेडा में जमीन से जुड़े समस्याओ का किया समाधान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के सिरैय पंचायत अंतर्गत उदालबेड़ा में रैयतों के जमीन संबंधी समस्याओ के निपटारा के लिए शिविर लगाकर कदम बढ़ाया। बताते चलें कि कुछ दिनों पूर्व उदालबेड़ा के रैयत डुमरी विधायक सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो से ऑनलाइन रशीद नहीं कटने की शिकायत की थी। विधायक जयराम कुमार महतो ने अंचलाधिकारी नित्यानंद दास और पार्टी के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल को इस मामले को सुलझाने की आग्रह किया था। इसी कड़ी में उदालबेड़ा के विद्यालय के समक्ष कैंप लगाया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, सिरैय पंचायत के पूर्व राजेंद्र महतो अंचल के लोकेश कुमार, मनीष कुमार, हल्का कर्मचारी आरिफ अंसारी, द्वारिका रजवार, गणेश कुश महतो स्थानीय ग्रामीण अमीन भेखलाल महतो, तालेबर महतो, हेमलाल महतो, टेकलाल महतो, बासुदेव महतो धानेश्वर महतो समेत कई महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## हजारीबाग के बुढ़वा महादेव मंदिर में चोरों ने दान पेटी से नगद उड़ाया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी की दूसरी मंगला के दौरान बुढ़वा महादेव मंदिर के दान पेटी से नगद चोरी का मामला सामने आया है। हजारीबाग के प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य प्रमोद मिश्र ने बताया कि रात करीब 11~30 बजे मंदिर में सो रहे उनके दोनों सहयोगियों के बावजूद चोरों ने पीछे के रास्ते से बांस पर हुक लगाकर दान पेटी को खींच लिया। चोरी की यह घटना तब हुई, जब मंदिर परिसर में लोग सोए हुए थे। पुजारी ने बताया कि जब दान पेटी हिलने की आवाज़ से उनके सहयोगी जागे, तब तक चोर दान पेटी तोड़कर नगद राशि लेकर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना तुरंत ही सदर थाना के पुलिस अधिकारी मनीष को दी गई और लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई। पुजारी प्रमोद मिश्र ने प्रशासन की ढील और नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई। उनका कहना है कि हजारीबाग में ड्रग्स और हेरोइन का व्यापार खुलेआम हो रहा है, जिससे युवा वर्ग गलत रास्तों पर जा रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से नियंत्रण को और सख्त करने की मांग की है।

## दारू के बेलासोती में लोहे का खंभा लदा ट्रेलर पलटा, चालक सुरक्षित

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** एनएच-522 दारू थाना के समीप बेलासोती में लोहे का खंभा लदा ट्रेलर (एनएल 01 एन 4502) मंगलवार रात करीब 10 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक बाल-बाल बचा। ट्रेलर चालक प्रमोद यादव ने बताया कि दुर्गापुर से वह ट्रेलर में लोहे का खंभा लोड कर टंडवा की ओर जा रहा था। इस दौरान सामने से तेज गति से आ रही एक हाइवा बेलासोती के संकीर्ण पुलिया में घुस गई। उसी के बचाव में ब्रेक लगाने पर ट्रेलर अनियंत्रित होकर सडक के किनारे बेलासोती में पलट गई। उसने बताया कि यदि ट्रेलर को सडक के किनारे नहीं किया होता तो हाइवा और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर में बडा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। बता दें कि एनएच-522 के बेलासोती की पुलिया काफी संकीर्ण है। यहां एक साथ दो बडे वाहन पास नहीं कर पाती है जिसके कारण यहां आएदिन सडक हादसे होते हैं। यहां लगातार सडक हादसा होने के कारण पुलिया का गार्डवाल भी टूट-टूटकर समाप्त हो गया है। जिससे इस सडक पर सफर करने वाले राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग एवं राहगीरों ने एनएच विभाग से बेलासोती की संकीर्ण पुलिया की मरम्मति और चौडीकरण करने की मांग की है।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल हुआ घोषित, खुशी कुमारी बनी विद्यालय टॉपर

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंग्रेजी माध्यम से संचालित बी.एम. मेमोरियल 2024- 25 का वार्षिक परीक्षा फल बुधवार को घोषित किया गया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। परीक्षा फल पा कर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे। वार्षिक परीक्षा फल में क्लास 5 की खुशी कुमारी 97.71त्न लाकर विद्यालय टॉपर बनी, वही 96.80त्न लाकर कक्षा नवीन कुमार द्वितीय और 93.79 त्न लाकर कक्षा 1 बी का छात्र प्रवीण कुमार महतो स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अर्चना कुमारी, समृद्धि कुमारी, प्रिंस कुमार, भारती सोनी, संयम सोनी ,प्रभाकर रंजन, दिव्यांश कुमार, अंकित कुमार,मयंक राज,रौनक कुमार,सुशांत कुमार ,तिलेश्वर कुमार, माही कुमारी,आराध्या कुमारी, अरीबा नाज़, ऋषि राज,शक्ति राज, अंश राज, अवनि कुमारी,रितिका पटेल, आकाश कुमार सहित अन्य बच्चों ने भी अपने क्लास में बेहतर प्रदर्शन किया। मौके पर सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सर्वप्रथम सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बी.एम. मेमोरियल स्कूल टीम का एक ही उद्देश्य हैं कि यहां के ग्रामीण बच्चों को भी शहरी बच्चों के तर्ज पर शिक्षा प्रदान किया जाए ताकि उनको अपने गांव छोड़कर शहरों में जाने की आवश्यकता ना पड़े। वहीं प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हम बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों में भी ध्यान देते हैं ताकि उनका मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सके हमारे यहां जोड़ो कराटे,खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य क्रियाकलापों पर भी ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 2025- 26 सेशन के लिए हमारे विद्यालय में नामांकन चालू है।

## महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया स्मार्ट फोन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार बुधवार को समाहरणालय सभागार में पोषण अभियान के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा एवं सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता रॉय ने संयुक्त रूप से जिला अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने कहा कि मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट फोन का वितरण किया गया है। आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं को स्मार्ट फोन के साथ एडॉप्टर, डस्ट प्रूफ पाउच, बैक कवर, टेंपर्ड ग्लास भी उपलब्ध करवाई गई है। उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को स्मार्ट फोन मिलने से उन्हें पोषण ट्रैकर में डाटा इंट्री करने, फेस ऑथेंटिकेशन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। अब आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन सरल व सुलभ तरीके से कर सकेंगे। हम उम्मीद करते हैं स्मार्ट फोन का इस्तेमाल उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करेंगे।

## बरही विधायक ने विधानसभा में पड़ने वाले जर्जर सड़कों का मुद्दा उठाया, सरकार से शीघ्र निर्माण की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री से सवाल किया। उन्होंने विशेष रूप से तिलैया रोड से जी.टी. रोड (नहर रोड) तक जाने वाले मार्ग की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की। विधायक मनोज यादव ने अपने सवाल में तीन महत्वपूर्ण बिंदु उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या यह सच है कि यह सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है? क्या स्थानीय निवासियों को इस खराब सड़क के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार इस वित्तीय वर्ष (2024-25) में इस सड़क के निर्माण की योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक, और यदि नहीं, तो क्यों? प्रभारी मंत्री ने जवाब में स्वीकार किया कि सड़क की कुल लंबाई 1.50 किलोमीटर है, जिसमें कुछ हिस्सों की मरम्मत की जरूरत है, जबकि अन्य हिस्सों का पुनर्निर्माण आवश्यक




है। उन्होंने यह भी माना कि खराब सड़क की वजह से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभागीय नीति और बजट प्रावधानों के तहत इस सड़क के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति अगले वित्तीय वर्ष में दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ती है और खराब स्थिति के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विधायक मनोज यादव ने भी सरकार से जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है।

## रामनवमी को लेकर सिकरी ओपी थाना मे शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रामनवमी व ईद को लेकर सिकरी ओपी थाना में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सिकरी व गर्री के उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं से थाना प्रभारी को अवगत कराया। साथ ही लोगों ने कहा कि पूजा के दौरान प्रशासन के द्वारा हम सभी को जो भी दिशा निर्देश दिये जाएगें उन सभी दिशा निर्देशों का पालन करेंगे और पूजा शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न करेंगे। बैठक में लोगों ने कहा किसी भी पर्व त्यौहार पर धारा 126 के तहत समाज के कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों के भी नाम शामिल कर दिए जाते हैं ,जिससे सामाजिक कार्यों में उनका मनोबल गिर जाता है। इसलिए धारा 126 के तहत नोटिस भेजने से पहले अच्छी तरह जांच करने के पश्चात हीं ग्रामीणों को नोटिस भेजा जाए। थाना प्रभारी ने लोगों को आस्वस्त किया के हम पूजा समिति के साथ मिलकर काम करेंगे साथ ही पूजा के दौरान उत्पन्न कठिनाइयों को सूझबूझ व समझदारी के साथ सुलझाने का प्रयास करेंगे।



पूजा के दौरान शराब के प्रयोग से लोगों को बचना है ।आगे कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज डालने वालों पर कार्रवाई होगी। मौके पर कृष्णा सिंह, पृथ्वीराज गुप्ता, विकास पासवान, अरुण कुमार, गणेश पासवान, कृष्णा पासवान, गर्रीकलां के उपमुखिया कैलाश महतो, राजेंद्र महतो, नरेश कुमार, राम प्रकाश कुमार सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## हजारीबाग रामनवमी के मंगला जुलूस पर हुए पथराव का मामला संसद में गूंजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने देश के सर्वोच्च सदन संसद भवन में बीते मंगलवार की रात को हजारीबाग के झंडा चौक के समीप हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस के दौरान रामभक्तों और श्रद्धालुओं पर हुए पथराव की घटना को पुनः पुरजोर तरीके से उठाया और कहा कि बीत 11 फरवरी 2025 को इस सदन में मैंने झारखंड राज्य में बहुसंख्यक हिंदुओं पर हो रहें अत्याचार का मुद्दा उठाया था। झारखंड में सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, यज्ञ का कलश यात्रा में भी लगातार पथराव होता है। कल रात में हजारीबाग के रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस पर हजारीबाग के झंडा चौक के समीप सदर थाना से महज़ 100 मीटर की दूरी पर पुनः



एक समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव किया। इसमें 10 पुलिस वाले, जिसमें डीएसपी लेवल के पदाधिकारी और एडिशनल कलेक्टर लेवल के पदाधिकारी भी घायल हुए हैं । सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि झारखंड की सरकार ने अभी तक जम्मू कश्मीर की सरकार से इन पत्थरबाजों को कैसे कंट्रोल किया जाय ये नहीं सिखा है और न तो यूपी सरकार से बुजडोजर का उपयोग कर कैसे इन्हें कंट्रोल में किया जाय ये भी नहीं सीखा है। झारखंड राज्य में अत्याचार तो हो ही रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि कभी डीजे पर प्रतिबंध, ये साउंड बजेगा ये नहीं बजेगा इसपर प्रतिबंध, दोनों तरफ से केस करके बैलेंस करने का काम किया जाता है। पत्थर भी हमहीं खाएं, केस भी हमहीं सहें। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि मैं सदन के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मांग करता हूं कि झारखंड में हिंदुओं के त्यौहार में केंद्रीय बल पदस्थापित किया जाय। रामनवमी आगामी 6 अप्रैल 2025 को है अगर ऐसा नहीं नहीं हुआ तो जिस प्रकार झारखंड की सरकार चल रही है कोई बड़ा अनर्थ न हो जाय इसीलिए लोकहित में रामनवमी में झारखंड में सेंट्रल फोर्सेज का प्रतिनियुक्ति अवश्य किया जाय ।

## आधुनिक रूप से किये जा रहे खेती का निरीक्षण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चूरचू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम,बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, के द्वारा, अंगों पंचायत अंतर्गत पोटमों स्थित हाथी बेड़ा निवासी विनय हंसदा के द्वारा आधुनिक रूप से किये जा रहे फसल का निरीक्षण करने पहुंचे, इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गण ने लोगों से बात करते हुए कहा कि, यह आज के किसानों एवं युवकों के लिए एक अच्छी सीख है, आपको बताते चले कि विनय हंसदा छोटी सी उम्र में इतना आधुनिक तरीका से फसल को तैयार कर रहे हैं, जो सच में काबिले तारीफ है, हम लोगों की कोशिश रहेगी की अपने-अपने पंचायतों में किसानों एवं युवाओं के बीच बिनय हंसदा द्वारा किए जा रहे इस आधुनिक फसलों पर चर्चा करें, ताकि और भी लोग इस तरह का कार्य कर के अपना जीवन ज्ञापन कर सकते हैं।



## केदारूत मुखिया का फर्जी मोहर व हस्ताक्षर किया गया इस्तेमाल, मुखिया संघ हुए गोलबंद, थाने में दिया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही ।** केदारूत पंचायत के मुखिया सरिता देवी के अधिकार क्षेत्र में फर्जी मोहर व हस्ताक्षर इस्तेमाल करने का मामला प्रकाश में आया। जिसे लेकर मुखिया संघ हुए गोलबंद। उक्त विषय को लेकर बरही पूर्वी पंचायत में एक आवश्यक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत मुखिया विजय यादव ने किया। बैठक में रसोइया धमना पंचायत के मुखिया गोविंद साव, बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा, दुलमाहा पंचायत के मुखिया नारायण यादव, गोरियाकरमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम आदि उपस्थित मौजूद थे। बैठक में केदारूत मुखिया सरिता देवी एवं उनके पति ने बताया कि मेरे ही पंचायत केदारूत के सेराज अंसारी पिता नवीं मियां के द्वारा अंशिका कुमारी पिता दिलीप श्रीवास्तव ग्राम देवचन्दा, बरही के जन्म प्रमाणपत्र के आवेदन पर एवं अन्य कागजातों पर फर्जी हस्ताक्षर एवं मोहर का इस्तेमाल किया है। उन्होंने बताई कि जब जन्म प्रमाण पत्र के लिए



आवेदिका पंचायत सचिव के पास आई तो मैं स्वयं वहां मौजूद थीं, तो मैं उनके आवेदन को देखा जिसमें फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल पाया। आवेदिका से इस संदर्भ में पूछताछ करने पर पाया कि यह हस्ताक्षर सेराज अंसारी द्वारा किया गया है। इस दौरान सेराज अंसारी को फोन किया तो उन्होंने गलती को स्वीकार किया। जिसका फोन कॉल की रिकॉर्डिंग मेरे पास उपलब्ध है। बैठक के बाद उक्त सारे तथ्यों को लेकर एक लिखिए आवेदन बरही थाना में दिया गया। और जांचों उपरांत कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं आवेदन की कॉपी एसडीओ बरही, बीडीओ बरही व सीओ बरही को दिया गया। एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की बात कही गई।

## पत्रकारों पर बढ़ती घटनाओं को लेकर झारखंड सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लाने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर बड़कागांव आंचलिक पत्रकारों ने अखबार के माध्यम से झारखंड सरकार से कानून लाने की मांग की है। दिन प्रतिदिन जिले के कई अंचलों साथ ही राज्य के पत्रकारों पर दिन प्रतिदिन कई घटनाएं देखने को मिलते रहते हैं। अपराधिक किस्म के लोगों के द्वारा धमकियां भी दी जाती है। समाचार संकलन के दौरान भी पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता करने के लिए कई समस्याओं एवं बाधाओं का सामना करना पड़ता है, इसे देखते हुए प्रेस क्लब हजारीबाग के बड़कागांव इकाई अध्यक्ष रितेश ठाकुर ने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित विधानसभा के सभी सदस्यों से विधानसभा में पत्रकार सुरक्षा कानून लाने की मांग की है ताकि पत्रकारिता के रूप में लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। बड़कागांव के वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी ने कहा कि मैं 1984 से पत्रकारिता कर रहा हूं, इस दौरान मेरे ऊपर भी कई अनावश्यक दबाव



बनाए गए, जिस कारण मैं कई बार सच को अखबार के माध्यम से लोगों तक लाने नहीं सका, अगर पत्रकार सुरक्षा कानून होगा तो निश्चित रूप से स्वतंत्र पत्रकारिता को बढ़ावा मिलेगा। सचिव रियासत हसन ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि कोई घटना या दुर्घटना का प्रत्यक्षदर्शी होने के बाद भी खबर नहीं बनाने की धमकी दी जाती है, भय के कारण पत्रकारिता करने में अपनी स्वतंत्रता को खोते हुए महसूस किया है। इसलिए झारखंड सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून लाकर पत्रकारों को भय मुक्त माहौल देने का काम करें। वहीं मांग करने वालों में मुख्य रूप से पत्रकार दीपक सिन्हा, सदानंद शर्मा, शिव शंकर कुमार, शमशेर आलम, पिंटू कुशवाहा, रियासत हसन, बेलाल सगीर,, राजेश प्रजापति, आरिफ वकार, रेहान फजल, शिवनारायण साव, रंजीत साव, प्रदीप कुमार, विक्की करमाली, संजय राम, शहजाद राही, वीरेंद्र कुमार, ज्ञानचंद कुशवाहा, मोहम्मद मोइनुद्दीन, बसंत कुमार, राजकिशोर सोनी इत्यादि हैं।

## रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में कंप्यूटर साक्षरता और कौशल विकास पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही स्थित रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रशासन और स्प्रिंट कौशल विकास संस्थान के बीच एक संयुक्त समझौता किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर साक्षरता और व्यक्तिगत विकास पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर और स्प्रिंट के डायरेक्टर मोहम्मद मंसूर आलम ने महाविद्यालय में त्रैमासिक कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र खोलने का निर्णय लिया। इस केंद्र के माध्यम से छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान और कंप्यूटर दक्षता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में एसेंचर के वाइस प्रेसिडेंट रियाज अहमद ने छात्रों को वर्तमान समय में कंप्यूटर साक्षरता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अजय कुमार रंजन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन




परिषद के तहत कौशल विकास और कंप्यूटर शिक्षा पर प्रस्तुति दी।स्प्रिंट संस्थान के सहयोगी विशाल कुमार ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से शुरू किया जाएगा, जबकि नामांकन की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। इस अवसर पर डॉ. बी. डी. मोदी ने छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में नामांकन लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में एक्यूरेसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण रामानुज ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## विष्णुगढ़ में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, निवासियों में भय और आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय चेडरा मौजा खाता-01,प्लॉट -101 में सरकारी भूमि गैरमजरूआ खास में अवैध



अतिक्रमण खिलाफ विगत तीन दिनों से उक्त खाता-प्लॉट में विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नोटिस जारी किया गया था। तय समय उक्त खाता-प्लॉट में निवास करने वाले लगभग 15 -20 निवासी डरे सहमे अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपने जमीन संबधी कागजात व दस्तावेज जमा कर निकले।अंचल कार्यालय के बाहर उक्त भूमि में सालों से निवास करने वाले निवासियों ने अपना दर्द बयाँ करते हुए कहा कि हमलोग के साथ सरकार,अधिकारी एवं चुने हुए जनप्रतिधि अन्याय कर रहा है,बेवजह परेशानी खड़ी की जा रही है। हमारी यह संपत्ति हमारे बाप दादाओं ने सहेज कर रखी है। कुछ ने कहा अपनी जिंदगी भर की कमाई लगाकर भूमि का कुछ टुकड़ा खरीदा है,इस तरह की कार्यवाही से हमारी जिंदगी भर की कमाई दाव पर लग गई है। निवासियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे को तूल देने के लिए माण्डू विधायक को विष्णुगढ़ में विरोध का सामना भी करना पड़ सकता है। इस बाबत जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि सरकारी भूमि गैरमजरूआ खास खाता -01, प्लॉट-101 में अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही उसमें कुल 58 लोगो को नोटिस तथा अखबार में इश्तिहार देकर लोगो को सूचित किया गया था। परन्तु तय तिथि व समय पर सिर्फ 16 लोगो ने अपने दस्तावेज जमा किये है,जिन लोगो ने दस्तावेज जमा नही किये सर्वप्रथम उन्ही लोगो पर कानून का डंडा चलेगा सरकारी भूमि सरकार की है,और सरकार की रहेगी इस पर कोई कोताही नहीं बरती जायेगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल के छात्रों ने किया देश दर्शन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थर्मल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,पतरातू थर्मल के 20 छात्र 15 छात्राएं और 3 शिक्षकों ने बोधगया और नालंदा की यात्रा की। यह यात्रा देश दर्शन के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।इस यात्रा के दौरान,छात्रों ने बोधगया के महाबोधि मंदिर और नालंदा के प्राचीन विश्वविद्यालय को देखा। उन्होंने इन स्थलों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को जाना और समझा।इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से परिचित कराना था। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक ने कहा,हमारा उद्देश्य छात्रों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना है और उन्हें देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना से भरना है।इस यात्रा के दौरान,छात्रों ने न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञान प्राप्त किया,बल्कि उन्होंने टीम वर्क,अनुशासन और समय प्रबंधन के महत्व को भी सीखा।सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,पतरातू थर्मल के छात्रों की इस यात्रा ने देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के प्रति उनकी समझ और सम्मान को बढ़ाया है।



## रामगढ़ में खुला जीएस फैमिली सैलून, शहरवासियों को मिलेगी उच्चस्तरीय सेवा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ शहर में एक नए और आधुनिक जीएस फैमिली सैलून का उद्घाटन हुआ है। यह सैलून शहर के बिजुलिया में स्थित है और यहां पर पुरुष, महिला और बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की सैलून संबंधी सेवाएं उपलब्ध होंगी। जीएस सैलून परिसर में विधिवत पूजा अर्चना की गई। यजमान शोभा शाह व उनकी पत्नी मंजू देवी ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर सैलून का उद्घाटन किया।सैलून के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि यह सैलून शहरवासियों को उच्चस्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए खोला गया है। यहां पर ग्राहकों को सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर सेवा की गारंटी भी मिलेगी। सैलून में महिलाओं के लिए अत्याधुनिक सिस्टम से लैस महिला कारीगर उपलब्ध होंगी, जो महिलाओं को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करेंगी। इसके अलावा, सैलून में पुरुषों और बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध होंगी।सैलून के उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें काजल कुमारी, फुलमनी कुमारी, उजाला वर्मा, पूजा कुमारी, राजेंद्र राम, नीतू देवी, अक्षय कुमार, पीयूष यादव, प्रिंस यादव, मुकेश सोनी, अभिषेक सोनी, नीतीश कुमार, नितेश कुमार, सरोज कुमार, अभिषेक कुमार, अनुराधा कुमारी, गुड्डू यादव, गोलू यादव सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## हजारीबाग मंगल जुलूस में पत्थरबाजो पर कड़ी से कड़ी कटोर करवाई किया जाए : राजेश ठाकुर



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री रामनवमी पूजा महा समिति रामगढ़ मुख्य संरक्षण पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने हजारीबाग में मंगला जुलूस में हुए असामाजिक तत्वों के द्वारा पत्थरबाजी किए जाने पर घोर निंदा किया । साथ ही बताया कि इस तरह की घटना हिंदुओं की ही त्योहारों में ही क्यों घटती हैं वर्तमान झारखंड सरकार में कट्टरपंथी की सोच वाले लोगों की मानसिकता हिंदुओं की प्रति दुर्भावना को दर्शाता है आए दिन हिंदुओं के त्यौहार में पत्थर बाजी आसामाजिक तत्वों के द्वारा की जाती हैं चाहे वह रामगढ़ की सरस्वती पूजा विसर्जन हो या गिरिडीह के शिवरात्रि में यह हजारीबाग के रामनवमी मंगल जुलूस में ऐसे अनूप आने को अनेक घटना झारखंड में किया जा रहा है और झारखंड सरकार ऐसे लोगों को कट्टरपंथी हिंदू विरोधी सोच वाले को बढ़ावा दिया जा रहा है हजारीबाग मंगल जुलूस में पत्थरबाजो पर कड़ी से कड़ी कटोर करवाई किया जाए सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए हिंदू त्योहारों को टारगेट किया जा रहा है सरकार के संरक्षण प्राप्त है पत्थरबजे की बोलबाला मनोबल बढ़ा है

# चोरो के हौसले के आगे सीसीएल सुरक्षा विभाग व जिला पुलिस प्रशासन हुई नमस्तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे रात होते ही सयाल के महाप्रबंधक कार्यालय से महज पांच सौ मीटर कि दुरी पर स्थित एफएम आफिस के बगल में संचालित पानी फिल्टर प्लांट में घुस कर लाखों रुपए के किमती कॉपर केबुल को आसानी से काट कर चलते बनते हैं और सीसीएल सुरक्षा विभाग और रामगढ़ जिला प्रशासन को खबर तक नहीं लगती हैं। मानो तो ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों के हौसलों के आगे सीसीएल सुरक्षा विभाग व जिला प्रशासन नमस्तक हो चुकी हो। मिली जानकारी के अनुसार सयाल के पानी फिल्टर प्लांट में संचालित मशीन पर बिते मंगलवार कि रात अज्ञात चोरों ने सीसीएल कि लाखों रुपए कि किमती कॉपर केबुल तार को काटकर ले भागे है। वहीं इस चोरी कि घटना कि जानकारी अहले सुबह पानी फिल्टर प्लांट का गेट खोलने पर सीसीएलकर्मीयो को लगी। वहीं सीसीएलकर्मीयो ने बताया कि चोरों ने चलती मशीन के पांच फिट लंबी केबुल सहित अन्य जगहों पर लगे केबुल को काट ले गए हैं। वहीं इस काटे गए कॉपर केबुल कि किमत लाखों रुपए बताई जाती है। वहीं घटना कि जानकारी कर्मचारीयों ने सीसीएल आला अधिकारियों को दे दिए हैं। बता दें कि चोरी कि घटना के बाद सीसीएल प्रबंधन ने उक्त मशीन में एल्युमिनियम तार से मशीन को रिपेयर करवाना शुरू कर दिया है। जिससे पानी सप्लाई का कार्य शुचारू रुप से चलता रहे।



**सोमवार कि रात में भी हथियार के बल पर चोरों ने फिल्टर प्लांट में कि थी चोरी**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल काली मंदिर स्थित पानी फिल्टर प्लांट में लगे किमती कॉपर केबुल तार को चोरों ने सोमवार कि रात दो सीसीएलकर्मीयो को बंदूक कि नोक पर रखकर चोरी कि घटना को अंजाम दिये थे। वहीं इस मामले में सीसीएल प्रबंधन ने भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने कि आग्रह कि थी। इस मामले कि जांच चल ही रही थी कि मंगलवार को चोरो ने चोरी कर सीसीएल सुरक्षा विभाग व जिला प्रशासन को खुली चुनौती दे डाली है। अब देखना होगा कि इस मामले में सीसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन क्या कदम उठाती है।

## मन की बात कार्यक्रम और संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भाजपा जिला ने बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मन की बात कार्यक्रम और संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में एक कामकाजी बैठक आज दोपहर 12 30 बजे बिजौलिया तालाब रोड स्थित ब्रह्मर्षि धर्मशाला में बुलाई गई। बैठक में जिला प्रभारी शशि भूषण भगत विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया शुरू है। बूथ समिति के गठन के बाद अब मण्डल अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी मण्डल चुनाव अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक मण्डल से चार कार्यकर्ताओं के नाम का चयन कर उसकी सूची बनाकर जिला चुनाव अधिकारी को दे देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को साकारात्मक और ऊर्जावान हो कर अपने दायित्व बोध को पूरा करने का आग्रह किया। वहीं जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता द्वारा स्वागत भाषण और विषय प्रवेश कराते हुए मन की बात कार्यक्रम को जो 30 मार्च को तय है उसके तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत भाजपा के प्रेरणा पुंज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन मंच पर आसीन जिला प्रभारी शशि भूषण भगत, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और अतिथियों द्वारा किया गया ! धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय जायसवाल द्वारा किया गया।बैठक में वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा,अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष स्नेह लता चौधरी,जिला महामंत्री विजय जायसवाल जिला मंत्री एवं कैंट मण्डल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, जिला मंत्री किरण देवी ,लक्ष्मी देवी, संजय प्रभाकर, वरिष्ठ नेता रंजीत पांडेय,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीम सेन चौहान, जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, जिला कार्यालय सह मंत्री अर्जुन यादव, जिला मोर्चा अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, शीतल सिंह,रिंकू प्रसाद, संजय कुमार रजक, शंकर करमाली, मंडल चुनाव अधिकारी पंकज साह,मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय कुमार साह, बबलु साव ,गणेश प्रसाद स्वर्णकार, संजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन कुमार वर्मा, नगर महामंत्री ऋषिकेश सिंह,मिथिलेश मण्डल ,जितेन्द्र साहू, निरंजन कुमार, महिला नेत्री रीता मानसत्ता सहित अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## दुलमी अंचल अंतर्गत उरबा मौजा में जमीन रसीद नहीं कटने एवं पंजी 2 के सत्यापन को लेकर 27 को उपायुक्त की अध्यक्षता में होगी विशेष बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी अंचल के उरबा मौजा में पंजी 2 की अनुपलब्धता होने के कारण जमीन का ऑनलाइन रसीद नहीं कटने एवं पंजी 2 के सत्यापन को लेकर 27 मार्च 2025 को मध्याहन 12ः00 बजे से उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विशेष बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान उरबा मौजा में जमीन रसीद कटने व पंजी 2 के सत्यापन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की जाएगी एवं आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त द्वारा दिए जाएंगे। बैठक में उरबा ग्राम के 10 गणमान्य ग्रामीण, मुखिया एवं संबंधित जनप्रतिनिधियों सहित अंचल अधिकारी दुलमी, भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़,अपर समाहर्ता, रामगढ़ को आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा उरबा ग्राम के ग्रामीणों से समस्याओं के समाधान एवं त्रुटि निराकरण हेतु जमीन संबंधित दस्तावेजों के साथ बैठक में भाग लेने की अपील की गई है।




## सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने मां छिन्नमस्तिका के दरबार में लगाई हाजरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विगत दिनों हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपने सांसद प्रतिनिधियों की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने रामगढ़ जिला में जनहित के मुद्दों पर हमेशा आंदोलन करने वाले भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) बनाया है।इस घोषणा के बाद बुधवार को नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने सपरिवार रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के दरबार में पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया एवं रामगढ़ वासियों के कल्याण की कामना की।सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल लगातार हजारीबाग जिला व रामगढ़ जिला के लोगो के हित में सड़क से लेकर सदन तक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जिस भरोसे के साथ मुझे अपना प्रतिनिधि बनाया है उस भरोसे को कायम रखने के पूरे प्रयास के साथ रामगढ़ के आम नागरिकों के हित में काम करने की ताकत मिले इसके लिए मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लेने सपरिवार आए है,और क्षेत्र वासियों के कल्याण की कामना किए हैं। रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस के साथ उनकी धर्म पत्नी पूजा कुमारी,बहन रीमा कुमारी,बहनोई गोपाल व उनके भाई मनीष,बेटी दित्या पुटूस और भगिना हर्षवर्धन भी उपस्थित हो पूजा अर्चना में शामिल हुए।

## सीसीएल चैनपुर सैडिंग का वाटर स्प्रिंकल शोभा बनकर रह गया है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला घाटों ओपी क्षेत्र के सीसीएल शरूबेड़ा बेड़ा के चैनपुर सैडिंग में कोयला के प्रदूषण से वर्कर्स से लेकर भादवा बस्ती के ग्रामीण परेशान है ग्रामीणों का कहना है कि सीसीएल के द्वारा सैडिंग में सीसीएल बसंतपुर वासरी से आए कोयले में पानी छिड़काव के लिए वाटर स्प्रिंकल लगाया गया लेकिन एक दिन भी वाटर स्प्रिंकल से पानी का छिड़काव नहीं हो पाया है यह शोभा बनकर रह गया है इस संबंध में सीसीएल के सैडिंग मैनेजर कमलेश सिंह ने बताया की हम लोगों को जिस कंपनी के द्वारा काम किया गया है अभी तक हैंडोवर नहीं किया गया जबकि 1 वर्ष हो गया है वाटर स्प्रिंकल को लगे हुए वही सैडिंग से सटे हुए भादवा बस्ती के लोग कई प्रकार के बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं लोगों का जीना दोभर हो गया है ग्रामीणों ने बताया सीसीएल को सिर्फ अपने कोयले से मतलब है आम जनों का जीना मरना से कोई लेना देना नहीं।

## निजी कंपनियों में सिर्फ 21प्रतिशत ही झारखंडी : जयराम महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक आदरणीय टाइगर जयराम महतो ने निजी कंपनियों में झारखंडियों के रोजगार का मामला सदन मे उठाया ! जयराम महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड राज्य स्थानीय उम्मीदवार नियोजन अधिनियम 2021 को पास कर राज्य के स्थानीय लोगों को निजी कंपनियों में 75त्न नियोजन देने की बात कही है! राज्य में स्थापित कंपनियों द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है! अधिनियम आने के बाद राज्य में निजी कंपनियों की ओर से 2.46 लाख उम्मीदवारों को रोजगार प्रदान कराया गया! इसमें सिर्फ 53000 झारखंडी है, जो 21त्न है ! सरकार की ओर से प्रभारी मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा की वर्तमान में झारखंड हाई कोर्ट ने इस नियमावली पर रोक लगा दी है ! आउटसोर्सिंग कंपनियां भी निजी कंपनियों के दायरे में आती है! झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 का गठन करते हुए 4 जनवरी 2022,को झारखंड गजट में प्रकाशित किया गया है! अधिनियम के कंडीकाट्ठ4 (1) के अनुसार अधिनियम के प्रारंभ के बाद प्रत्येक नियोक्ता 40000 से अनाधिक या सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित अधिसीमा तक सकल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों, जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हो एवं उसके बाद उत्पन्न कुल रिक्त का 75त्न पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित करेगा! उक्त जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी !

## जीविका मिशन की टीम ने किया जेंडर रिसोर्स केंद्र गोला का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बिहार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम का एक दिवसीय एक्सपोसर विजिट दिनांक 26/03/2025 को जेंडर रिसोर्स सेंटर एवं बदलाव मंच के कार्यकलापों, रजिस्टर के रख रखाव एवं विभिन्न संस्थानों के भूमिका आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।भ्रमण के दौरान बिहार की टीम को महिला हिंसा से संबंधित मामलों में महिलाओं को किए जा रहे सहयोग की जानकारी दी गई। टीम ने संतोषी आजीविका महिला ग्राम संगठन के बदलाव मंच एवं गोला प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ बैठक में भाग लिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, प्रखंड प्रमुख गीता देवी, सीडीपीओ, स्वास्थ्य प्रभारी, डालसा के वकील, थाना प्रभारी, जिला कार्यकम प्रबन्धक जे0 एस0 एल0 पी0 एस0 उपस्थित थे।बीडीओ सुधा वर्मा के द्वारा बताया गया कि महिला सशक्तिकरण हेतु त्नत्रष्ट की स्थापना की गई है साथ ही महिला उत्पीड़न के मामलो के समाधान किया गया है एवं सभी विभाग द्वारा मिल कर काम किया जा रहा है।डीपीएम जेश्व एसश्व एलश्व पीश्व एसश्व रीता सिंह ने त्नत्रष्ट के द्वारा हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मिल रही सहयोग की जानकारी दी गई साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा कन्वर्जेंस के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी टीम को दी गई।टीम को यह जानकारी दी गई कि गोला प्रखंड के जेंडर रिसोर्स सेंटर में अब तक के कुल 19 केस दर्ज की गई है जिसमें से 14 केस का समाधान किया जा चुका है शेष के जिनके निष्पादन पर कार्य किया जा रहा है। बिहार राज्य आजीविक टीम के मुहम्मद हसनैन एवं राकेश कुमार सिंह सामाजिक विकास एवं प्रबन्धक, श्वेता और श्रेयासी, प्रदान संस्था से उपस्थित थे साथ ही तनवीर अहमद स्टेट/कंसलटेंट, सौरभ प्रसाद जिला प्रबन्धक सामाजिक विकास, अदि थे ।

## जमीन माफिया पर कार्रवाई की मांग को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ निवासी पंकज महतो ने प्रयुक्त को आवेदन देकर बताया कि रामगढ़ छावनी परिषद् के वार्ड 04 में सिद्ध-कान्हू मैदान के पीछ माँ काली मसना (मठ) की जमीन देख-रेख करने वाले प्रमानन्द चक्रवती वल्द रामनारायण चक्रवर्ती जाति ब्राहमण अंचल रामगढ़ खाता 327 खेवट नम्बर 11/2 प्लॉट 2106, 2107, 2100, 2191, 2192, 2193 कुल प्लॉट 6 कुल रकवा 8 एकड़ 35 डी0 भूमि माँ काली मसना (मठ) पूजा के नाम पर था उक्त जमीन मेला स्थल को जमीदार मुकता केसरी के द्वारा देखभाल एवं उक्त जमीन में ग्रामीणों के अनुसार एवं रजिस्टर-2 के अनुसार उक्त स्थल मेला व पूजा स्थल था जो मठ एवं धार्मिक स्थल है को 1. प्यारेलाल साव 2. राजबल्लभ अग्रवाल पिता जवाहर प्रसाद अग्रवाल ग्राम गोला रोड चटी बाजार रामगढ़ कैन्ट है। ये जिला के कुख्यात जमीन माफिया है और इन पंजी 2 से छेड़छाड़ एवं षडयंत्र कर धार्मिक पूजा स्थल 8 एकड़ 35 डी0 को अपने व अपने रिस्तेदारों जैसे पत्नी पारो देवीं पति प्यारेलाल साव तथा बेटी प्रियंका पिता प्यारेलाल साव के द्वारा मां काली मंदिर की जमीन अपने रिस्तेदारो के नाम से का कार्यालय पिता स्व0 बाढो साव ग्राम पिपराजारा, पो0- बन्दा, थाना गोला, जिला प्राप्ति पार देसी के द्वारा अंचल कार्यालय के कर्मी के मिली भगत से रजिस्टर 2 के पंजी हस्तांतरण कर दिया वही दूसरी तरफ राजबल्लभ अग्रवाल पिता जवाहर प्रसाद अग्रवाल, रामगढ़ के द्वारा काली मंदिर मसना (मठ) की जमीन भी षडयंत्र कर अपने व रिश्तेदारों के नाम जमीन हस्तांतरण कर दिया ये दोनो अभियुक्त जिला में मठ एवं मंदिर के जमीन का जाली दसतावेज बना कर जमीन का बडा स्कैम कर अवैध कब्जा करते है ।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुधवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा की इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू एवं गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र का निर्माण किया जाना है जिसमें मांडू प्रखंड में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत कनेक्शन होने के उपरांत केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करते हुए केंद्र का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी गोला के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



# उपायुक्त ने किया आंगनबाड़ी सेविका व महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका के बीच स्मार्ट फोन वितरण के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के बाद धनबाद जिले की आंगनबाड़ी सेविका तथा महिला पर्यवेक्षिका को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया।इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि धनबाद की 2231 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका तथा 55 महिला पर्यवेक्षिका को जिला समाज कल्याण



कार्यालय द्वारा स्मार्ट फोन प्रदान किया गया है। इससे उनके काम की गति बढ़ेगी। आंगनबाड़ी सेविकाएं और महिला पर्यवेक्षिकाएं अपने-अपने सेंटर से जुड़ी प्रत्येक दिन की रिपोर्ट जिला और विभाग के साथ शेयर करेंगी।इसके अतिरिक्त स्मार्ट फोन से पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनवाड़ी के संचालन से संबंधित सभी कार्यक्रम को अपडेट करेंगी। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय, बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार, वजन, टीकाकरण, टेक होम राशन इत्यादि कार्यक्रम स्मार्ट फोन के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके अलावा सेविका द्वारा प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की जाएगी।स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर के अलावा आंगनबाड़ी सेविका व महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

# साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके पर कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के ÷इनफॉरमेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस÷ (आइ.एस.ई.ए.) के तहत सी-डैक, पटना की साइबर सिक्योरिटी टीम ने बैंक मोड़ स्थित गुरु नानक कॉलेज में मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन किया।कार्यशाला में साइंटिस्ट ÷डी÷ साकेत कुमार झा, साइंटिस्ट ÷बी÷ शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर प्रशांत श्रीवास्तव व हिमांशु शेखर ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता, डिजिटल धोखाधड़ी, वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, मोबाइल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से निपटने के तरीके एवं उपाय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं कंप्यूटर पर प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया।उन्होंने सुरक्षित तरीके से राशि का ट्रांजैक्शन करने, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग व सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने, अनजान लोगों से ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने,



अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन नहीं करने सहित अन्य मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया।कार्यशाला का समापन गुरुवार, 27 मार्च 2025 को किया जाएगा।कार्यशाला में डीआईओ सुनीता तुलस्यान, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन के अलावा सभी विभागों के कर्मी, धनबाद, भाग एवं निरसा पॉलिटेक्निक, धनबाद आईटीआई, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, बीएसके कॉलेज मैथन, आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर, आरएसपी कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# परिवार नियोजन को सुदृढ़ करने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों के साथ किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** परिवार नियोजन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी



एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आरसीएच पदाधिकारी डॉ रोहित गौतम की अध्यक्षता में मास्टर प्रशिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पीएसआइ इंडिया के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें इसके जिला प्रतिनिधि प्रेम कुमार द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसमें सभी मास्टर प्रशिक्षकों को अपने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को परिवार नियोजन संबंधी प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। साथ ही सुविधानुसार उपलब्धियों का विश्लेषण किया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सरकार की गाइडलाइन्स के अनुसार मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। सहियाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जागरूक एवं संगठित कर सेवाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा। बैठक में डॉ अनीता चौधरी, डॉ हुमा फातिमा, डॉ अभिजीत, डॉ नम्रता गोलास, डॉ वरुण कुमार, बिनय कुमार यादव, गौतम कुमार सिंह, अनित कुमार चौबे, हरी गोपाल महतो, मुक्ति रंजन, मनोवर, प्रीति कुमारी सहित परिवार नियोजन टीम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएसके कॉलेज मैथन में लर्नेट स्किल्स लिमिटेड का 20 बच्चों को नि:शुल्क ट्रेनिंग एवं 222 को नौकरी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएसके कॉलेज मैथन में लर्नेट स्किल्स लिमिटेड जो एम्पलाईबिलिटी एन्हैन्स्मेन्ट ट्रेनिंग प्रोजेक्ट इंफोसिस के तहत बच्चों को निःशुल्क 20 दिनों की ट्रेनिंग के साथ सर्टिफिकेट एवं 222 बच्चों को नौकरी देने का काम किया जा रहा है। बच्चों को निःशुल्क किट का भी वितरण किया गया। जिसमें प्रशिक्षक रंजन कुमार, राहुल कुमार, इवान मजूमदार एवं कॉलेज की ओर से प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. पी.रेणुका एवं सुमिता खलको समन्वयक प्लेसमेंट सेल, प्लेसमेंट के सहसंमनवयक डॉ श्याम किशोर सिंह, एनएसयूआई नेता रितिक चटर्जी, शिवम भगत, प्रधान लिपिक संजीव कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## ओल्ड एज होम में मनी स्व. इला उपाध्याय की पुण्यतिथि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों का आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में समाजसेवी पुष्कर उपाध्याय की माता इला उपाध्याय की पुण्यतिथि उनके परिजनों एवं आश्रम के वृद्धजनों संग उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। तत्पश्चात 2 मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पुण्यतिथि पर वृद्धजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। सभी परिजनों ने आश्रित वृद्धजनों के संग समय व्यतीत कर उनका हाल समाचार जाना, उनकी सेवा की और चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पुष्कर उपाध्याय ने कहा कि मेरी माता की पुण्यतिथि आश्रम के वृद्धजनों की सेवा कर श्रद्धांजलि देना, बहुत ही हार्दिक संतुष्टि,शांति और सुख का आत्मिक एहसास व अनुभूति प्राप्त हुआ है। पुण्यतिथि पर वृद्धजनों की सेवा में सेजल कौशिक, सुदर्शन यादव, अमन सिंह, सूरज सिंह, मनीष सिंह, बलिया, अक्षय पांडे आदि सक्रिय थे।

## पांचवां झारखंड इमेजिंग एक्सपो 2025 का पोस्टर लॉन्च

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को मधुलिका एनक्लेव बैंक मोड, धनबाद में धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के द्वारा पांचवां फोटो वीडियो एक्सपो आगामी 8, 9 एवं 10 अप्रैल 2025 को हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में होने जा रहा है, जिसका पोस्टर लॉन्च किया गया। अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यह एक्सपो झारखंड के 16 जिलों के संगठन के द्वारा मिलकर किया जाता है। इस एक्सपो में फोटोग्राफी क्षेत्र से संबंधित सभी कंपनियां आती है और अपने-अपने प्रोडक्ट की जानकारी फोटोग्राफर को देती है,तीन दिवसीय कार्यक्रम में वर्कशॉप, सेमिनार,प्रोडक्ट शोकेस फोटोग्राफी प्रतियोगिता और फैशन शो के कई कार्यक्रम होते हैं। फोटो वीडियो एक्सपो में आने वाले सभी फोटोग्राफर्स को एक नया अनुभव प्राप्त होता है। आप सभी फोटोग्राफर इस तीन दिवसीय फोटो वीडियो एक्सपो में भाग ले और अपने कार्य क्षेत्र को बढ़ाएं एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दें।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद महानगर द्वारा लॉ महाविद्यालय इकाई का हुआ पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लॉ महाविद्यालय इकाई पुनर्गठन किया गया। जिसमें सभी को नवीन दायित्व दिया गया। कॉलेज इकाई के नए कॉलेज अध्यक्ष राजा वर्मा और कॉलेज मंत्री गौरव त्यागी के रूप में घोषणा की गई। नवीन कार्यकर्ताओं का नाम और दायित्व में अध्यक्ष राजा वर्मा, उपाध्यक्ष सावन कुमार, कुमकुम कुमारी, अमन कुमार, साहिल कुमार प्रजापति। कालेज मंत्री गौरव त्यागी। कालेज सह मंत्री अंशु महतो, अर्चना कुशवाहा, ओम झा, पीयूष कुमार, रवि सेन। महाविद्यालय एस एफ डी संयोजक अंजली कुमारी। महाविद्यालय एस एफ डी सह संयोजक संगीता कुमारी। महाविद्यालय एस एफ एस संयोजक साहिल कुमार। महाविद्यालय एस एफ एस सह संयोजक अभिजीत कुमार हैं। इकाई गठन का



कार्यक्रम झारखंड प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी के नेतृत्व में किया गया। वहीं छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए अंशु तिवारी ने विद्यार्थी परिषद के मूल उद्देश्यों के बारे में बतायें और सभी छात्र छात्राओं का सदस्यता ग्रहण करवाएं। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम हजारी, अखिल सिन्हा, प्रियंका गोराई, धनबाद नगर विस्तारक हरगोविंद, योगेंद्र त्रिवेदी, हर्ष बर्णवाल, विशाल ओझा, जयेश राठौर मौजूद थे।

# नगर आयुक्त ने की शहरी क्षेत्र की स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने बुधवार को झमाडा के सभागार में शहरी क्षेत्र में चल रही स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अर्बन सीएचसी केंदुआडीह एवं अर्बन सीएचसी सिंदरी में अप्रैल माह तक एडोलसेंट हेल्थ क्लिनिक स्थापित करने तथा शहरी सहिया की चयन प्रक्रिया अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।वहीं सभी शहरी चिकित्सा पदाधिकारी को एनसीडी पोर्टल पर डाटा अपलोड करने, लंबित डाटा शीघ्र अपडेट करने, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया किट उपलब्ध कराने, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग को 10 दिनों के भीतर कचरा प्रबंधन का अनुमानित विवरण प्रदान करने का निर्देश दिया।बैठक



में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, एएमसी सनी कुमार, डॉ. रोहित गौतम, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ अमित कुमार, डॉ मंजू दास, डॉ देबारित शंकर, धनबाद, झरिया एवं बाघमारा के एमओआईसी, पीएसआइ इंडिया के जिला प्रतिनिधि प्रेम कुमार, धनबाद, झरिया व बाघमारा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# मजबूत नेतृत्व, सुरक्षा, आईटी और प्रभावी नीतियों के लिए डीवीसी को मिला आइएसओ 27001 प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डीवीसी प्रबंधन को मजबूत नेतृत्व प्रतिबद्धता, सुरक्षा ढांचा, समर्पित आईटी और सहायता टीम, प्रभावी नीतियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक आइएसओ 27001 उपाधि प्रदान किया गया है। यह उपाधि सोमवार को डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार को कोलकाता स्थित डीवीसी के मुख्यालय में बीएससीआईसी के प्रबंध निदेशक संजय सेठ द्वारा प्रदान किया गया है। यह सर्टिफिकेट डीवीसी के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। आने वाले दिनों में ऊर्जा के क्षेत्र में डीवीसी की विश्वसनीयता और उसके उत्पादन क्षमता में और वृद्धि लाएगा। मालूम रहे की वर्तमान में डीवीसी विद्युत उत्पादन क्षेत्र में काफी तेजी से कदम बढ़ा रहा है। डीवीसी के आधा दर्जन से ज्यादा थर्मल



प्लांट एवं हाइडल प्लांट से लगातार विद्युत उत्पादन की क्षमता बढ़ाई जा रही है। हाल ही में डीवीसी के कोडरमा एवं रघुनाथपुर थर्मल प्लांट के उत्पादन क्षमता के लिए डीवीसी लगातार प्रयासरत है। अब आईएसओ 27001 अंतर्राष्ट्रीय मानक मिलने के बाद डीवीसी प्रबंधन नई ऊर्जा के साथ उत्पादन के क्षेत्र में और तेजी से छलांग लगाएगी।


## नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन), -सह- उप निदेशक खान का कार्यालय
### उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग

**-: सूचना :-**

नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन)–सह– उप निदेशक, खान का कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग द्वारा कोडरमा जिला के खनिज अनुदान/पट्टा संबंधी बकाएदारों के विरूद्ध सरकारी राजस्व का भुगतान नहीं होने के फलस्वरूप कुर्की वारन्ट निर्गत किया गया है, जिसका थानावार विवरणी निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | कुर्की/गि0 वारंट | नी0 पत्र मुकदमा संख्या | बकायेदार का नाम | बकाया नी0 पत्रित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **(थाना– तिलैया)** | | | | |
| 1 | कुर्की वारंट | 28/92-93 | श्री रामेश्वर दयाल गुप्ता, अशोका होटल के पीछे, ग्राम–पो0+थाना:– झुमरी तिलैया, जिला:– कोडरमा। | 53,204.00 |
| 2 | कुर्की वारंट | 13/90-91 | सर्वश्री लक्ष्मी माईका प्रोडक्ट्स, मो0+पो0+थाना– झुमरी तिलैया, जिला– कोडरमा। | 21,922.00 |
| 3 | कुर्की वारंट | 23/80-81 | श्री हीरेन्द्र नाथ घोष, पिता:– ग्राम+पो0 झूमरी तिलैया, थाना तिलैया, जिला कोडरमा | 30,398.00 |
| 4 | कुर्की वारंट | 78/80-81 | मो0 सोबराती मियाँ पिता श्री करीम मियाँ ग्राम+ पो0 भण्डरवा थाना झुमरी तिलैया जिला कोडरमा | 23,075.00 |
| 5 | कुर्की वारंट | 28/96-97 | श्री अजय कुमार सुखानी ,पिता – स्व डी0डी0 सुखानी, ग्राम+पो0+थाना– झूमरी तिलैया, जिला– कोडरमा | 1,77,669.00 |
| 6 | कुर्की वारंट | 52/92-93 | श्री अनिल कुमार अग्रवाल, पिता– श्री जे0 सी0 अग्रवाल, ग्राम+पो0+थाना– झूमरी तिलैया , जिला– कोडरमा | 36,004.00 |
| 7 | कुर्की वारंट | 63/80-81 | श्री बुधन दास, पिता श्री बिसुन दास, ग्राम झलपो पो0 झुमरी तिलैया, थाना– तिलैया, जिला:–कोडरमा। | 33,158.00 |
| 8 | कुर्की वारंट | 32/76-77 | श्री मेहदी हुसैन, पिता मो0 करीम, ग्राम मोरियावाँ, पो0 झुमरी तिलैया, थाना– तिलैया, जिला:–कोडरमा। | 10,935.00 |
| 9 | कुर्की वारंट | 07/98-99 | गुरूचरण राम एण्ड सन्स, प्रो0 श्री परमेश्वर प्रसाद, पिता स्व0 गुरूचरण राम, ग्राम+पो0+थाना– झूमरी तिलैया, जिला– कोडरमा | 1,30,414.00 |
| **(थाना– डोमचाँच)** | | | | |
| 10 | कुर्की वारंट | 70/93-94 | 1. कुरेश प्रसाद शर्मा, 2. श्री कुमारेश प्रसाद शर्मा 3. श्री कुमुदेश प्रसाद शर्मा, पिता:– स्व0 श्रीपति शरण प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0+थाना– डोमचॉच, जिला– कोडरमा। | 73,730.00 |
| 11 | कुर्की वारंट | 78/79-80 | श्री महादेव सिंह, पिता: स्व0 देवी सिंह, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, कोडरमा। | 1,10,010.00 |
| 12 | कुर्की वारंट | 05/98-99 | मसनोडीह माईका माईनिंग इ0 प्रा0 लि0 1.श्री विशेषश्वर प्रसाद सिंह, श्री अर्जुन प्रसाद सिंह, पिता स्व0 गंगा प्रसाद सिंह, 2.श्री त्रिवेणी प्रसाद सिंह, श्री बैकुण्ढ सिंह, श्री शक्ति प्रसाद सिंह, पिता स्व0 अलख नारायण सिंह, ग्राम– पो0– मसनोडीह, थाना– डोमचांच, जिला– कोडरमा। | 8,18,039.00 |
| 13 | कुर्की वारंट | 09/80-81 | श्री महादेव सिंह, पिता:– स्व0 देवी सिंह, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, कोडरमा। | 1,08,981.00 |
| 14 | कुर्की वारंट | 13/07-08 | मेसर्स माँ अम्बे स्टोन इन्टरप्राईजेज प्रो0:– श्री जगदीश मेहता, पिता स्व0 चमन लाल मेहता, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 5,57,111.00 |
| 15 | कुर्की वारंट | 08/98-99 | सर्वश्री डोमचाँच माईका माईनिंग प्रो0:– श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 3,05,765.00 |
| 16 | कुर्की वारंट | 29/93-94 | श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 6,55,358.00 |
| 17 | कुर्की वारंट | 64/92-93 | सर्वश्री डोमचाँच माईका माईनिंग प्रो0:– श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 65,455.00 |
| 18 | कुर्की वारंट | 02/14-15 | मेसर्स आंशु स्टोन इन्डस्ट्रीज, प्रो0– श्री विनोद प्रसाद मेहता, पिता श्री रामी मेहता, ग्राम:– सिंगलोडीह, पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला :– कोडरमा | 73,291.00 |
| 19 | कुर्की वारंट | 29/96-97 | सर्वश्री डोमचाँच माईका माईनिंग प्रो0:– श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 1,30,533.00 |
| 20 | कुर्की वारंट | 02/91-92 | सर्वश्री डोमचाँच माईका माईनिंग प्रो0:– श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 1,67,389.00 |
| 21 | कुर्की वारंट | 01/12-13 | सर्वश्री जे0के0एस0 ब्रिक्स, प्रो0:– श्री सुनिल कुमार सिंह, पिता स्व0 मुंशी सिंह ग्राम:– बंगाईकला, पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 36,909.00 |
| 22 | कुर्की वारंट | 03/14-15 | श्री सुजित कुमार मेहता, पिता श्री शिवनारायण मेहता ग्राम:– रूपनडीह, पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 1,19,909.00 |
| 23 | कुर्की वारंट | 01/16-17 | सर्वश्री जी0के0एस0 ब्रिक्स, प्रो0:– श्री सुनिल कुमार सिंह, पिता स्व0 मुंशी सिंह, ग्राम:– बंगाईकला, पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 1,56,714.00 |
| 24 | कुर्की वारंट | 15/90-91 | सर्वश्री डोमचाँच माईका माईनिंग प्रो0:– श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 77,561.00 |
| 25 | कुर्की वारंट | 19/90-91 | श्री हीरालाल, पिता श्री गणेश प्रसाद, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 28,604.00 |
| 26 | कुर्की वारंट | 64/90-91 | सर्वश्री डोमचाँच माईका माईनिंग प्रो0:– श्री विनोद कुमार पाण्डेय, पिता स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 68,183.00 |
| 27 | कुर्की वारंट | 30/75-76 | प्रहलाद राय सरैया , पिता ------ ग्राम+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 4,628.00 |
| 28 | कुर्की वारंट | 02/03-04 | श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– स्व0 महोदव सिंह ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा | 33,69,345.00 |
| 29 | कुर्की वारंट | 72/93-94 | श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– स्व0 महोदव सिंह ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा | 3,30,732.00 |
| 30 | कुर्की वारंट | 09/03-04 | श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– स्व0 महोदव सिंह ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा | 15,96,191.00 |
| 31 | कुर्की वारंट | 79/92-93 | श्री अम्बिका पाण्डेय , पिता –स्व0 द्वारिका पाण्डेय , ग्राम+पो0+थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 45,713.00 |
| 32 | कुर्की वारंट | 16/92-93 | मो0 सलीम मियाँ , पिता– मो0 करीम मियाँ ग्राम गोलवाढाब, पो0 बगड़ो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 8,001.00 |
| 33 | कुर्की वारंट | 04/06-07 | मे0 शंकर स्टोन चिप्स पार्ट0 श्री सिकन्दर सिंह, पिता – श्री डी सी सिंह, ग्राम+पो0+थाना– डोमचाँच जिला– कोडरमा | 5,66,083.00 |
| 34 | कुर्की वारंट | 09/07-08 | (1) श्री काशी मेहता , पिता– स्व0 जीतन मेहता (2) श्री लखन लाल मेहता, पिता– बाबुलाल मेहता , ग्राम+पो0– मसनोडीह नावाडीह , थाना– डोमचाँच जिला – कोडरमा | 3,87,046.00 |
| 35 | कुर्की वारंट | 46/96-97 | श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– स्व0 महोदव सिंह ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा | 40,174.00 |
| 36 | कुर्की वारंट | 08/03-04 | सर्वश्री बजरंग बली इन्टरप्राईजेज, पार्ट0–श्री रवि कुमार मित्तल पिता– स्व0 ज्योति प्रसाद (II) श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– श्री महादेव सिंह **दोनों का पता**:– ग्राम+पो0+थाना– डोमचाँच, जिला– कोडरमा। | 1,10,907.00 |
| 37 | कुर्की वारंट | 34/88-89 | श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– स्व0 महोदव सिंह ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा | 1,19,087.00 |
| 38 | कुर्की वारंट | 46/92-93 | श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता– स्व0 महोदव सिंह ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा | 1,56,174.00 |
| 39 | कुर्की वारंट | 06/98-99 | श्री शेखर पाण्डेय, श्री नन्दू पाण्डेय एवं श्री भगत पाण्डेय पिता– स्व0 अम्बिका पाण्डेय,, ग्राम+पो0+थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 1,09,687.00 |
| 40 | कुर्की वारंट | 13/91-92 | श्री विनोद कुमार पाण्डेय पिता – स्व0 रामेश्वर पाण्डेय ग्राम +पो0+थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा | 7,635.00 |
| 41 | कुर्की वारंट | 02/02-03 | श्री दिनेश यादव, पिता– श्री चन्दर यादव, ग्राम:– परहो, पो0:– सपही, थाना– डोमचाँच, जिला– कोडरमा। | 49,537.00 |
| 42 | कुर्की वारंट | 77/93-94 | श्री रवि कुमार मित्तल, पिता स्व0 ज्योति प्रसाद, श्री चन्द्रदेव सिंह, पिता स्व0 महोदव सिंह, ग्राम:+पो0+थाना:– डोमचाँच, जिला:– कोडरमा। | 13,6920.00 |
| **(थाना– मरकच्चो)** | | | | |
| 43 | कुर्की वारंट | 20/07-08 | श्री अशोक प्रसाद यादव, पिता:– श्री ठकुरी यादव, ग्राम:– कुसमई, पो0:– नवलशाही, थाना:– मरकच्चों जिला:– कोडरमा। | 2,39,427.00 |
| 44 | कुर्की वारंट | 06/01-02 | श्री देवनारायण यादव, पिता:– श्री भिखारी यादव, ग्राम:– कारीखोखो पो0:– नावाडीह, थाना– मरकच्चो, जिला– कोडरमा। | 1,08,195.00 |
| 45 | कुर्की वारंट | 05/03-04 | श्री श्याम सुन्दर साव ,पिता– श्री स्व0 खुबलाल साव ,ग्राम– बीघा, पो0 –फलवरिया, थाना– मरकच्चो, जिला– कोडरमा | 32,892.00 |
| 46 | कुर्की वारंट | 05/06-07 | श्री सुरेश सिंह, पिता स्व चौबा सिंह , ग्रम +पो0+–मरकच्चो (पश्चिम मुहल्ला) , थाना –मरकच्चो , जिला – कोडरमा | 1,03,731.00 |
| 47 | कुर्की वारंट | 73/95-96 | श्री शिवराम मेहता, पिता श्री राम लखन मेहता, ग्राम:– नावाडीह, पो0:– बेहराडीह, थाना– मरकच्चो, जिला– कोडरमा। | 1,11,604.00 |
| **(थाना– कोडरमा)** | | | | |
| 48 | कुर्की वारंट | 10/89-90 | राज बल्लभ सिंह, पिता:– श्री काशी सिंह ग्राम+पो0+थाना:– कोडरमा, जिला:– कोडरमा | 2,13,252.00 |
| 49 | कुर्की वारंट | 14/07-08 | श्री बासुदेव यादव, पिता:– स्व0 दीपचन्द यादव, ग्राम:– सिमरीया, पो0:– मसमोहना, थाना+जिला:– कोडरमा। | 5,10,021.00 |
| 50 | कुर्की वारंट | 14/07-08 | श्री अशोक कुमार मेहता, पिता:– श्री बद्री नारायण मेहता,, ग्राम+ पो0:– बेहराडीह, थाना+जिला:– कोडरमा। | 7,86,749.00 |
| **(थाना– गिरिडीह)** | | | | |
| 51 | कुर्की वारंट | 145/78-79 | इण्डीयन माईका सप्लाई कम्पनी प्रा0 लि0, ग्राम+पो0+थाना+जिला कोडरमा। | 1,12,512.00 |
| **(थाना– वारसलीगंज)** | | | | |
| 52 | कुर्की वारंट | 07/06-07 | श्री राजोलाल उर्फ रजवा, पिता श्री लखन साव, ग्राम+पो0+थाना:– वारसलीगंज, जिला:– नवादा (बिहार) | 1,92,667.00 |
| **(थाना– चौपारण)** | | | | |
| 53 | कुर्की वारंट | 25/90-91 | श्री विजय सिंह, पिता श्री विजय सिंह, ग्राम:– इमुलिय, पो0:– वृन्दावन, थाना:– चौपारण, जिला:– हजारीबागा। | 17,194.00 |
| **(थाना– सदर, जिला हजारीबाग)** | | | | |
| 54 | कुर्की वारंट | 51/90-91 | श्रीमति श्यामा राय, पत्नी श्री के0पी0 शर्मा, ग्राम:– सुरेश कॉलोनी, पो0+थाना:– सदर, जिला:– हजारीबागा। | 58,923.00 |
| 55 | कुर्की वारंट | 13/77-78 | श्री महावीर सिंह, पिता– स्व0 जागेश्वर सिंह, ग्राम – हरनगंज, मटवारी, पो0+थाना– सदर, जिला – हजारीबाग | 27,258.00 |
| 56 | कुर्की वारंट | 36/79-80 | श्री महावीर सिंह, पिता– स्व0 जागेश्वर सिंह, ग्राम – हरनगंज, मटवारी, पो0+थाना– सदर, जिला – हजारीबाग | 27,409.00 |
| 57 | कुर्की वारंट | 87/79-80 | श्री महावीर सिंह, पिता– स्व0 जागेश्वर सिंह, ग्राम – हरनगंज, मटवारी, पो0+थाना– सदर, जिला – हजारीबाग | 53,274.00 |
| 58 | कुर्की वारंट | 03/77-78 | श्री महावीर सिंह, पिता– स्व0 जागेश्वर सिंह, ग्राम – हरनगंज, मटवारी, पो0+थाना– सदर, जिला – हजारीबाग | 40,491.00 |
| **(थाना– नवलशाही)** | | | | |
| 59 | कुर्की वारंट | 12/07-08 | श्री रामेश्वर प्रसाद यादव, पिता श्री ठकुरी यादव, ग्राम:– कुसमई, पो0:– नवलशाही, थाना:– नवलशाही, जिला:– कोडरमा। | 9,62,840.00 |
| 60 | कुर्की वारंट | 62/93-94 | श्री रामेश्वर महतो, पिता श्री मित्तल महतो, ग्राम:+पो0:– पुरनाडीह, थाना:– नवलशाही, जला:– कोडरमा। | 1,92,726.00 |
| **(थाना– चन्दवारा)** | | | | |
| 61 | कुर्की वारंट | 05/95-96 | श्री बासुदेव पासवान, पिता स्व0 ईश्वर पासवान, ग्राम मदनगुण्डी, थाना चन्दवारा, जिला कोडरमा। | 48,949.00 |
| **(थाना– जयनगर)** | | | | |
| 62 | कुर्की वारंट | 02/06-07 | मो0 आमीन खान, पिता– स्व0 आसीन खान, C/o मिनहाज खान, पिता– अब्दुल खान , ग्राम+पो0+थाना जयनगर ,जिला कोडरमा | 1,91,606.00 |
| **(थाना– अरवल, बिहार)** | | | | |
| 63 | कुर्की वारंट | 04/06-07 | मे0 शंकर स्टोन चिप्स, पार्ट0 श्री विन्देश्वर सिंह, पिता स्व0 रामेश्वर सिंह, ग्राम+पो0+ महमतपुर, थाना कुर्था, जिला– अरवल, बिहार। | 5,66,083.00 |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन), हजारीबाग के न्यायालय को सूचित करें।

ह0/–
नीलाम पत्र पदाधिकारी, खनन
हजारीबाग

PR 349266 Mines and Geology (24-25)_D

# पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक कल्चरल को भी जानना चाहिये : राधा तिर्की





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम कस्तुरबा विद्यालय सेन्हा और केजिबिवी पेशरार द्वारा संयुक्त रूप से कल्चरल कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की और विशिष्ट अतिथि सेन्हा प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी,पेशरार प्रखंड प्रमुख सीता देवी,विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव,मुखिया धनवाज उरांव द्वारा शुभारम्भ किया गया। केंद्रीय शिक्षा नीति के तहत कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा को पीएम श्री विद्यालय के रूप में मान्यता मिलने पर भारत श्रेष्ठ भारत के तहत छात्रओं और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कल्चरल कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की ने सम्बोधित करते हुए कहा की पढ़ाई के साथ सांस्कृति कल्चरल को जानना सीखना आवश्यक है। देश के अलग अलग राज्यों में भिन्न भिन्न तरह का खान पान और रहन सहन और बोली भाषा तथा सामाजिक सांस्कृति कल्चरल है। जिसे सीख कर हम सभी को अपनाना चाहिये। समाजिक कल्चरल के द्वारा ही शिक्षा का महत्व बढ़ता है। वही आयोजित कल्चरल कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान छात्रओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में राजस्थान, पंजाब, बिहार, एबंगाल, छतीसगढ़, झारखण्ड, आसाम, उड़ीसा सहित देश के विभिन्न राज्यों का सांस्कृति कल्चर को पेश किया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से देश के अलग अलग राज्यों का सांस्कृति कल्चर और रहन सहन वेश भूषा को दर्शाया गया। साथ ही मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्बोधित कर कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा को पीएम श्री विद्यालय का दर्जा मिलने पर शिक्षक शिक्षिका और छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य के लिये कामना किया गया। कार्यक्रम के अंत मे शिक्षक शिक्षिका व छात्रओं को और आये हुए मेहमानों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग से देवेन्द्र कुमार गिरी, मंसूर अंसारी के अलावे वार्डेन पूनम कुमारी, प्रेमदानी कुजूर, शिखा रानी, नीलिमा टेटे, जयमाला कुमारी, अलका लकड़ा, शाहिस्ता परवीन, प्रियंका एक्का, सोनी टोप्पो, शब्बा परवीन, पिंकी कुमारी, मीनू कुमारी, उर्मिला एक्का समेत अन्य शिक्षिका और सभी छात्राएं उपस्थित थे।

## डीसी ने की नियुक्ति समिति के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित बालक/ बालिकाओं के अनुश्रवण एवं योजना से जोड़ने की स्वीकृति हेतु अनुमोदन एवं सुरक्षा का स्थान, सिमडेगा में परीवीक्षा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति से संबंधित नियुक्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्पॉन्सरशिप योजना से जुड़े 149 बालक/ बालिकाओं की वस्तु-स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व से स्वीकृत 149 बालक/ बालिकाओं के भुगतान हेतु वर्तमान में पर्याप्त आवंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण SFCAC के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से उपलब्ध राशि 3,76,000/- (तीन लाख छिहत्तर हजार मात्र) से सूची कमांक 01 से 94 तक अंकित बालक/बालिकाओं को माह दिसम्बर 2024 तक निर्धारित राशि का भुगतान हेतु निर्णय लिया गया। वहीं शेष 55 बालक / बालिकाओं को आवंटन उपलब्ध होने के उपरांत माह दिसम्बर 2024 से अगामी माह तक का भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त महोदय ने भुगतान हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया। इसके पश्चात् स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़े जाने हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कुल 60 बालक/बालिकाओं की सूची प्राप्त हुई है जिसकी स्क्रूटनी उपरांत एस एफ सी ए सी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से संबंधित जानकारी SFCAC के सभी सदस्यों को दी गई। बैठक के दौरान सुरक्षा के स्थान पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई।

## भडगांव पंचायत ग्राम में प्राकृति पर्व सरहुल के अवसर पर आयोजित हुआ शोभायात्रा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के भडगांव पंचायत ग्राम में प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर बुधवार को पहान पुजार की अगुवाई में सामूहिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा से पूर्व आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार प्रकृति पर्व सरहुल पर साल वृक्ष की पूजा की गई। वही पूजन अनुष्ठान के दौरान समाज के कल्चर को अपनाते हुए पूरे विधिविधान के साथ विभिन्न रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही बताया जाता है कि केंद्रीय सरना समिति जिला इकाई की अगुआई में सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी छात्र संघ, राजी पड़हा समिति व अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर जिला सरहुल मनाया जाता है। और एक दूसरे को त्यौहार की बधाई दी जाती है। वही स्थानीय पाहन के द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक की पूजा पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। जिसे प्राकृति की पूजा से क्षेत्र में निवेश करने वाले सभी का सहयोग मिलता है। सरहुल पर्व के दौरान किसी प्रकार का कार्य नही किया जाता है। विशेष कर खेत में हल चलना, खोदाई का कार्य करना सहित अन्य प्रकार के कार्य पूर्ण रूप से बंद रहता है। मौके पर बंधनु पाहन, पुजार वासदेव भगत, समाजसेवी उदय उराँव, अजेल उराँव प्रकाश उरांव, रंथू उरांव, रविन्द्र उरांव, अदरा भगत, संदीप उरांव सुकेश्वर भगत सहित समस्त आदिवासी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारी अश्विनी कुजूर के आकस्मिक निधन से शोक

### सीएनआई चर्च में प्रार्थना के उपरांत कब्रिस्तान में किया गया अंतिम संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत जुरिया ग्राम निवासी झारखंड आंदोलनकारी तथा झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला अध्यक्ष एवं केन्द्रीय कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर (उम्र 57) का मंगलवार को देर रात्रि रिम्स रांची में निधन हो गया। बताया गया कि मंगलवार की शाम को तबीयत बिगड़ने पर रांची रिम्स में भर्ती कराया गया था। वे पिछले दो वर्षो से किडनी समस्या से जूझ रहे थे। उनका इलाज दिल्ली से चल रहा था। लेकिन बीते रात अचानक तबीयत बिगड़ गई, उसके बाद उन्हें रिम्स रेफर किया गया था। डॉक्टरों ने इलाज प्रारंभ किया, इसी बीच करीब 12:00 बजे रात में ही उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी शशि कुजू(50), एक पुत्र सेम अंशुल कुजूर (21) व पुत्री शना अभिलाषा कुजूर (16) समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार लोहरदगा सीएनआई चर्च में प्रार्थना के उपरांत कब्रिस्तान में की गई। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, महासचिव डॉ. अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, केन्द्रीय संयोजिका विनिता खलखो, ऐरेन कच्छप, जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार उरांव, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, आरीफ खान, उषा रानी लकड़ा, तारा मिंज, सुशीला लकड़ा, विलियम कुजूर, कृष्णा कुमार ठाकुर, चैतू मुंडा, गंगा उरांव, सहित बड़ी संख्या में परिजन व मसीही समाज के लोग मौजूद रहे। अश्विनी कुजूर जी के निधन पर दूरभाष पर लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने शोक संदेश दिया गया। साथ ही पूर्व विधायक रमेश उरांव, जिप सदस्य राधा तिर्की, जिप सदस्य शामिल उरांव, अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद समेत विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मालूम हो कि स्वर्गीय कुजूर ने झारखंड आंदोलन में बढ़-चढ़कर भूमिका निभायी थी। झामुमो व आजसू में कई पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभायी थी।

## जिला स्तरीय शान्ति समिति की हुई बैठक, आगामी पर्व त्यौहार को लेकर हुई विस्तार पूर्वक चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में सरहुल, ईद, रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गापूजा,चैती छठ 2025 के अवसर पर शांति समिति की बैठक हुई। शांति समिति की बैठक में सरहुल, ईद, रामनवमी पर्व एवं चैती दुर्गापूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इस वर्ष दिनांक-31/03/2025 एवं 01/04/2025 को ईद मनाया जायेगा। जिसमें निर्धारित मस्जिदों और ईदगाह में ईद का नमाज पढ़ा जाएगा। समिति के सदस्य ने बताया कि ईद-उल-फितर के दिन ईदगाह मोहल्ला सिमडेगा में 07:30 बजें, जामा मस्जिद टाउन, सिमडेगा में 7:00 बजें, गौसिया मस्जिद खैरनटोली 07:00 बजें, गरीब नवाज मस्जिद आजाद बस्ती में 08꞉00 बजें एवं रजा मस्जिद इस्लामपुर भट्ठीटोली में 08:30 नमाज की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अगर मौसम खराब रहने पर हकी मस्जिद आजाद बस्ती 7:30 बजें, मस्ज़िद खतिजुल्ल कुबरा खैरनटोली 7:30 बजें, मस्ज़िद बेलाल खैरनटोली 7:45 बजे, मस्जिद फातमा खैरन टोली 7:45, बजे, मदीना मस्जिद इस्लामपुर भट्ठी टोली 8:00 बजें, मक्का मस्जिद ईदगाह मोहल्ला। 8:00 बजें एवं मस्जिद द नूर खैरन टोली 8:00 बजें इन सभी मस्जिदों में भी नमाज होगी। वहीं दिनांक 01/04/2025 को सरहुल भी मनाया जायेगा। इस अवसर पर सलडेगा सरना स्थल से जुलूस निकाली जाएगी जो प्रिंस चौक, महावीर चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक जाएगी। इसके बाद जुलूस मुख्य पथों से गुजरते हुए पानी टंकी के निकट सरना स्थल पहुंचेगी, यहां पर कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया जाएगा। दिनांक 06/04/2025 को रामनवमी की जुलूस निकली जायेगी।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा द्वारा आगामी सरहुल महोत्सव पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक सम्पन्न



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को एम जी रोड स्थित सरना झखरा कुम्बा परिसर में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव की अगुवाई में आगामी सरहुल महोत्सव पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से सरहुल महोत्सव अनुशासित ढंग से शोभायात्रा एवं आदिवासी परम्परा रीति-रिवाज ढोल,नागड़ा वाद्ययंत्र के साथ पहनों द्वारा सरना स्थल में पूजा पाठ किया जाएगा। आने वाले पर्व त्योहार जैसे रामनवमी, सरहुल और ईद को देखते हुये सभी लोहरदगा जिलावासियों से अपील है कि सरहुल पर्व पूरे सादगी के साथ शोभायात्रा में शामिल अतिआवश्यक है। नशामुक्त शोभायात्रा को सफल बनाने में सहयोग करें। बैठक में मुख्य रूप से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा सचिव सुकेनदर उरांव, कोर कमिटी अध्यक्ष फूलदेव भगत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोर कमिटी सदस्य सुधु भगत, कृष्णा उरांव, ज्ञान मुण्डा, मनिष मुण्डा, संतोष उरांव, जयंती उरांव, नीलम उरांव, सुगी उरांव, बिसनी उरांव, आकाश भगत, मंगलदास भगत इत्यादि लोग मौजूद थे।

## भंडरा प्रखंड प्रमुख बरिया देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की हुई बैठक



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में प्रखंड प्रमुख बरिया देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, कल्याण, पशुपालन, कृषि, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा सहित सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी द्वारा सभी विभाग से क्रमवार रूप से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही बाल विकास योजना द्वारा संचालित मातृत्व वंदना, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना के लक्ष्य को अविलंब पूरा करने, लंबित अबूआ आवास, पीएम आवास योजना को पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश प्रखंड समन्वयक को दिया है। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करने का निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड प्रशासन सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। किसी भी क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलने में परेशानी होती है,तो उसकी सूचना अविलंब प्रखंड कार्यालय को देना सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराया जा सके। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार को मुआवजा हेतु आवेदन जमा होने की बात कही है। मौके पर मनीष अग्रवाल, रिंकी कुमारी, महिपाल उरांव, बिपता उरांव, रेहान आलम सहित प्रखंड के सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## घाघरा में रामनवमी जुलूस न निकालने का आदेश दुर्भाग्यपूर्ण : अनिल उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के हेंदलासो गांव में पंचायत अध्यक्ष सूरज लाल की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में समिति के जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर चर्चा हुई, साथ ही घाघरा में रामनवमी जुलूस न निकाले जाने को लेकर लोगों में खासी नाराजगी देखी गई। जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा 70 सालों से निकाली जा रही परंपरा को रोकना सही नहीं है। प्रशासन और सरकार की यह जिम्मेवारी है किसी की भी आस्था को ठेस न पहुंचे और आपसी सहमति से रामनवमी जुलूस निकालने का प्रयास करें।

## 30 मार्च से चैत्र नवरात्र नववर्ष की शुरुआत और देवी शक्ति की उपासना

### नवरात्रा जीवन में अच्छाई, शक्ति, समृद्धि और आत्मविश्वास का देता है संदेश : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है, जो हिन्दू कैलेंडर के अनुसार नववर्ष की शुरुआत भी मानी जाती है। यह समय विशेष रूप से मां दुर्गा की उपासना,शक्ति की आराधना और आत्मिक उन्नति का होता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को शाम 4.27 बजे से लेकर 30 मार्च को दोपहर 12.49 बजे तक रहने वाली है। उदिया तिथि के चलते,चैत्र नवरात्र की शुरुआत 30 मार्च को होगी और इसका समापन 6 अप्रैल को होगा।नवरात्रि का अर्थ है-नौ रातें, जिसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की आराधना होती है।चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होकर यह पर्व नौ दिन तक चलता है,जो भारतवर्ष में विभिन्न स्थानों पर अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्र का पर्व शक्ति की पूजा का प्रतीक है,जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। पहले दिन से लेकर नौवें दिन तक हर दिन एक देवी के रूप की पूजा की जाती है। इन रूपों में माँ शैलपुत्री, माँ ब्रह्मचारिणी, माँ चंद्रघंटा, माँ कुष्मांडा, माँ स्कंदमाता, माँ कात्यायनी, माँ कालरात्रि, माँ महागौरी और माँ सिद्धिदात्री प्रमुख हैं। प्रत्येक देवी के रूप में विशिष्ट ऊर्जा और शक्ति का वास माना जाता है, और इनकी उपासना से भक्तों को मानसिक शांति, आत्मविश्वास, तथा जीवन में हर तरह की समृद्धि प्राप्त होती है।चैत्र नवरात्र का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी विशेष है। बल्कि यह हमारे जीवन में आत्मविश्वास शक्ति और शांति लाने का काम भी करता है यह पर्व समाज को एकजुट करता है और नारी शक्ति के प्रतीक रूप में देवी दुर्गा की पूजा का महत्व बढ़ाता है इसके माध्यम से हम अपने जीवन को सकारात्मक ऊर्जा और साहस का संचार कर सकते हैं। यह पर्व विशेष रूप से नववर्ष की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है, जहां लोग अपने जीवन को नए दृष्टिकोण से जीने का संकल्प लेते हैं। नवरात्र के दौरान व्रत,उपवास, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और संकल्पों का आयोजन होता है। विशेष रूप से इस समय व्रति लोग सात्विक आहार,योग और ध्यान का पालन करते हैं, जिससे शरीर और मन की शुद्धि होती है।नवरात्र के दौरान अनेक स्थानों पर देवी दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं की पूजा की जाती है। यह समय धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी होता है,जहाँ लोग देवी के गुणों का गुणगान करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से पूजा करते हैं। इस दौरान विशेष रूप से गरबा,डांडिया और अन्य पारंपरिक नृत्य-गायक संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। चैत्र नवरात्र का पर्व एक अद्भुत अवसर है,जब हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए देवी दुर्गा से आशीर्वाद मांगते हैं। यह पर्व जीवन में अच्छाई, शक्ति, समृद्धि और आत्मविश्वास की स्थापना करने का संदेश देता है।

## राज्य स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुटमु द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निदेशक, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2025 का आयोजन दिनाँक 24.03.2025 को हजारीबाग में किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत नवाचार को बढ़ाना है। ताकि छात्रों को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा सके। प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों सहित कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में जिला लोहरदगा के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा के कुक्स द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला का नाम पूरे राज्य में लाया गया। द्वितीय राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा (सुमन उराँव और टीम) उपविजेता को रु 5000.00 की प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी रसोईया सह सहायिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कमना किये। विजेता टीम को जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा अभिजीत कुमार द्वारा बुके देकर

# उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय की हुई बैठक कहा

## राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षा योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज बुधवार को जिला विकास समन्वय की बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन बढ़ाने लिए योजनाओं की पूर्णता में वृद्धि करने,प्रत्येक गांव में योजनाओं का औसत बढ़ा कर सात से दस तक ले जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीणों को काम देने का निर्देश दिया गया। एसटी/एससी व महिलाओं का मानव दिवस सृजन का प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप के संबंध में निर्देश दिया गया कि यह योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षा योजनाओं में एक है। योजनाओं की जांच करें कि वह वास्तव में संचालित हैं या नहीं। मनरेगा अंतर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, एरिया अफसर एप में इंट्री, पशु शेड आदि की समीक्षा की गई। आवास योजनाओं में लाभुकों की जांच हो जाने के उपरांत चरणबद्ध उन्हें किश्त की राशि का भुगतान किये जाने का निर्देश दिया गया। आवास योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बाबा साहब भीमराम अंबेडकर आवास योजना, पीएमजनमन योजना की समीक्षा की गई। आवास प्लस सर्वे 2.0 में योग्य लाभुकों को जोड़े जाने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस अंतर्गत फूलो झानो से लाभान्वित महिलाओं, एसएचजी लिंकेज, रिवॉल्विंग फण्ड, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की समीक्षा की गई। ग्रामीण स्वराज्य संस्थान के निदेशक को प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कुष्ठ रोगियों, सांप काटने, कुत्ता द्वारा काटे जाने, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, मोतियाबिंद रोगियों का इलाज आदि की समीक्षा की गई। आइटीडीए अंतर्गत धुमकुड़िया, बिरसा आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, वन अधिकार अधिनियम, आवास विद्यालयों की मरम्मति व उनका जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री पशुधन योजनाओं की समीक्षा की गई और निर्देश दिये गये। भवन निर्माण विभाग द्वारा नया समाहरणालय भवन को हैण्डओवर कराने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, भूमि संरक्षण, मत्स्य, सहकारिता, पशुपालन, गव्य विकास, डीएमएफटी आदि की समीक्षा की गई। आज की बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी,सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला समन्वयक पीएमएवाई, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### अनिल टाइगर की हत्या की घटना अत्यंत निंदनीय : सुबोधकांत सहाय

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कांके निवासी रांची के पूर्व जिला परिषद सदस्य व समाजसेवी अनिल टाइगर की हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। श्री सहाय ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अनिल टाइगर सर्वप्रथम एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार जिस प्रकार आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के प्रति सक्रियता से जुटी है, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार इस हत्याकांड की घटना का भी उद्भेदन यथाशीघ्र करने की दिशा में राज्य सरकार तत्परता दिखाए। सहाय ने कहा कि भाजपा द्वारा इस हत्याकांड को राजनीतिक रंग देने की साजिश की जा रही है, यह शर्मनाक है। अनिल टाइगर राजनीति से जुड़े जरूर थे, लेकिन राजनीति से परे उठकर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते थे। सभी वर्ग और समुदाय के बीच वह लोकप्रिय थे। श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### सहिया सम्मेलन सह सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** सदर अस्पताल परिसर सभागार में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सम्मान समारोह सह नियोजित परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार , राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकाई मिंज, डॉ मनीर अहमद , राज्य परामर्शी (परिवार नियोजन कोषांग) गुंजन खलखो, डॉ असीम मांझी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार, डीपीसी प्रीति चौधरी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी , सहिया व अस्पताल कर्मचारी शामिल हुए द्य कार्यक्रम का शुरुआत सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार एवं अन्य पदाधिकारी के द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डीपीसी प्रीति चौधरी ने सहिया कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी द्यसिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा सहिया समुदाय में काफी सराहनीय कार्य कर रही है। सदर अस्पताल में बहुत सारी स्वास्थ्य सुविधा जनमानस के लिए उपलब्ध है। सहिया दीदी समुदाय के लोगों को इसके बारे में जागरूक करें ताकि लोगों को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेद्य हमारे यहां अभी सर्वाइकल और न्यूरो सर्जरी को लेकर की भी सुविधा प्रारंभ की गई है जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल रहा है । अब लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ रहा है , सभी सुविधा हमारे सदर अस्पताल में उपलब्ध हैद्य राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकाई मिंज ने कहा कि एनएचएम गतिविधि के दो मुख्य रूप हैं पहला संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा लोगों को प्रदान करना जिसमें राज्य एवं जिला स्तर के टीम का बहुत बड़ा योगदान है । वही दूसरा समुदाय को जागरुक कर लोगों को इन सुविधा को लेने हेतु उन्हें सशक्त करना और उन्हें प्रेरित करना द्य इस कार्य में सहिया दीदी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

# महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला स्मार्ट फोन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** केन्द्र प्रायोजित पोषण अभियान योजनान्तर्गत जिले के कुल 09 परियोजनाओं के 1330 आंगनबाड़ी केन्द्रों के सेविकाओं तथा 50 महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए स्मार्टफोन वितरण को लेकर नीलाम्बर-पीताम्बर बहुद्देशीय सांस्कृतिक नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकाओं को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद द्वारा जिले के विभिन्न परियोजनाओं के समस्त महिला पर्यवेक्षिकाओं व आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक-एक स्मार्ट फोन प्रदान किये गयें। स्मार्टफोन पा कर सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण के पश्चात परियोजनाओं अंतर्गत विभिन्न संचालित कार्यों को करने में काफी आसानी होगी। अब महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा अपने दायित्वों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रम आधार वेरीफिकेशन, फेस रिकॉग्निशन, सीबीई एक्टिविटी, इंसेंटिव, मेजरिंग एफिशिएंसी, हाउस विजिट, इंफ्रास्ट्रक्चर डाटा एंट्री एवं एसएएमध्एमएएम इत्यादि कार्य आसानी पूर्वक कर सकेंगे। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका प्रतिमा कुमारी, गीता कुमारी, विद्यावती कुमारी समेत जिला अंतर्गत सभी परियोजनाओं के महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थें।

## सीएम हेमंत सोरेन ने मैच में दिखाया दम, जयराम को किया आउट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएससीए स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री एकादश एवं विधानसभा अध्यक्ष एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की टीम विजय रही। हेमंत सोरेन ने ग्राउंड में आते ही डुमरी विधायक जयराम महतो को आउट कर दिए। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मैन आफ द मैच बने।

## आयकर अधिकारी बनकर प्रमोटर के घर लूट, सात गिरफ्तार



**एजेंसी**

**कोलकाता :** फिल्मों में नकली अधिकारियों द्वारा छापेमारी कर लूट की कई कहानियां देखी गई हैं, लेकिन कोलकाता में यह हकीकत बन गई। एक प्रमोटर के घर पर आयकर अधिकारी बनकर पहुंचे सशस्त्र सीमा बल (सीआईएसएफ) के एक इंस्पेक्टर और चार कांस्टेबलों सहित कुल सात लोगों ने लाखों रुपये नकद और सोने के गहने लूट लिए। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, यह घटना 18 मार्च की रात करीब दो बजे की है। कोलकाता के चिनार पार्क इलाके में स्थित एक मृत प्रमोटर के घर में नकली आयकर अधिकारी बनकर कुछ लोग पहुंचे। उन्होंने दरवाजे की घंटी बजाई, और जैसे ही घरवालों ने दरवाजा खोला, आरोपित अंदर घुस गए। सबसे पहले, उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल फोन छीन लिए और फिर प्रमोटर की मां के कमरे में घुसकर सर्च के बहाने लूटपाट की। आरोप है कि उन्होंने तीन लाख रुपये नकद और 20 तोला सोना लूट लिया।हालांकि, आरोपितों ने प्रमोटर की सौतेली मां आरती सिंह के कमरे में जाने के बावजूद वहां से कुछ नहीं लिया। लेकिन, उन्होंने जबरदस्ती उनसे एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवा लिए।इस घटना के बाद, मृत प्रमोटर की बेटी ने बागुईआटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपितों द्वारा इस्तेमाल की गई गाड़ी की पहचान की और उसके चालक दीपक राणा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तभी इस पूरी साजिश का खुलासा हुआ और सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सेना ने किया व्याख्यान का आयोजित



**एजेंसी**

**पुंछ :** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती गांवों के लोगों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान करने के लिए एक व्याख्यान आयोजित किया।

दुपारिया खानेतर के स्थानीय लोग मुख्य रूप से स्थानीय समुदायों से हैं जो आमतौर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अपरिचित होते हैं।व्याख्यान के दौरान स्थानीय लोगों को टीकाकरण योजनाओं, तेजस्वनी योजनाओं, किशोर शक्ति योजना, जननी सुरक्षा योजना, हिमायत-दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, लाडली बेटी योजना, एकीकृत सामाजिक सुरक्षा योजना-वृद्धावस्था पेंशन, गाद हंजियों को वित्तीय सहायता, राष्टीय सांप्रदायिक सद्भाव फाउंडेशन के तहत हिंसा के शिकार बच्चों को वित्तीय सहायता, एकीकृत भेड़ विकास योजना, राइज टुगेदर, गरीब लड़कियों के लिए राज्य विवाह सहायता योजनाओं, एकीकृत सामाजिक के बारे में शिक्षित किया गया।सुरक्षा योजना, नेत्रहीनों के लिए आवासीय विद्यालय, नारी निकेतन, महिला व्यावसायिक केंद्र, आसरा योजना, अंशदायी सामाजिक सुरक्षा योजना, प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम), प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, अटल पेंशन योजना, सर्व शिक्षा अभियान, प्रधान मंत्री किसान मान धन योजना और प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।

# मातृत्व योजना के लिए धन की भारी कमी सोनिया ने केंद्र सरकार से पूछे तीखे सवाल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को गर्भवती महिलाओं को मातृत्व लाभ देने वाली प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) में धन की कमी को लेकर केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि मातृत्व योजना के लिए आवंटित धन में भारी कमी है, जिससे योजना के लाभार्थियों को उनके अधिकारों में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसा क्यों होने दिया गया ? राज्यसभा में सोनिया गांधी ने बताया कि 2013 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गर्भवती महिलाओं को 6,000 रुपये के मातृत्व लाभ का अधिकार मिला था। उन्होंने कहा कि इस अधिकार को 2017 में पीएमएमवीवाई के तहत लागू किया गया। लेकिन अब पीएमएमवीवाई के तहत पहले बच्चे के लिए केवल 5,000 रुपये दिए जा रहे हैं, और यह लाभ केवल तब दिया जाता है जब दूसरा बच्चा लड़की हो। साथ ही सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि 2022-23 में लगभग 68 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को पहले बच्चे के लिए पीएमएमवीवाई की कम से कम एक किस्त मिली, लेकिन अगले साल यह संख्या घटकर केवल 12 प्रतिशत रह गई। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने इसे क्यों होने दिया। इसके अलावा, सोनिया गांधी ने केंद्रीय बजट दस्तावेजों में पीएमएमवीवाई के लिए अलग से कोई प्रावधान न होने पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मातृत्व लाभ के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए लगभग 12,000 करोड़ रुपये के बजट की आवश्यकता है, लेकिन पीएमएमवीवाई के लिए बजट दस्तावेजों में कोई अलग जानकारी नहीं दी गई है।इसके साथ ही सोनिया गांधी ने यह भी बताया कि 2025-26 के लिए सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत पीएमएमवीवाई को केवल 2,521 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो कि बेहद कम है। इस पर उन्होंने कहा कि यह संसद द्वारा पारित कानून के प्रमुख प्रावधानों का उल्लंघन है। बता दें कि बजट सत्र में राज्यसभा की मौजूदा बैठक में यह दूसरी बार है जब सोनिया गांधी ने कोई मुद्दा उठाया है। इससे पहले उन्होंने 18 मार्च को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के तहत रोजगार गारंटी को कमजोर करने पर चिंता जताई थी।

### सचिव ने किया चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण

**बीकानेर :** शासन सचिव पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी डॉ. समित शर्मा ने बुधवार को राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के क्लिनिकल कॉम्पलेक्स का दौरा एवं निरीक्षण किया। प्रति-कुलपति एवं अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय प्रो. हेमन्त दाधीच ने बताया कि शासन सचिव ने वेटरनरी महाविद्यालय के विभिन्न शल्य चिकित्सा इकाई में सी.टी. स्कैन, सोनोग्राफी यूनिट, एक्सरे यूनिट, छोटे एवं बड़े पशुओं के ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया एवं विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियों की जानकारी हासिल की। डॉ. समित शर्मा ने वेटरनरी विश्वविद्यालय में उपलब्ध चिकित्सकीय संसाधन एवं सुविधाओं अधिक से अधिक आमजन में प्रसार एवं प्रचार का सुझाव दिया ताकि ताकि अधिक पशुपालक रोग निदान एवं चिकित्सा पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो और संसाधनों के समुचित उपयोग से ज्यादा से ज्यादा पशुपालकों को चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# सिंचाई की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना



**एजेंसी**

**सिरसा :** नहरी पानी की सप्लाई सुचारू करने की मांग को लेकर हरियाणा किसान मंच के बैनर तले जिलाभर के किसानों ने बुधवार को सिंचाई विभाग कार्यालय में धरना दिया।धरने को संबोधित करते हुए हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष गुरदीप सिंह झिड़ी कहा कि हरियाणा किसान मंच की ओर से लंबे समय से किसानों के लिए नहरी पानी की सप्लाई सरकार के शैड्यूल मुताबिक देने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ समय से विभाग की ओर से नहरी पानी की सप्लाई में कटौती की गई है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही है।

किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी वे दो बार विभाग के कार्यालय में पड़ाव डालकर समस्या से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

इस मौके पर किसान नेता सुरजीत सिंह बेगू ने कहा कि सरकार किसानों के साथ वायदाखिलाफी कर रही है। सरकार नहीं चाहती कि किसानों को उनकी फसलों के उचित भाव मिले और नहरी पानी मिले। सरकार किसान व किसानी को खत्म करना चाहती है, लेकिन देश का किसान इतना कमजोर नहीं है। धरने के बाद किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षक अभियंता से मुलाकात की। अधीक्षक अभियंता ने आश्वासन दिया कि 20 अप्रैल को नहरों में पानी आएगा और 16 दिन पानी दिया जाएगा। वहीं किसानों ने कहा कि शैड्यूल के मुताबिक सप्लाई नहीं दी गई तो 28 अप्रैल से सिंचाई विभाग कार्यालय में पक्का धरना लगाया जाएगा।

## अपने टोली के साथ मुंबई गणपति मंदिर पहुंचे आनंद शंकर, अविनाश वर्मा ने दिया साधुवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने गत दिनों निजी भ्रमण के दरमियान देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले मुंबई शहर के प्रसिद्ध मंदिर श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में पूजा अर्चना कर अपनों के सुख शांति की कामना की।

विदित हो कि अपने करीबियों और मित्रों के साथ धार्मिक और पर्यटन स्थल का भ्रमण करने और कराने में सदैव तत्पर रहने वाले पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई आनंद शंकर के नेतृत्व में दोस्तों की टोली मुंबई और शिरडी जा कर क्षेत्रवासियों के साथ अपनों के खुशहाली कि कामना की।

भ्रमण यात्रा के बीच समय निकालकर अविनाश वर्मा ने मंदिर स्थल और मंदिर के इतिहास के संदर्भ में प्राप्त जानकारी पर कहा कि यह मंदिर देश के अन्य मंदिरों के साथ पूरे सनातन धर्म प्रेमियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उक्त पूरे परिसर में श्रद्धालुओं हेतु सुरक्षा के साथ फूल, प्रसाद और स्वच्छता का भरपूर ख्याल रखा जाता है, जो मंदिर कमेटी के समर्पण एवं सभी सरकारों के जागरूकता का प्रतीक भी है। आनंद शंकर के नेतृत्व में इस टोली ने शिरडी में स्थापित श्री साइन बाबा के मंदिर के साथ शनि सिंगापुर स्थित शनि महाराज के मंदिर का भी दर्शन किया जो टोली में शामिल सभी लोगों के लिए अविस्मरणीय यात्रा के रूप में अंकित हो गया। मित्रों की इस भ्रमण यात्रा में मुख्य रूप से चेंबर के वरिष्ठ सदस्य राजदेव उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील गुप्ता और सहयोगी के रूप में रामु प्रजापति मुख्य रूप से शामिल थे जहां सभी लोगों ने आनंद शंकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उक्त स्थलों के दर्शनार्थ हेतु उन्हें साधुवाद दिया।

### पोर्टल पर लगेगी सफाई कर्मचारियों की हाजरी

**फरीदाबाद :** नगर निगम सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने बुधवार को सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द कर्मचारियों की माँगो पर अमल कर उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास और सफाई कर्मचारियों की यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात बुधवार को सकारात्मक रही। बैठक में कमिश्नर ने कर्मचारियों की उचित मांगों को लेकर चर्चा की और कर्मचारियों को जल्द से जल्द उनके एजेंडा को पूरा करने का आश्वासन दिया।बैठक में यूनियन के कर्मचारियों ने भी कमिश्नर को आश्वासन दिया की उनके कर्मचारी साथी पूरी मेहनत और लग्न के साथ कार्य करेंगे । बैठक में पोर्टल पर हाजरी लगाने की बात पर सहमति बनी और अब आगे भी सफाई कर्मचारियों की हाजरी पोर्टल पर ही लगेगी।

# राजस्थान का किसान दुनिया भर में आदर्श बने : मुख्यमंत्री शर्मा



**एजेंसी**

**बीकानेर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें।शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को राजस्थान दिवस तथा भारतीय नववर्ष 2082 की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा प्रदेशवासी धूमधाम से राजस्थान दिवस मनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है। किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं। किसानों की मेहनत से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है तथा विश्व में हम एक अग्रणी कृषि शक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सूरज की तपती धूप, कड़ाके की सर्दी तथा बारिश की बौछार में भी खेतों में खड़े रहकर सिंचाई करते हैं और रखवाली करते हैं। किसानों का यह त्याग और समर्पण अप्रतिम है। बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चैक वितरण किए गए।